राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात: किरण

दिल्ली एवं पटना दिल्ली से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 धोनी पर मैच फिक्सिंग का आरोप...

ब्रिटिश प्रधानमंत्री सुनक का इंटरव्यू में... 12

वर्ष : 14 | अंक : 264 | नई दिल्ली, मंगलवार, 06 फरवरी, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

# योगी सरकार ने पेश किया यूपी में अब तक का सबसे बड़ा बजट, 7,36,437.71 करोड़ का

## धार्मिक पर्यटन पर सरकार का विशेष फोकस

प्रात: किरण/एजेंसी

लखनऊ। उत्तरप्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने वित्तीय वर्ष 2024-25 का वार्षिक बजट पेश किया। सोमवार को विधानसभा में प्रस्तुत बजट प्रदेश के इतिहास में अबतक का सबसे बड़ा बजट है। बजट का आकार 7 लाख 36 हजार 437 करोड1 71 लाख रुपये (7,36,437.71 करोड़ रुपये) है।

योगी सरकार के बजट में पुलिस को 755 करोड़ रुपये दिए गए हैं। नई योजनाओं के तहत पीएसी बल को मजबूत करने के लिए 20 करोड़ रुपये दिए गए है। इसके अलावा एसटीएफ और साइबर क्राइम थानों के लिए नए वाहनों की खरीद होगी। दरअसल, पीएसी की 24 कंपनियां क्रियाशील होने के दृष्टिगत कुल 120 नए वाहनों की खरीद होनी है। इसके लिए वित्तीय वर्ष 2025-25 में 20 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा प्रदेश के नवगठित 18 परिक्षेत्रीय साइबर क्राइम थानों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए नए वाहनों की खरीद होनी है। इसके लिए 5.97 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। इसी तरह एसटीएफ के लिए तीन इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद के लिए 57 लाख रुपये दिए गए हैं।



वहीं उत्तर प्रदेश में वर्ष-2023 में जनवरी से अक्टूबर तक 37 करोड़ 90 लाख से अधिक पर्यटक आए, जिसमें भारतीय पर्यटकों की संख्या लगभग 37 करोड़ 77 लाख एवं विदेशी पर्यटकों की संख्या लगभग 13 लाख 43 हजार है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी अयोध्या में दीपोत्सव का आयोजन वृहद स्तर पर होगा। इस मौके पर राम की पैड़ी पर 22 लाख 23 हजार दीप जलाकर गिनीज रिकार्ड बनाया गया। अयोध्या, वाराणसी, चित्रकूट, लखनऊ, विन्ध्याचल, प्रयागराज, नैमिषारण्य, गोरखपुर, मथुरा, बटेश्वर धाम, गढ़मुक्तेश्वर, शुकतीर्थ धाम, माँ शाकुम्भरी देवी, सारनाथ एवं अन्य महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों का पर्यटन विकास एवं सौन्दर्यीकरण हो रहा हैं। मुख्यमंत्री पर्यटन विकास सहभागिता योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के प्रत्येक विधान सभा क्षेत्र में एक पर्यटन स्थल को विकसित करने की योजना पर काम चल रहा है। वित्त मंत्री ने कहा कि जनपद मिजार्पुर में विन्ध्याचल स्थित त्रिकोणीय क्षेत्र में मां विन्ध्यवासिनी मंदिर, मां अष्टभुजा मंदिर, मां कालीखोह मंदिर को जोड़ने वाले त्रिकोण संरेखण में आने वाले परिक्रमा मार्गों एवं जन सुविधाओं के उन्नयन हेतु कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। महाकुम्भ, 2025 के तहत विभिन्न कार्यों हेतु 100 करोड़ रुपये की बजट व्यवस्था प्रस्तावित है। निषाद राज गुहा सांस्कृतिक केन्द्र, श्रृंगवेरपुर की स्थापना हेतु 14.68 करोड़ रुपये, जनपद आजमगढ़ के हरिहरपुर में संगीत महाविद्यालय की स्थापना हेतु 11.79 करोड़ रुपये तथा महर्षि वाल्मीकि सांस्कृतिक केन्द्र चित्रकूट की स्थापना हेतु 10.53 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। अन्तर्राष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान अयोध्या हेतु 10 करोड़ रुपये प्रस्तावित है। धार्मिक नगरियों को ऐसा किया फोकस वित्त मंत्री खन्ना ने कहा कि श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर से गंगा नदी तक के मार्ग के विस्तारीकरण/सौन्दर्यीकरण के पश्चात श्रद्धालुओं की संख्या में 4 से 5 गुना वृद्धि हुई है। जनपद अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण कार्य के दृष्टिगत पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं की संख्या में सम्भावित वृद्धि के दृष्टिगत 03 पहुंच मार्गों का चैड़ीकरण/सौन्दर्यीकरण का कार्य एवं 6 स्थानों पर पार्किंग तथा जन सुविधाओं का विकास कार्य किया जा रहा है।

अधिकतम तापमान 16°C
न्यूनतम तापमान 12°C

**बाजार**

सोना 64,435

चांदी 78,800

सेंसेक्स 71,721

निफ्टी 21,771

# कांग्रेस 10 सालों में विपक्ष का दायित्व भी ढंग से नहीं निभा पाई : पीएम मोदी

प्रात: किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा में कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि विपक्षी नेताओं ने जिस तरह का भाषण दिया है, उससे स्पष्ट नजर आ रहा है कि विपक्ष ने दशकों तक विपक्ष में ही बैठने का संकल्प ले लिया है और विपक्ष की इस हालत के लिए कांग्रेस जिम्मेदार है। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर लोकसभा में हुई चर्चा का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने सदन में कहा कि विपक्ष ने जो संकल्प लिया है, उसकी सराहना करता हूं, उनके भाषण की एक-एक बात से मेरा और देश का विश्वास पक्का हो गया है कि इन्होंने लंबे अरसे तक वहां रहने का संकल्प ले लिया है। उन्होंने कहा कि आप जैसे दशकों तक यहां बैठे थे, उसी तरह से दशकों तक वहां बैठेंगे। जनता-जनार्दन तो ईश्वर का रूप होती है और आप लोग जिस तरह से इन दिनों मेहनत कर रहे हैं, मैं पक्का मानता हूं कि ईश्वर रूपी जनता-जनार्दन आपको पक्का आशीर्वाद देगी और आप अगले चुनाव में दर्शक दीर्घा में जरूर दिखेंगे।

प्रधानमंत्री ने बिना नाम लिए गांधी परिवार पर निशाना साधते हुए कहा कि आज सुनने में आ रहा है कि विपक्ष में से बहुत लोग चुनाव लड़ने का हौसला भी खो चुके हैं। बहुत से लोगों ने पिछली बार भी सीट बदली थी, बहुत से लोग इस बार भी बदलना चाहते हैं और उन्होंने सुना है कि कुछ लोग लोकसभा चुनाव लड़ने की बजाय अब राज्यसभा जाना चाहते हैं। कांग्रेस पर तीखा हमला जारी रखते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आज विपक्ष की जो हालत हुई है, उसकी सबसे बड़ी दोषी कांग्रेस पार्टी है। कांग्रेस 10 सालों में विपक्ष का दायित्व भी ढंग से नहीं निभा पाई। विपक्ष के बाकी नेताओं को भी बढ़ने नहीं दिया। उन्होंने कहा कि देश को एक अच्छे और मजबूत विपक्ष की जरूरत है। लेकिन, एक ही प्रोडक्ट को बार-बार लॉन्च करने के कारण अब कांग्रेस की दुकान पर ताला लगने की नौबत आ गई है। विपक्षी बेंच की तरफ से उठ रहे सवालों पर प्रधानमंत्री ने राजनीति में परिवारवाद की परिभाषा को साफ करते हुए कहा कि इसके कारण ही अधीर रंजन चौधरी की यह हालत है, खड़गे इस सदन से उस सदन चले गए और गुलाम नबी आजाद ने तो पार्टी ही छोड़ दी। उन्होंने विपक्ष के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि ना राजनाथ सिंह की कोई पॉलिटिकल पार्टी है ना अमित शाह की कोई पार्टी है, ये साधारण परिवार से आते हैं। पीएम मोदी ने कहा कि संसद के इस नए भवन में राष्ट्रपति हम सबको संबोधित करने के लिए आईं। जिस गौरव और सम्मान के साथ सेंगोल पूरे प्रोसेशन का नेतृत्व कर रहा था और हम सब उसके पीछे-पीछे चल रहे थे। नए सदन में ये नई पंरपरा भारत की आजादी के उसी पवित्र पल का प्रतिबिंब, जब साक्षी बनता है तो लोकतंत्र की गरिमा कई गुना ऊपर चली जाती है। पीएम मोदी ने कहा, 75वां गणतंत्र दिवस, इसके बाद संसद का नया भवन, सेंगोल की अगुवाई, ये सारे दृश्य अपने आप में बहुत ही प्रभावी थे।



# मोदी सरकार ने नौ वर्ष में 100 लाख करोड़ रुपये का कर्ज लिया : संदीप पाठक

प्रात: किरण/एजेंसी



नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के सदस्य संदीप पाठक ने सोमवार को राज्यसभा में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने पिछले नौ वर्षों में 100 लाख करोड़ रुपये का कर्ज लिया है जबकि 67 वर्षों में 14 प्रधानमंत्रियों की सरकारों ने 55 लाख करोड़ रुपये का कर्जा लिया है। श्री पाठक ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर आज धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में हिस्सा लेते यह बात कही।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में 45 वर्षों में विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी सबसे ज्यादा है। उन्होंने कहा कि वह जब भी बेरोजगारी के बारे में सरकार से सवाल करते हैं तो यही जवाब मिलता है कि यह सतत प्रक्रिया है और मिशन मोड में काम चल रहा है।

उन्होंने कहा कि सरकार बार-बार एक भारत श्रेष्ठ भारत का नारा देती है, लेकिन इसके लिए पर्याप्त कार्य नहीं हो रहा है और इससे लगता है कि कहीं यह ह्यस्लोगनह्ल न बनकर रह जाये। उन्होंने कहा कि रेलवे में सुधार के बजाय सरकार ने कुछ चुनिंदा योजना चलाकर चमकती तस्वीर पेश करने की कोशिश की है। श्री पाठक ने कहा कि देश को श्रेष्ठ बनाने के लिए रामराज्य की परिकल्पना को धारण करना होगा और इसके लिए संस्थागत सुधार सबका मिलकर कार्य करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि अमृतकाल की संभावनाएं अपार हैं, लेकिन क्या इसके लिए पर्याप्त कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि श्रेष्ठ भारत तभी बनेगा जब सभी को हर क्षेत्र में समान अवसर मिलें। उन्होंने कहा कि सरकार पैच वर्क कर रही है कुछ पैसा इधर लगाया कुछ उधर लगाया, लेकिन सब कुछ करने के चक्कर में देश विकसित नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था की स्थिति का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि लोगों की आय कितनी है, खर्च कितना है और बचत कितनी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रति व्यक्ति आय के मामले में भारत बहुत पीछे है। महंगाई इतनी ज्यादा है कि हर व्यक्ति की थाली में समान भोजन नहीं है। खाद्य महंगाई नौ प्रतिशत के आस पास है। उन्होंने कहा कि कमाई थोड़ी बढी है और महंगाई बहुत ज्यादा बढ गयी है इसी से महंगाई का अंदाजा लगाया जा सकता है।

## संक्षिप्त खबरें

### संकट से निकली चंपाई सरकार, बहुमत परीक्षण पास किया

रांची। झारखंड में नई चंपाई सोरेन सरकार ने बहुमत परीक्षण पास कर लिया है। सोमवार को विधानसभा में हुए बहुमत परीक्षण में कुल 47 विधायकों ने चंपाई सरकार के पक्ष में मतदान किया, जबकि विपक्ष में 29 वोट पड़े। जबकि सरयू राय तटस्थ रहे, वहीं निर्दलीय अमित यादव विधानसभा नहीं पहुंचे थे। कथित जमीन घोटाले में गिरफ्तार किए गए पूर्व सीएम हेमंत सोरेन ने भी बहुमत परीक्षण में हिस्सा लिया। उन्होंने विश्वास मत पर चर्चा में भी हिस्सा लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर आक्रामक अंदाज में हमला किया। झारखंड विधानसभा में झामुमो-कांग्रेस-राजद गठबंधन के 47 विधायक हैं, चंपाई सरकार को सीपीआईएमएल (एल) के एक विधायक का बाहर से समर्थन प्राप्त है। वहीं, भाजपा के पास 26 विधायक हैं। आजसू के तीन और एनसीपी के एक विधायक हैं। सत्तारूढ़ गठबंधन को आशंका थी कि भाजपा उनके विधायकों की खरीद-फरोख्त कर सकती है, इसके बाद दो फरवरी को दो उड़ानों से करीब 38 विधायक कांग्रेस शासित राज्य तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद चले गए थे।

## लोकतंत्र की हत्या नहीं होने देंगे : चंडीगढ़ मेयर चुनाव पर सुप्रीम कोर्ट

प्रात: किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को चंडीगढ़ नगर निगम के मेयर चुनाव के लिए नियुक्त रिटर्निंग ऑफिसर से कहा, हम इस तरह लोकतंत्र की हत्या नहीं होने देंगे। इंडिया गठबंधन के मेयर पद के उम्मीदवार कुलदीप कुमार द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कड़े शब्दों में कहाः कृपया अपने रिटर्निंग अधिकारी को बताएं कि सुप्रीम कोर्ट उन पर नजर रख रहा है। पीठ में न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे। कुमार ने पीठासीन अधिकारी पर मतगणना प्रक्रिया में



धोखाधड़ी और जालसाजी का सहारा लेने का आरोप लगाया था। आम आदमी पार्टी पार्षद का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी द्वारा पेनड्राइव में दिए गए सीसीटीवी फुटेज को देखने के बाद पीठ ने कहाः यह लोकतंत्र का मजाक है। लोकतंत्र की हत्या हो रही है। क्या यह एक रिटर्निंग अधिकारी का व्यवहार है, जो कैमरे की ओर देखता है और मतपत्र को विकृत करता है? पीठ ने कहा, यह स्पष्ट है कि उसने मतपत्रों को विकृत कर दिया। इस व्यक्ति पर मुकदमा चलाया जाना चाहिए। पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय द्वारा मेयर पद के लिए 30 जनवरी को हुए चुनाव परिणामों पर रोक लगाने से इनकार करने के बाद आप और कांग्रेस के संयुक्त उम्मीदवार कुलदीप कुमार ने शीर्ष अदालत में याचिका दायर की है। उच्च न्यायालय के समक्ष अपनी याचिका में, उन्होंने अभ्यास और नियमों को पूरी तरह से छोड़ने का आरोप लगाते हुए कहा कि पीठासीन अधिकारी ने पार्टियों के उम्मीदवारों को वोटों की गिनती की निगरानी करने की अनुमति देने से इनकार कर दिया।

### वाहनों में डेश कैमरा को अनिवार्य करने की मांग उठी राज्यसभा में

नई दिल्ली। दिनों दिन बढ़ती दुर्घटनाओं और उनके कारण बढ़ते मुकदमों का बोझ कम करने के लिए आज राज्यसभा में वाहनों में डेश कैमरे को अनिवार्य बनाने की मांग की गयी। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की डा. फौजिया खान ने सोमवार को सदन में शून्यकाल के दौरान यह मामला उठाया। उन्होंने कहा कि हिट एंड रन मामलों में डेश कैमरा को कार निमार्ताओं के लिए अनिवार्य किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस कैमरे में दुर्घटना की स्थिति में घटना की रिर्काडिंग हो जाती है और इससे दुर्घटना के बारे में पुख्ता सबूत मिल सकेंगे। एमडीएमके के वाइको ने बाढ से प्रभावित तमिलनाडु के लिए केन्द्रीय सहायता भेजने की मांग की। उन्होंने कहा कि राज्य में बाढ के कारण भारी तबाही हुई है।

## झारखंड में 'ऑपरेशन लोटस' विफल हुआ: कांग्रेस

प्रात: किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। कांग्रेस ने झारखंड विधानसभा में मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार के बहुमत साबित करने के बाद सोमवार को कहा कि प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का 'ऑपरेशन लोटस' विफल रहा है तथा यह जनता की ताकत को साबित करता है। चंपई सोरेन सरकार ने सोमवार को सदन में विश्वासमत हासिल कर लिया। कांग्रेस के संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''झारखंड विधानसभा में 'इंडिया' गठबंधन का विश्वास मत हासिल करना लोगों की शक्ति को साबित करता है। हम लोकप्रिय रूप से चुनी हुई सरकार हैं और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) लोगों की आवाज को खत्म नहीं कर सकता। ईडी जैसी एजेंसियों का उपयोग करके लोकतंत्र को नष्ट करने के केंद्र के फासीवादी प्रयासों का पूरी ताकत से विरोध किया जाएगा।''

उन्होंने कहा, ''उन्होंने (भाजपा ने) झारखंड के आदिवासियों, पिछड़ों और गरीबों की सरकार पर हमला किया और लोकसभा चुनाव में उन्हें उनके गुस्से का सामना करना पड़ेगा!'' कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा, ''हमने आसानी से विश्वास मत जीता है। भाजपा का 'ऑपरेशन लोटस' असफल हो गया है। पहले उन्होंने (पूर्व मुख्यमंत्री) हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया, उनसे इस्तीफा दिलवाया।

### राज्यसभा की सदस्यता की शपथ नहीं ले सके संजय सिंह

नई दिल्ली। आबकारी नीति मामले में जेल में बंद आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह आज राज्यसभा की सदस्यता की शपथ नहीं ले सके। राज्यसभा के लिए राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से निर्वाचित संजय सिंह ने शपथ लेने के लिए अदालत से विशेष अनुमति ली थी और उन्हें सोमवार को यानी आज उच्च सदन की सदस्यता की शपथ लेनी थी। सूत्रों के अनुसार सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि अभी श्री सिंह का मामला सदन की विशेषाधिकार समिति के पास है इसलिए वह शपथ नहीं ले सकते। श्री सिंह पिछले महीने ही राज्यसभा के लिए दूसरी बार दिल्ली से चुने गये हैं। वह राज्यसभा में एक कार्यकाल पूरा कर चुके हैं। वह आबकारी नीति मामले में पिछले वर्ष अक्टूबर से जेल में बंद हैं।

# आबकारी मामला: सिसोदिया ने शीर्ष अदालत में याचिकाओं पर जल्दी सुनवाई दी की अर्जी

प्रात: किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के जेल में बंद नेता मनीष सिसोदिया ने कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से संबंधित भ्रष्टाचार और धन शोधन के मामले में 2023 में उन्हें जमानत देने से इनकार करने के फैसले को चुनौती देते हुए उच्चतम न्यायालय में दाखिल अपनी दो उपचारात्मक याचिकाओं पर जल्द सुनवाई करने की अर्जी दी। सिसोदिया की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ को बताया कि वह (सिसोदिया) एक वर्ष से जेल में बंद हैं और उन्होंने इन उपचारात्मक याचिकाओं को तत्काल सूचीबद्ध करने का अनुरोध किया है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, ह्मैं पहले ही



याचिकाओं को सूचीबद्ध करने का निर्देश दे चुका हूं। शीर्ष अदालत ने 14 दिसंबर, 2023 को कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से संबंधित भ्रष्टाचार और धन शोधन मामलों में सिसोदिया की जमानत याचिकाओं को खारिज करने के 30 अक्टूबर के फैसले की समीक्षा का अनुरोध करने वाली याचिका खारिज कर दी थी। शीर्ष अदालत ने यह कहते हुए सिसोदिया को जमानत देने से इनकार कर दिया था कि जांच एजेंसियों द्वारा दाखिल सबूत 338 करोड़ रुपये के 'अप्रत्याशित लाभ'' की की बात का समर्थन करते प्रतीत होते हैं। सिसोदिया को घोटाले में उनकी कथित भूमिका के लिए केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने 26 फरवरी, 2023 को गिरफ्तार किया था।

### आयोग ने चुनाव कार्य में बच्चों को न लगाने के निर्देश दिए


नई दिल्ली। निर्वाचन आयोग ने राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों को साफ-साफ निर्देश दिए हैं कि वे चुनाव प्रचार के काम में बच्चों का इस्तेमाल न करें। आयोग ने कहा कि इस मामले में कोई भी अवहेलना ह्यरत्ती भर भी स्वीकार्य नहीं होगी। आयोग ने सोमवार को इस बारे में राजनीतिक दलों, चुनाव में प्रत्याशियों और निर्वाचन मशीनरी को कड़े निर्देश जारी किए हैं। इन निर्देशों में कहा गया है कि इस मामले में लोगों को बाल श्रमिक (निषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 और इसमें 2016 में किए गए संशोधनों का कड़ाई से पालन करना होगा। एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार आयोग के इन दिशा-निदेशों में मुंबई उच्च न्यायालय का चेनत रामलाल भुटाडा बनाम महाराष्ट्र राज्य सरकार एवं अन्य के मामले में 04 अगस्त 2014 के उस आदेश का विशेष रूप से उल्लेख किया है जिसमें राजनीतिक दलों को चुनाव संबंधी कामों में बच्चों को लगाने को कड़ाई से मना किया गया है। आयोग ने सरकारी चुनाव मशीनरी को भी इन निदेशों का कड़ाई से अनुपालन करने को कहा है और ऐसा न करने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी है।

**राजनीति** — मोदी के पास राज्य का दौरा करने के लिए एक घंटा भी नहीं है: खरगे

# प्रधानमंत्री ने मणिपुर के लोगों को उनके हाल पर छोड़ा : कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे

प्रात: किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मणिपुर की स्थिति को लेकर सोमवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्वोत्तर के इस राज्य के लोगों को उनके हाल पर छोड़ दिया है। उन्होंने यह दावा भी किया कि पिछले साल संसद से प्रधानमंत्री ने मणिपुर के लोगों को जो आश्वासन दिया था, वह भी खोखला लगता है। खरगे ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''मणिपुर में लगातार जारी हिंसा के कारण अनगिनत जिंदगियों को तबाह हुए नौ महीने हो गए हैं, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के पास राज्य का दौरा करने के लिए एक घंटा भी नहीं है। क्यों? उन्होंने आखिरी बार चुनाव प्रचार के लिए फरवरी, 2022 में मणिपुर का दौरा किया था और अब उन्होंने मणिपुर के लोगों को उनके हाल पर छोड़ दिया है।'' उनके मुताबिक, राज्य में 4 मई, 2023 से अब तक 200 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है और 60,000 लोग विस्थापित हुए हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, ''लगभग 50,000 लोग



पर्याप्त चिकित्सा सुविधाओं और भोजन के बिना घृणित परिस्थितियों में राहत शिविरों में रह रहे हैं। लोग पहले ही सब कुछ खो चुके हैं झ अपना घर, अपनी आजीविका और अपना सामान। वे कहीं नहीं जा सकते। उनका भविष्य अंधकारमय है।'' खरगे ने कहा, ''कुछ खबरों के अनुसार, अकेले चुराचांदपुर के शिविरों में कुपोषण और बीमारी के कारण 80 से अधिक लोगों की मौत हो गई है। इम्फाल के शिविर भी बेहतर नहीं हैं। शिविरों में जो भी सहायता प्रदान की जा रही है वह अच्छे लोगों, गैर सरकारी संगठनों के सामूहिक प्रयासों से आई है, न कि राज्य सरकार द्वारा।'' उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा द्वारा दिखाई गई पूर्ण उदासीनता और उपेक्षा के कारण महिलाएं और बच्चे पीड़ित हैं। खरगे ने कहा, ''एक जनवरी से ही दोबारा हुई हिंसा में 10 लोगों की मौत हो चुकी है। दो समुदायों के प्रशिक्षु पुलिसकर्मियों ने एक दूसरे पर गोली चलाई, 7 लोग घायल हो गए। 24 जनवरी को हमने देखा कि कैसे एक सशस्त्र समूह ने भारी सुरक्षा वाले कांगला किले में एक बैठक में भाग लेने के लिए सांसदों/विधायकों को मजबूर किया। उस बैठक के दौरान कांग्रेस की मणिपुर की इकाई के अध्यक्ष पर बेरहमी से हमला किया गया और उन्हें प्रताड़ित किया गया।'' उन्होंने आरोप लगाया कि अगस्त, 2023 में संसद में मणिपुर के लोगों को प्रधानमंत्री मोदी द्वारा दिया गया आश्वासन खोखला लगता है! कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, ''कोई सामान्य स्थिति और शांति नजर नहीं आ रही है। भाजपा की ''डबल इंजन'' सरकार ने मणिपुर के लोगों पर कई प्रहार किए हैं!''

# पहाड़ी क्षेत्रों के लिए नियमित ड्रोन मेडिकल सेवा शुरू, ऐसा करने वाला बना देश का पहला संस्थान




**ऋषिकेश , एजेंसी।** उत्तराखंड के पहाड़ी दूरस्थ क्षेत्रों में आपात स्थिति के दौरान गंभीर बीमारी की दवाएं या दुर्घटना में गंभीर घायल के लिए ब्लड कंपोनेंट कुछ ही मिनटों में पहुंचाया जा सकेगा।

आपात स्थिति में किसी दूरस्थ स्थान पर स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाने के लिए ग्रीन कॉरिडोर बनाना अब बीते जमाने की बात हो जाएगी। अखिल भारतीय आर्युविज्ञान संस्थान (एम्स) ने नियमित ड्रोन सेवा शुरू कर दी है। एम्स ऋषिकेश मेडिकल ड्रोन सेवा नियमित शुरू करने वाला देश का पहला चिकित्सा संस्थान बन गया है।

इससे उत्तराखंड के पहाड़ी दूरस्थ क्षेत्रों में आपात स्थिति के दौरान गंभीर बीमारी की दवाएं या दुर्घटना में गंभीर घायल के लिए ब्लड कंपोनेंट कुछ ही मिनटों में पहुंचाया जा सकेगा। एक फरवरी से एम्स ऋषिकेश में नियमित ड्रोन मेडिकल सेवा शुरू हो गई है। एम्स से ड्रोन दूरस्थ पहाड़ी क्षेत्रों के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के लिए उड़ान भरेगा।

ड्रोन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में गंभीर बीमारियों की दवाइयों के साथ ही ब्लड या ब्लड कंपोनेंट भी ले जाएगा। एम्स की इस सेवा से प्रदेश के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को जोड़ा जाएगा। ड्रोन मेडिकल सेवा के नोडल डॉ. जितेंद्र गैरोला ने बताया, अभी सेवा की शुरुआत सीएचसी चंबा से की गई है। चंबा के लिए ड्रोन तीन उड़ानें भर चुका है। बताया, इन तीनों उड़ानों में दवाइयां भेजी गईं हैं। बता दें कि नियमित ड्रोन सेवा शुरू करने से पहले एम्स प्रशासन ने चार बार ट्रायल किया। डॉ. गैरोला ने बताया, मेडिकल ड्रोन सेवा के लिए टिहरी, चंबा, हिंडोलाखाल और यमकेश्वर के लिए मैपिंग हो चुकी है। इन स्थानों के लिए पाथ तैयार कर लिया गया है। अन्य स्थानों के लिए भी पाथ तैयार किया जा रहा है। यह सेवा अभी शुरुआती दौर में हैं।

इस सेवा में महिला स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं की भूमिका भी अहम होगी। एम्स से जिस पहाड़ी स्वास्थ्य केंद्र में ड्रोन से दवाइयां आदि भेजी जाएंगी, वहां ड्रोन से सामग्री उतारना या इस पर सामग्री चढ़ाने का कार्य महिलाएं करेंगी। इसके लिए स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को स्वास्थ्य मंत्रालय भारत सरकार और एनएचएसआरसी की ओर से प्रशिक्षण दिया गया है। भविष्य में यही महिलाएं ड्रोन भी उड़ाएंगी। इन महिलाओं को नमो ड्रोन दीदी का नाम दिया गया है।

एम्स से नियमित ड्रोन मेडिकल सेवा शुरू हो गई है। नियमित ड्रोन मेडिकल सेवा शुरू करने वाला एम्स ऋषिकेश देश का पहला चिकित्सा संस्थान बन गया है। इससे दूरस्थ पहाड़ी क्षेत्रों के लिए तत्काल दवाइयां और ब्लड कंपोनेंट आदि भेजे जाएंगे।

## खटीमा के आठ गांवों में मिलेगी शहरी सुविधाएं, नगर पालिका के विस्तार पर लगी कैबिनेट की मुहर



**खटीमा, एजेंसी।** चंपावत की तहसील पाटी को नगर पंचायत बनने से यहां के लोगों को भी शहरी सुख-सुविधाएं मिलेंगी। कैबिनेट बैठक में इस पर मुहर लग गई है।

खटीमा के आसपस के आठ गांवों के 17 हजार 685 की आबादी को अब शहरी सुख सुविधाएं मिलेंगी। धामी कैबिनेट ने नगर पालिका खटीमा के सीमा विस्तार पर मुहर लगा दी है।

इसके तहत खटीमा नगर पालिका में ग्राम उमरूखुर्द आंशिक, ऊंचीमहुवट आंशिक, नौगवाठग्गु आंशिक, भुडाई आंशिक, भूडमहोलिया, मुंडेली, गौसीकुआं आंशिक, नदन्ना आंशिक शामिल होंगे। इस क्षेत्र का कुल क्षेत्रफल 863.1943 हेक्टेयर व जनसंख्या 17,685 है। यहां के निवासियों को प्रकाश, सीवर लाइन, पक्की नाली, सड़कें, साफ सफाई, संपर्क मार्ग, शौचालयों की समुचित सुविधा मिलेगी। वहीं, चंपावत की तहसील पाटी को नगर पंचायत बनने से यहां के लोगों को भी शहरी सुख-सुविधाएं मिलेंगी।

## कुमाऊं को मिले 30 पशुधन प्रसार अधिकारी, 164 पशु सेवा केंद्र अभी खाली

**हल्द्वानी, एजेंसी।** कुमाऊं मंडल के ग्रामीण क्षेत्रों के पशुपालकों के लिए अच्छी खबर है। पशुपालन निदेशालय की ओर से बृहस्पतिवार को राज्य भर में 74 नये पशुधन प्रसार अधिकारी मिल गए हैं, जिसमें कुमाऊं में 30 की तैनाती हुई है। हालांकि 381 पदों के सापेक्ष अभी 164 पशु सेवा केंद्र खाली है। सरकार की सभी योजनाओं को ग्रामीण क्षेत्रों के पशुपालकों तक पहुंचाने का कार्य पशुधन प्रसार अधिकारी का होता है। इसी के साथ सभी ब्लॉक के न्याय पंचायत स्तर के किसानों, पशुपालकों की आय की बढ़ोतरी में भी सहयोग करते है। कुमाऊं में 381 पशु सेवा केंद्र हैं। इनमें पशुधन प्रसार अधिकारी के 386 पद हैं, जहां पांच पशुधन प्रसार अधिकारी विभिन्न पशु फार्म में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### उद्यान सचल दल की जांच में हरे पेड़ों की अवैध कटान की नहीं हुई पुष्टि

**देहरादून, एजेंसी।** हरे पेड़ों की अवैध कटान की सूचना पर शनिवार को उद्यान सचल दल की टीम ने अंबाड़ी में बगीचे और जीतगढ़ में प्लॉट का निरीक्षण किया। अंबाड़ी में पेड़ों की गिनती की गई, लेकिन अवैध कटान की पुष्टि नहीं हुई। वहीं, जीतगढ़ में एक हरे पेड़ की लॉपिंग की गई थी। मामले में वन विभाग की टीम ने कार्रवाई की है। प्रतिष्ठा सेवा समिति ने उद्यान विभाग को अंबाड़ी में एक बगीचे में करीब 22 से अधिक पेड़ों की अवैध कटान की सूचना दी थी। यह भी बताया था कि वन विभाग की चौहड़पुर रेंज में जीतगढ़ के बगीचे में प्लॉटिंग की तैयारी की जा रही है। समिति ने विभाग को ज्ञापन भी सौंपा था। समिति की मांग पर उद्यान निरीक्षक वेदप्रकाश खर्कवाल टीम के साथ मौके पर पहुंचे। अंबाड़ी में बगीचे में गिनती करने पर आम के 91 और एक लीची का हरा पेड़ खड़ा मिला। वहीं, जीतगढ़ में एक पेड़ की लॉपिंग की गई थी। उद्यान निरीक्षक ने बताया कि पेड़ों की गिनती और सुरक्षा के लिए एक संयुक्त समिति गठित की गई है। आगे से केवल उप जिलाधिकारी और मुख्य उद्यान अधिकारी के निर्देश पर बगीचों की जांच की जाएगी।

### बुजुर्गों को घर पर मिलेगी डायबिटीज और रक्त जांच की

**हरिद्वार, एजेंसी।** डायबिटीज और खून की जांच के लिए बुजुर्गों को अस्पतालों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। आयुष्मान योजना के तहत बुजुर्गों को घर पर ही निशुल्क पैथोलॉजी जांच की सुविधा देने की तैयारी की जा रही है। यह जानकारी ऑल इंडिया सीनियर सिटीजन वेलफेयर सोसाइटी की बैठक में वर्चुअल जुड़ें कैबिनेट मंत्री धनसिंह रावत ने दी। उन्होंने कहा कि सरकार 60 साल से अधिक आयु के बुजुर्गों को घर पर निशुल्क पैथोलॉजी जांच की सुविधा देने की तैयारी कर रही है। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग की टीम भी हर 15 दिन में भी बुजुर्गों का हालचाल पूछने और स्वास्थ्य संबंधित परामर्श देने के लिए घर पर जाएगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजीनियर मधुसूदन अग्रवाल आर्य ने कहा कि इस सुविधा को शुरू करने के लिए कैबिनेट मंत्री ने राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण को कार्य योजना का प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान इंजीनियर एमपीएस गोयल, कार्मेंद्र सिंह, प्रो. मनु देव बंधू, सुरेश चंद्र गुप्ता, जगदीश लाल पाहवा, विमल कुमार गर्ग, सुरेश चंद गुप्ता, राजीव राय, एमपीएस गोयल, डॉ प्रेम प्रकाश, डॉ पवन सिंह, सतीश चंद गुप्ता उपस्थित रहे।


### घटतौली के आरोप में एक ओर तौल क्लर्क हुआ निलंबित

**ऋषिकेश, एजेंसी।** शुगर मिल के गन्ना क्रय केंद्र बरोटीवाला (विकासनगर) में घटतौली मामले में मिल प्रशासन ने एक और तौल क्लर्क को निलंबित कर दिया है। मामले में बरोटीवाला के किसानों ने अधिशासी निदेशक से घटतौली की शिकायत की थी। बता दें कि बरोटीवाला गन्ना क्रय केंद्र में घटतौली मामले में मिल प्रशासन पहले ही एक तौल क्लर्क को निलंबित कर चुका है। इसके अलावा बरोटीवाला गन्ना क्रय केंद्र से जुड़े किसानों ने बीती 30 जनवरी को क्रय केंद्र पर तौल को बाधित किया था। किसानों ने केंद्र में पूर्व तैनात तौल क्लर्क पर भी घटतौली का आरोप लगाया। जिससे बीते शुक्रवार तक गन्ना तौल नहीं हो सका। मिल के अधिशासी निदेशक दिनेश प्रताप सिंह ने तौल क्लर्क यशपाल सिंह को प्रथम दृष्ट्या दोषी मानते हुए निलंबित कर दिया। बताया कि किसानों की शिकायत का संज्ञान लेकर कार्रवाई की गई है। उप मुख्य रसायनज्ञ राजवीर सिंह को जांच अधिकारी बनाया गया है। मिल के अधिशासी निदेशक ने बताया कि गन्ना क्रय केंद्रों पर यदि ऐसी शिकायतें मिली तो ठोस कार्रवाई की जाएगी।

### पशुओं को सड़क पर छोड़ा तो लगेगा जुर्माना

ऋषिकेश, एजेंसी। अब पशुओं को सड़कों पर छोड़ने वालों पर नगर निगम शिकंजा कसने की तैयारी कर रहा है। एक सप्ताह तक अलग-अलग वार्डों में पशुओं को सड़कों से घर ले जाने के लिए उद्घोषणा की जाएगी। उसके बाद जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी। शहर में बढ़ती लावारिश पशुओं की संख्या, दुर्घटनाग्रस्त पशुओं को लेकर नगर आयुक्त शैलेंद्र नेगी ने विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की। नगर आयुक्त ने कहा कि नगर निगम की ओर से एक सप्ताह तक निगम क्षेत्र में जनजागरुकता के लिए माइक से मुनादी की जाएगी। जिन लोगों ने अपने पशुओं को सड़कों पर छोड़ा है उनसे पशुओं को सुरक्षित अपने घर ले जाने को कहा जाएगा।

## 13 साल में दोगुनी से अधिक हो गई कैंसर रोगियों की संख्या



**नैनीताल, एजेंसी।** कैंसर रोगियों की संख्या बढ़ रही है। मेडिकल कॉलेज के अधीन स्वामीराम कैंसर संस्थान में इलाज के लिए आने वाले रोगियों की संख्या 13 साल में दोगुनी हो गई है। पुरुषों में हेड एंड नेक और महिलाओं में स्तन व सर्वाइकल कैंसर के मामले ज्यादा आ रहे हैं।

स्वामीराम कैंसर संस्थान की स्थापना वर्ष-2009 में हुई थी। यहां कुमाऊं के अलावा यूपी से भी रोगी इलाज के लिए पहुंचते हैं। वर्ष-2010 में जहां कैंसर के कुल 2889 मरीज ही अस्पताल पहुंचे थे, वही लगभग 13 साल में यह संख्या दोगुनी तक बढ़ गई है। संस्थान में 2023 में करीब 6574 मरीज पंजीकृत हुए, जिसमें ओपीडी से लेकर भर्ती मरीजों की संख्या भी शामिल है।

स्वामी राम कैंसर संस्थान के विभागाध्यक्ष डॉ केसी पांडे ने बताया कि अगर शरीर में कोई गांठ आदि है या कोई बदलाव महसूस हो रहा है तो उसे नजरअंदाज न करें। तत्काल डॉक्टर से संपर्क करें। अगर पहली स्टेज में बीमारी का पता चलता है तो उसके ठीक होने के उम्मीद 90 प्रतिशत तक होती है। दूसरी स्टेज में बीमारी के ठीक होने के 70 प्रतिशत और तीसरी स्टेज में 50 प्रतिशत होती हैं। चौथी स्टेज में 20 प्रतिशत ही उम्मीद रहती है।

## 15 साल की दो लड़कियों को भगा ले गया युवक, घटना का पता चलते ही लोगों ने किया धारचूला बाजार बंद



**पिथौरागढ़, एजेंसी।** पिथौरागढ़ के धारचूला में नाई की दुकान में काम करने वाला एक युवक दो नाबालिग लड़कियों को बहला फुसलाकर भगा ले गया। इसकी जानकारी मिलते ही आक्रोशित लोगों ने आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर धारचूला बाजार बंद कर दिया।

धारचूला में जौलजीबी में नाई की दुकान में काम करने वाला बरेली निवासी युवक धारचूला से दो नाबालिग लड़कियों को बहला फुसलाकर भगा ले गया। इसकी जानकारी मिलते ही आक्रोशित लोगों ने आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर धारचूला बाजार बंद कर दिया। इस दौरान लोगों ने जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया। पुलिस ने दोनों नाबालिगों को बरामद कर लिया है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम भेजी गई है।

धारचूला के एक गांव निवासी हाईस्कूल में पढ़ने वाली दो छात्राएं (15) एक फरवरी को अचानक लापता हो गई थीं। परिजनों ने तीन फरवरी को धारचूला पुलिस में गुमशुदगी दर्ज कराई। इस दौरान पता चला कि दोनों नाबालिगों को जौलजीबी में नाई की दुकान में काम करने वाला इरफान नामक युवक बहला फुसलाकर बरेली ले गया है। पुलिस अधीक्षक लोकेश्वर सिंह के निर्देश पर नाबालिगों को ढूंढ़ने के लिए धारचूला के सीओ परवेज अली ने टीम गठित की। पुलिस टीम ने बरेली से दोनों नाबालिगों को बरामद कर लिया।

इधर, रविवार को जैसे ही इस घटना का पता धारचूला में लोगों को चला। धारचूला व्यापार मंडल महासचिव महेश गर्ब्याल और भाजपा नेता महेंद्र बुदियाल के नेतृत्व में स्थानीय लोगों ने बाजार में जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया। गांधी चौक पर जोरदार प्रदर्शन करते हुए नाबालिगों को भगाकर ले जाने के आरोपी युवक की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग उठाई।

## मां के अपमान का बदला खून से लिया: दोस्त पर कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ वार कर मौत के घाट उतारा, शव लगाया ठिकाने



**रुड़की , एजेंसी।** अंकित कुछ दिन पहले ही राजस्थान से घर लौटा था और घटना वाले दिन से ही फरार चल है। जांच में सामने आया कि रमेश को कबूतर पालने का शौक था और उसकी अंकित से दोस्ती थी। अंकित ने उसके कुछ कबूतरों को मार दिया था। और फिर यही से दोनों के अनबन शुरू हुई।

पुलिस ने ग्रामीण रमेश की हत्या का खुलासा कर दिया है। गांव के ही दोस्त ने मां की गाली देने पर रमेश की कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या कर दी थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। साथ ही उसके पास से हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी बरामद की है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

रविवार को एसएसपी प्रमेंद्र डोबाल ने मंगलौर कोतवाली में प्रेसवार्ता कर बताया कि 30 जनवरी को मंगलौर क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर जट्ट में अकेले रहने वाले रमेश का शव नाले में खून से सना मिला था। मृतक के शरीर पर धारदार हथियार के कई निशान मिले थे। उसके कमरे में भी खून के धब्बे थे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। पुलिस ने मृतक के परिजनों और ग्रामीणों से तमाम बिंदुओं पर जानकारी ली।

इस बीच पता चला कि गांव निवासी अंकित कुछ दिन पहले ही राजस्थान से घर लौटा था और घटना वाले दिन से ही फरार चल है। जांच में सामने आया कि रमेश को कबूतर पालने का शौक था और उसकी अंकित से दोस्ती थी। अंकित ने उसके कुछ कबूतरों को मार दिया था। इस पर उसका अंकित से विवाद हो गया था। एसएसपी ने बताया कि पुलिस ने अंकित की तलाश शुरू की। इस बीच शनिवार शाम पुलिस ने नारसन क्षेत्र से अंकित को गिरफ्तार कर लिया और गहनता से पूछताछ की।

**शव नाले में ही फेंककर फरार-** पूछताछ में उसने बताया कि रमेश और उसका विवाद हो गया था। इस पर उसने रमेश के कुछ कबूतर मार दिए थे। रमेश उसे आए दिन मां की गाली देता था। इसके चलते ही उसने कुल्हाड़ी से कई वार कर उसकी हत्या कर दी थी। हत्या के बाद वह उसके शव को गंगनहर में फेंकने जा रहा था लेकिन पकड़े जाने के डर से वह शव नाले में ही फेंककर फरार हो गया था। एसएसपी ने बताया कि आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी भी बरामद कर ली गई है। साथ ही आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है। इस मौके पर एसपी देहात एसके सिंह आदि मौजूद रहे।

**दोनों ही नहीं करते थे मोबाइल का प्रयोग-** एसएसपी ने बताया कि मृतक रमेश और आरोपी अंकित दोनों ही मोबाइल का इस्तेमाल नहीं करते थे। ऐसे में हत्या का खुलासा करने में कठिनाई आ सकती थी लेकिन पुलिस ने अपनी पुरानी तकनीक यानी मुखबिर तंत्रों का प्रयोग किया और हत्यारे तक पहुंच गई।

**नशे में हत्या को दिया अंजाम-** पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी अंकित नशा भी करता है। आरोपी ने नशे की हालत में ही रमेश की कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ वार कर हत्या की है। जांच में सामने आया कि वह अक्सर गांव से बाहर ही रहता था। बीच-बीच में वह गांव आता-जाता रहता था।

## दिनदहाड़े बदमाशों ने घर में घुसकर की लूटपाट, महिला की गर्दन पर चाकू से हमला कर किया लहूलुहान



**रुड़की , एजेंसी।** दो बदमाश घर के अंदर घुसे और लूटपाट करने लगे। महिला ने विरोध किया तो एक बदमाश ने उसकी गर्दन पर चाकू से हमला कर लहूलुहान कर दिया।

रुड़की में एक घर में घुसकर दो बदमाशों ने महिला की गर्दन पर चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके बाद बदमाश महिला के कान से कुंडल लूटकर फरार हो गए। महिला को गंभीर हालत में रुड़की के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उधर पुलिस बदमाशों की तलाश में सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है। गंगनहर कोतवाली क्षेत्र के पुरानी तहसील माता वाली गली में विपिन का मकान है। सोमवार सुबह परिवार के लोग किसी काम से घर से बाहर गए हुए थे। जबकि विपिन की पत्नी रेखा घर पर अकेली थी। करीब 12 बजे दो बदमाश घर के अंदर घुस आए और लूटपाट करने लगे। रेखा ने विरोध किया तो एक बदमाश ने उसकी गर्दन पर चाकू से हमला कर लहूलुहान कर दिया। कान के कुंडल लूटकर फरार हो गए। रेखा ने किसी तरह घर से बाहर निकलकर शोर मचाया तो आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। लोगों ने रेखा को रुड़की के सिविल अस्पताल पहुंचाया और घटना की सूचना पुलिस को दी।

## चुनाव से पहले जरायम पेशेवरों पर कसेगा शिकंजा

**हरिद्वार, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव से पहले पुलिस ने जरायम पेशेवरों पर शिकंजा कसने की तैयारी कर ली है। जिलेभर में पुलिस ऐसे अपराधियों को चिह्नित कर रही है, जो लंबे समय से आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त हैं। सूची तैयार कर आरोपियों के खिलाफ गुंडा और गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर शिकंजा कसा जाएगा। जिलेभर में 90 से अधिक आरोपियों पर कार्रवाई की जा चुकी है। संभवत-अप्रैल माह में लोकसभा के चुनाव होने जा रहे हैं। पुलिस और प्रशासन चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए तैयारी में जुटा हुआ है। सुरक्षा व्यवस्था से लेकर मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए योजना बनाई जा रही है। इसी क्रम में जरायम पेशेवरों पर भी लगाम कसने के लिए भी पुलिस जुट गई है। जिससे किसी भी तरह से ऐसे लोग चुनाव को प्रभावित न कर सकें। जिले के सभी थानों की पुलिस जरायम पेशेवरों को चिन्हित कर रही है, सूची तैयार कर आरोपियों पर शिकंजा कसा जाएगा। जनवरी की शुरुआत में ही पुलिस ने करीब 45 आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है जबकि लगभग 47 आपराधियों पर गुंडा एक्ट में शिकंजा कसा है। अब तक 10 से ज्यादा आरोपियों को जिला बदर किया जा चुका है। गैंगस्टर एक्ट में भी लगातार एक के बाद एक गिरफ्तारी की जा रही है। अब चुनाव से पहले-पहले पुलिस अन्य आरोपियों पर भी कार्रवाई करेगी।

## सांवल्दे में पांच दिन बाद ग्रामीणों ने फिर रोकी पर्यटकों की राह



**नैनीताल , एजेंसी।** रामनगर (नैनीताल)। हमलावर बाघ को पकड़ने की मांग को लेकर पांच दिन बाद फिर से ग्रामीणों ने पर्यटकों की राह रोक दी। हालांकि ग्रामीणों ने एक घंटा ही जाम लगाया, जिसमें विदेशी पर्यटक भी फंस गए थे। कॉर्बेट पार्क के कालागढ़ एसडीओ के आश्वासन पर ग्रामीण मान गए और तीन दिन का समय दिया।

28 जनवरी को हमलावर बाघ ने सांवल्दे पश्चिमी की महिला दुर्गा देवी को मार दिया था। बाघ को पकड़ने के लिए संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले ग्रामीणों ने पांच दिन का समय दिया था। ऐसे में रविवार सुबह 11 बजे फिर से ग्रामीणों ने धरना दिया। दोपहर 1-30 बजे तक जब पार्क प्रशासन का कोई अधिकारी नहीं पहुंचा तो ग्रामीणों ने जाम लगा दिया।

सूचना पर कालागढ़ एसडीओ शालिनी जोशी ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को आश्वासन देकर जाम खुलवाया। ग्रामीणों ने बताया कि यदि तीन दिन में हमलावर बाघ को नहीं पकड़ा तो वह आंदोलन के विवश होंगे, जिम्मेदारी पार्क प्रशासन की होगी।

जाम लगाने वालों में ललिता रावत, तारा बेलवाल, हीरा सिंह, आनंद नेगी, संजय मेहता, रोहित रुहेला, प्रभात ध्यानी, अनीता गुसाई, उर्मिला देवी, गंगा गिरी, सुमित, मंगली देवी, ललित पांडे, गोपाल मेहरा, राशिद, जगदीश डोर्बी, भावना अधिकारी आदि शामिल रहे।

ग्रामीणों के जाम लगाने से सड़क के दोनों ओर वाहनों की कतारें लग गईं। ऐसे में रिजॉर्ट जा रहे विदेशी पर्यटकों की बस भी जाम में फंस गई। हालांकि कुछ देर बाद जाम खुलने के बाद विदेशी पर्यटक अपने रिजॉर्ट को रवाना हुए। दूसरी ओर, पार्क प्रशासन की ओर से जंगल सफारी को जा रही जिप्सियों को रवाना किया गया।

संयुक्त संघर्ष समिति के संयोजक ललित उप्रेती ने कहा कि कार्बेट पार्क में बाघों की संख्या 260 से अधिक हैं जबकि इसकी क्षमता मात्र 65 बाघ की है। यही कारण है कि बाघ व अन्य जंगली जानवर आबादी में पहुंच रहे हैं। यहां से क्षमता से अधिक बाघों को तत्काल हटाया जाना चाहिए।

# तीर्थयात्रा योजना के तहत 89वीं ट्रेन तिरुपति रवाना

## तीर्थयात्रियों से मुलाकात कर सीएम केजरीवाल ने कहा, हमें बुजुर्गों को तीर्थयात्रा कराने की प्रेरणा श्रवण कुमार से मिली

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना के तहत सोमवार को दिल्ली से 780 बुजुर्ग तीर्थयात्रियों को लेकर 89वीं ट्रेन तिरुपति बालाजी के लिए रवाना हुई। इससे पहले, त्यागराज स्टेडियम में तीर्थयात्रियों के लिए भजन संध्या का आयोजन किया गया, जहां खुद सीएम अरविंद केजरीवाल ने पहुंच कर उनसे मुलाकात की और सुखद व सफल तीर्थयात्रा के लिए उनको शुभकामनाएं दी। इस यात्रा के दौरान तीर्थयात्री तिरुपति बालाजी के अलावा पदमावती और इस्कान मंदिर का दर्शन करेंगे। इस अवसर पर सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हमें अपने बुजुर्गों को तीर्थयात्रा कराने की प्रेरणा श्रवण कुमार से मिली है। हमें बचपन में श्रवण कुमार की कहानियां सुनाई जाती है कि कैसे वो अपने अंधे बुजुर्ग माता-पिता को कंधे पर बैठाकर तीर्थयात्रा कराने के लिए निकले थे। मैंने हमेशा दिल्ली के दो करोड़ लोगों को अपना परिवार माना है। इसलिए अपने बुजुर्गों को तीर्थयात्रा कराना मेरा धर्म और कर्तव्य है, जिसका मैं निर्वहन कर रहा हूं।

त्यागराज स्टेडियम में आयोजित भजन संध्या के दौरान तीर्थयात्रियों से मिलने पहुंचे सीएम अरविंद केजरीवाल का सबसे वरिष्ठ तीर्थयात्री मंजू बालाजी ने स्वागत किया। मंजू बालाजी ने सीएम को गले लगाकर अपना आशीर्वाद दिया। इस दौरान मौजूद राजस्व मंत्री आतिशी का तीर्थयात्री पार्वती ने स्वागत किया। सीएम अरविंद केजरीवाल ने तीर्थयात्री प्रेमवती को यात्रा टिकट का प्रतिरूप भेंट कर उनके सुखद व सफल यात्रा की कामना की। इसके उपरांत भजन प्रस्तुत किया गया, जिसका सभी तीर्थयात्रियों ने आनंद लिया।

इस अवसर पर सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि लगभग हर हफ्ते दिल्ली से एक ट्रेन हमारे बुजुर्ग तीर्थयात्रियों को लेकर देश के कोने-कोने में किसी न किसी तीर्थ स्थल का दर्शन कराने के लिए लेकर जाती है। तीर्थयात्रा योजना के तहत हमारे बुजुर्ग रामेश्वरम्, द्वारकाधीश, पुरी, हरिद्वार, ऋषिकेष, मथुरा, वृंदावन, शिरडी बाबा समेत करीब 13 तीर्थस्थान हैं। तीर्थयात्री अपनी श्रद्धा के अनुसार इन तीर्थस्थलों में से कोई भी स्थान चुन सकते हैं और तीर्थयात्रा कर सकते हैं। अभी तक दिल्ली से 88 ट्रेनें जा चुकी हैं और आज यह 89वीं ट्रेन तिरुपति के लिए जा रही है। अब तक इन ट्रेनों के जरिए करीब 84 हजार तीर्थयात्री तीर्थयात्रा करके वापस आ चुके हैं।

सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हमें अपने बुजुर्गों को तीर्थयात्रा कराने की प्रेरणा श्रवण कुमार के जीवन से मिली। श्रवण कुमार ने अपने अंधे बुजुर्ग माता-पिता को कंधे पर बैठाकर तीर्थयात्रा कराने के लिए निकले थे। हम सब लोगों को बचपन से ही उनकी कहानी सुनाई जाती है और हमें सिखाया जाता है कि अपने बुजुर्गों को तीर्थयात्रा कराने का बहुत पुण्य मिलता है। तीर्थयात्रा करने का तो पुण्य मिलता ही है, तीर्थयात्रा कराने का भी बहुत पुण्य मिलता है। मैं हमेशा कहता हूं कि मैं दिल्लीवालों का बेटा हूं, दिल्ली के दो करोड़ लोग मेरा परिवार हैं। मैंने हमेशा दिल्ली के लोगों को अपने परिवार की तरह माना है। अगर मैं दिल्ली का बेटा हूं और दिल्ली के दो करोड़ लोग मेरा परिवार हैं, तो दिल्ली के बुजुर्गों को तीर्थयात्रा पर लेकर जाना मेरा धर्म और कर्तव्य है। मैं इसी धर्म और कर्तव्य की पूर्ति कर रहा हूं।

सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मेरी कोशिश है कि दिल्ली के हर एक बुजुर्ग को कम से कम एक बार तीर्थयात्रा जरूर करा दी जाए। इसमे हम साधनों की कमी नहीं होने दे रहे हैं। इसके लिए जितने साधनों की जरूरत पड़ेगी हम लगाएंगे। ट्रेनों की कमी हो रही है। केंद्र सरकार हमें जितनी ट्रेन देती है, हम सारी ट्रेन इस्तेमाल करते हैं और अपने बुजुर्गों को तीर्थयात्रा कराते हैं। यह सात दिन की यात्रा है। आज शाम 5 को ट्रेन रवाना होगी। बुधवार को शाम को तिरुपति पहुंचेंगे। वहां तिरुपति मंदिर के दर्शन होंगे, अगले दिन पदमावती और इस्कान मंदिर के दर्शन होंगे। इसके बाद वापस दिल्ली लौट आएंगे।

सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि यह सफर करीब 46 घंटे का है, लेकिन यह किसी को पता भी नहीं चलेगा। क्योंकि पूरी ट्रेन में सभी लोग भजन-कीर्तन करते हुए जाते हैं। कई मोहल्ले के लोग एक साथ जाते हैं। इसलिए यह सात की यात्रा का खूब आनंद लेकर आना। ठंड बहुत है, सभी लोग अपना ख्याल रखना। हालांकि हमने सारा इंतजाम किया है। एसी ट्रेन से जाना है। यात्रा के दौरान खाने, रहने और मंदिर दर्शन का इंतजाम का सारा इंतजाम किया गया है। फिर भी कोई कमी रह जाए तो इसके लिए पहले ही मैं माफी चाहता हूं। अगर कोई कमी मिले तो वापस आकर जरूर बताना, ताकि उसमें सुधार कर सकें। मेरी अपील है कि भगवान से अपने और अपने परिवार के साथ दिल्ली और देश की सुख शांति की भी कामना करना।

तीर्थयात्रा का सारा इंतजाम दिल्ली सरकार करती है, यात्रियों को केवल अपने कपड़े लाने होते हैं- आतिशी

इस अवसर पर मौजूद राजस्व मंत्री आतिशी ने कहा कि मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना के तहत अब तक 88 ट्रेनें बुजुर्गों को लेकर तीर्थयात्रा पर जा चुकी हैं। जिसमें 84 हजार तीर्थयात्री तिरुपति बालाजी, उज्जैन, रामेश्वरम और द्वारकाधीश जैसे तीर्थ स्थलों पर दर्शन करके आए हैं। आज यह 89वीं ट्रेन तिरुपति के दर्शन कराने के लिए लेकर जा रही है। उन्होंने कहा कि मौजूदा दौर में हम अक्सर यह देखते हैं कि अपने घर के बच्चे भी माता-पिता का ध्यान नहीं रख पाते है। ऐसे दौर में यह हम सभी दिल्लीवासियों के लिए गर्व की बात है कि हमें अरविंद केजरीवाल जैसे मुख्यमंत्री मिले हैं, जिन्होंने केवल अपने माता-पिता को नहीं, बल्कि दिल्ली के हर बुजुर्ग को अपना माता-पिता समझा और उनके लिए तीर्थ यात्रा का इंतजाम किया है। उम्र के इस पड़ाव पर आकर हर बुजुर्ग सोचता है कि हम तीर्थ यात्रा पर जाएं, लेकिन कई बार कोई साथ जाने वाला नहीं होता है, तो कई बार यात्रा करने के लिए पैसे नहीं होते हैं या कई बार कोई इंतजाम करने वाला नहीं होता है। इसलिए आप लोगों के घर के बड़े बेटे का धर्म निभाते हुए हमारे मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इस मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत दिल्ली के हर बुजुर्ग के तीर्थ यात्रा पर जाने का इंतजाम किया है।

राजस्व मंत्री आतिशी ने कहा कि आपने एक बार फॉर्म भर दिया। उसके बाद आपको चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है। आपको बस अपने सूटकेस में अपने कपड़े लेकर जाना है, उसके अलावा सारा इंतजाम अरविंद केजरीवाल की सरकार करती है। घर से बस के जरिए रेलवे स्टेशन लाने से लेकर सुबह की चाय और दोपहर का खाना, सब दिल्ली सरकार इंतजाम करती है। आप जब स्टेशन से तिरुपति बाला जी पहुंचेंगे तो स्टेशन से आपको होटल लेकर जाया जाएगा। तिरुपति बाला जी के दर्शन के साथ पद्मावती मंदिर और इस्कॉन मंदिर के भी दर्शन कराए जाएंगे।

# दिल्ली पुलिस ने मुठभेड़ के बाद नीरज बवाना गिरोह के शूटर को गिरफ्तार किया



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली पुलिस ने दक्षिणपूर्व दिल्ली के करणी सिंह शूटिंग रेंज के पास मुठभेड़ के बाद नीरज बवाना गिरोह के एक संदिग्ध शार्पशूटर को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, आरोपी की पहचान अंबेडकर नगर निवासी एहसान अली के रूप में हुई। उन्होंने बताया कि उसका साथी नीरज भागने में सफल रहा। पुलिस उपायुक्त (दक्षिणपूर्व) राजेश देव ने कहा, दो फरवरी को हमें सूचना मिली थी कि नीरज बवाना गिरोह के दो शार्पशूटर फरीदाबाद से करणी सिंह शूटिंग रेंज में आने वाले हैं। देव ने बताया कि करणी सिंह शूटिंग रेंज के पास एक छापेमारी दल को मौके पर भेजा गया और मोटरसाइकिल पर सवार दो संदिग्ध अपराधियों को रात करीब साढ़े आठ बजे रोका गया। उन्होंने बताया, जब पुलिस दल ने उन्हें रुकने का इशारा किया तो दोनों ने भागने का प्रयास किया लेकिन मोटरसाइकिल को मोड़ने की कोशिश में वह अनियंत्रित होकर गिर गये। अधिकारी ने बताया कि मोटरसाइकिल पर पीछे बैठा नीरज अंधेरे की आड़ लेकर जंगली इलाके में भाग निकला लेकिन उसकी बंदूक वहीं गिर गयी। उन्होंने बताया कि वहीं दूसरे अपराधी अली ने अपनी बंदूक निकाली और पुलिस पर गोली चलाई जो एक हेड कांस्टेबल की बुलेट प्रूफ जैकेट में लगी।

अधिकारी ने बताया कि पुलिस टीम ने जवाबी कार्रवाई करते हुए चेतावनी के तौर पर हवा में गोली चलाई। पुलिस ने बताया कि जब अली ने दूसरी गोली चलाने का प्रयास किया तो एक पुलिसकर्मी ने उसके पैर में गोली मारी, जिससे वह संतुलन खोकर गिर गया। देव ने कहा, पुलिस दल ने तभी उसे धर-दबोचा और उसकी पहचान एहसान अली के रूप में हुई। वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अली के पैर पर मामूली चोट आई है और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया, अली ने खुलासा किया कि वह नीरज बवाना गिरोह से जुड़ा हुआ है। पुलिस ने जांच शुरू कर दूसरे व्यक्ति को पकड़ने के लिए तलाश शुरू कर दी है।

# दिल्ली आबकारी नीति मामला: सुप्रीम कोर्ट ने संजय सिंह की याचिका पर सुनवाई 5 मार्च तक स्थगित की

- इस मामले को एक सप्ताह के लिए स्थगित किया जा सकता है। इसके बाद पीठ ने मामले के 5 मार्च के लिए सूचीबद्ध कर दिया।

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में आरोपी आम आदमी पार्टी (आप) नेता संजय सिंह की याचिका पर सुनवाई 5 मार्च तक के लिए स्थगित कर दी। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एस.वी. राजू ने न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ को बताया कि दिल्ली उच्च न्यायालय ने 31 जनवरी को आप के राज्यसभा सांसद द्वारा दायर नियमित जमानत याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता भी शामिल थे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से पेश हुए एएसजी राजू ने कहा, नियमित जमानत पर आदेश (दिल्ली हाई कोर्ट द्वारा) सुरक्षित रखा गया है और एक-दो दिन में फैसला आ सकता है। इस मामले को एक सप्ताह के लिए स्थगित किया जा सकता है। इसके बाद पीठ ने मामले के 5 मार्च के लिए सूचीबद्ध कर दिया। दिल्ली उच्च न्यायालय की न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा की पीठ ने सिंह की याचिका पर बुधवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया जिसमें राउज एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश एम.के. नागपाल के उनकी नियमित जमानत याचिका खारिज करने को चुनौती दी गई थी।

नवंबर 2023 में सुप्रीम कोर्ट ने आप नेता द्वारा ईडी द्वारा उनकी गिरफ्तारी और उसके बाद रिमांड के खिलाफ दायर याचिका पर नोटिस जारी किया था। इसने आप नेता को संबंधित क्षेत्राधिकार वाली अदालत के समक्ष नियमित जमानत याचिका दाखिल करने की छूट दी थी।

# दिल्ली में गांजा तस्करी के आरोप में इंजीनियरिंग के दो छात्र गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली के न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी थाने की पुलिस ने दो इंजीनियरिंग छात्रों को गांजे की तस्करी करते हुए गिरफ्तार किया है। आरोपी मणिपुर से गांजा लाकर पंजाब और दिल्ली में खपाते थे। इस मामले में डीसीपी साउथ-ईस्ट राजेश देव ने बताया कि गिरफ्तार दोनों आरोपी इंजीनियरिंग फाइनल ईयर के स्टूडेंट हैं। जो पंजाब स्थित बाबा फरीद कॉलेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में पढ़ते हैं। दोनों ने मिलकर मणिपुर से 8 से 10 किलों गांजा मणिपुर से पंजाब लेकर आए थे। उसमें से कुछ पंजाब में बेचे दिया और फिर बचे हुए गांजे को लेकर दिल्ली पहुंचे थे।

दिल्ली में गांजा बेचने के लिए न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी थाना क्षेत्र के तैमूर नगर इलाके में एक किराए पर कमरा लेकर वहां गंजा बेचने का प्रयास किया। गुप्त सूचना मिलने पर उन्हें हिरासत में लेकर कमरे की तलाशी ली गई। इस दौरान उनके पास से अवैध गांजा बराबर हुआ। फिलहाल पुलिस ने दोनों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। तस्करी में और कौन-कौन शामिल हैं इसकी पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि दोनों आरोपियों की पहले से किसी मामले में संलिपिता नहीं पाई गई है। मादक पदार्थ के खिलाफ पुलिस दिल्ली और उससे सटे इलाके में अभियान चला रही है। कुछ महीने पहले ग्रेटर नोएडा के थाना बीटा दो पुलिस व नारकोटिक्स टीम ने गोपनीय सूचना के आधार पर चेकिंग के दौरान गांजा तस्करी करने वाले तस्कर चांद उर्फ चंदू, इरशाद और राशिद को नवादा गोल चक्कर के पास से गिरफ्तार किया था। तस्करों के कब्जे से पुलिस ने 72 किलो 300 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया था।

# मैं स्थगित नहीं करना चाहती, निगम सदन में मेयर की अपील के बीच जबरदस्त हंगामे का वीडियो

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली एमसीडी (सदन) में एक बार फिर हंगमा हुआ है। निगम सदन में संशोधित बजट अनुमान 2023-24 पर चर्चा के लिए विशेष बैठक बुलाई गई थी। लेकिन इस बैठक के दौरान जमकर हंगामा हुआ है। एमसीडी सदन में हंगामे का वीडियो भी सामने आया है। इस वीडियो में नजर आ रहा है कि पार्षद वहां लगातार हंगामा कर रहे हैं। वीडियो में नजर आ रहा है कि दिल्ली की महापौर शैली ओबेरॉय लगातार पार्षदों से अपील कर रही हैं कि वो बैठ जाएं। इसके बाद एक महिला पार्षद कहती हैं, हम तो विपक्ष में हैं और हमें सवाल करने का अधिकार है। आपसे एक सवाल पूछा गया है, जिसका हमें साधारण सा जवाब चाहिए। इसके बाद मेयर शैली ओबेरॉय कह रही हैं कि आपको मौका मिला और आप खुद ही खराब कर रहे हैं। इसके बाद नजर आ रहा है कि कुछ पुरुष तथा महिला पार्षद लगातार शोर-शराबा कर रहे हैं। मेयर शैली ओबेरॉय कहती हैं, मैं सदन को स्थगित नहीं करना चाहती क्योंकि इससे पूरा खराब हो जाएगा। इसके बाद वो एक पार्षद का नाम लेकर कहती हैं, सारिका बैठिए। वो लगातार पार्षदों से कह रही हैं आप से अपील है कि आप बैठ जाइए। इस हंगामे को देखते हुए मेयर ने सदन की कार्यवाही को मंगलवार दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया। इस दौरान विपक्षी पार्षद सदन में मेयर मैडम हाय-हाय के नारे लगाते भी नजर आए। हालांकि, मेयर ने सभी पार्षदों से अपील की थी कि वो अपनी सीट पर बैठ जाएं और सदन की कार्यवाही को आगे बढ़ने दें। इससे पहले 30 जनवरी को दिल्ली एमसीडी सदन की बैठक भी हंगामे की वजह से मंगलवार तक के लिए स्थगित कर दी गई थी। उस बैठक में भाजपा पार्षद स्टैंडिंग कमेटी के गठन की मांग कर रहे थे। बीजेपी पार्षदों का आरोप था कि मेयर जानबूझ कर स्टैंडिंग कमेटी का चुनाव नहीं करना चाहती हैं क्योंकि आम आदमी पार्टी को पता है कि उनके पास इस चुनाव में बहुमत नहीं है और कई उनके पार्षद भी सदन में उनके लिए वोट नहीं डालेंगे। बहरहाल सदन में इस हंगामे को लेकर मेयर शैली ओबेरॉय ने कहा, आज एमसीडी सदन की बैठक बुलाई गई थी लेकिन हमेशा की तरह भाजपा पार्षदों ने सदन को चलने नहीं दिया। हम हमेशा भाजपा पार्षदों से अपील करते हैं कि वो इस बैठक को शांतिपूर्ण तरीके से चलने दें। एमसीडी सदन के नेता मुकेश गोयल संशोधन के बाद फाइनल बजट को 8 फरवरी को एमसीडी सदन में रखेंगे। एमसडी कमिश्नर ज्ञानेश भारती ने दिसंबर में सदन में बजट को अप्रूवल के लिए पेश किया था।

# विवाह टूटने के बावजूद माता-पिता का स्थान नहीं बदलता : हाईकोर्ट

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने नाबालिग बेटे के स्कूल रिकॉर्ड में नाम दशार्ने की याचिका को स्वीकार कर लिया। अदालत ने कहा कि विवाह टूटने के बाद भी माता-पिता का स्थान नहीं बदलता। जब पिता जीवित है तो उसकी पूर्व पत्नी द्वारा अपने बेटे के स्कूल प्रवेश फॉर्म से पिता का नाम हटाकर दूसरे पति का नाम डालने का कोई औचित्य नहीं था। महिला को नाबालिग की मां के रूप में स्कूल के रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराने का पूरा अधिकार है, लेकिन वह उसे बच्चे के पिता के रूप में दस्तावेजों में अपना नाम दर्ज कराने के पुरुष के अधिकार से इनकार करने के लिए अधिकृत नहीं कर सकती। न्यायमूर्ति सी हरि शंकर ने कहा कि बच्चे के पिता के रूप में स्कूल रिकॉर्ड में अपना नाम दशार्ने की व्यक्ति की प्रार्थना को अस्वीकार नहीं किया जा सकता है। याचिकाकर्ता की प्रार्थना को स्वीकार करते हुए स्कूल के रिकॉर्ड में (बच्चे के) पिता के रूप में उसका नाम दशार्ने की अनुमति देती है, साथ ही स्कूल को उसका नाम भी दशार्ने का निर्देश देती है। अलग हो चुके जोड़े के बीच कुछ वैवाहिक विवाद उत्पन्न हुए, जिसके परिणाम स्वरूप जून 2015 में एक पारिवारिक अदालत द्वारा दी गई तलाक की डिक्री द्वारा उनकी शादी को रद्द कर दिया गया था।

# पुरानी रंजिश में दो लोगों पर गोली चलाई

नई दिल्ली। वेलकम इलाके में पुरानी रंजिश में दो लोगों पर गोली चला दी गई। दोनों पीड़ित झील पार्क में एक शादी में शामिल होने गए थे। दोनों पीड़ित दूर के भाई हैं। 29 वर्षीय सुमित वेलकम और उनका भाई 39 वर्षीय राहुल बुराड़ी इलाके में रहता है। रविवार रात दोनों एक शादी में शामिल होने के लिए वेलकम में मिले थे। सुमित का आरोप है कि रात करीब 9:30 बजे सोनू, करन, अक्षत और साजन ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। मामला बढ़ने पर आरोपियों ने पिस्टल निकालकर उनके ऊपर गोली चला दी। दोनों पीड़ितों को एक-एक गोली लगी। आरोपियों ने करीब 4-5 महीने पहले माता चौक पर घेरकर सुमित से पहले भी मारपीट की थी। इस दौरान आरोपियों ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया था। फिलहाल दोनों घायलों का इलाज किया जा रहा है।

# पुरानी मस्जिद के ध्वस्तीकरण पर यथास्थित बनाए रखने का आदेश

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को महरौली की 600 वर्ष पुरानी मस्जिद के ध्वस्तीकरण पर यथास्थित बनाए रखने का आदेश दिया है। यह आदेश दिल्ली वक्फ बोर्ड की प्रबंध समिति की याचिका पर पारित किया गया है। अगली सुनवाई 12 फरवरी को होगी। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने स्पष्ट किया कि यथास्थिति केवल इस विशेष संपत्ति के संबंध में है और यह प्राधिकरण को अन्य अवैध संपत्तियों के खिलाफ कार्रवाई करने से नहीं रोकेगी। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील ख्वाजा ने अदालत को बताया कि मस्जिद को कोई नोटिस दिए बिना ध्वस्त कर दिया गया था। यह संरचना लगभग 600 वर्ष पुरानी थी। उन्होंने दलील दी कि संपत्ति पर बने मदरसे और कब्रिस्तान को भी तोड़ दिया गया। डीडीए के स्थायी वकील संजय कात्याल ने आरोपों का खंडन किया और कहा कि मस्जिद को धार्मिक समिति की सिफारिशों के अनुसार ध्वस्त किया गया है। यह वन भूमि पर अतिक्रमण था। बता दें कि महरौली में मस्जिद और बहरुल उलूम मदरसा को डीडीए ने 30 जनवरी को ध्वस्त कर दिया गया था।

# खराब श्रेणी में दिल्ली के 14 इलाकों की हवा

नई दिल्ली। बारिश और तेज हवा के चलते दिल्ली के लोगों को प्रदूषण से खासी राहत मिली है। सोमवार को समग्र तौर पर दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक मध्यम श्रेणी में रहा। हालांकि, दिल्ली के 14 इलाकों की हवा खराब श्रेणी में है। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक, सोमवार को दिल्ली का औसत एक्यूआई 180 अंक पर रहा। एक दिन पहले रविवार को यह सूचकांक 274 के अंक पर था। चौबीस घंटे के अंदर इसमें 94 अंकों का सुधार हुआ है। वहीं, जहांगीरपुरी, वजीरपुर, न्यू मोती बाग, मेजर ध्यान चंद स्टेडियम, विवेक विहार सहित 14 इलाकों का एक्यूआई 250 अंकों से अधिक रहा। वायु गुणवत्ता पूर्व चेतावनी प्रणाली के मुताबिक अगले दो दिनों के बीच दिल्ली की हवा में प्रदूषण का स्तर मध्यम या खराब श्रेणी में बना रहेगा।

# पासपोर्ट पर लगी गोंद से कबूतरबाजी का खुलासा

नई दिल्ली। आईजीआई एयरपोर्ट पर एक पासपोर्ट में मौजूद गोंद के निशान से कबूतरबाजी के मामले का खुलासा हो गया। पुलिस को पता चला कि इस यात्री को फर्जी वीजा पर रूस भेजा जा रहा था। मामले में बीते पांच माह से फरार चल रहे एजेंट मंगू सिंह को एयरपोर्ट पुलिस ने बरनाला से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ पहले भी दो आपराधिक मामले पंजाब में दर्ज हैं। डीसीपी उषा रंगनानी के अनुसार 7 सितंबर 2023 को पंजाब निवासी रेशम सिंह अलमेटी एयरपोर्ट (कजाकिस्तान) से लौटा था। इमिग्रेशन ने जांच में पाया कि उसके पासपोर्ट के एक पेज पर गोंद (ग्लू) के निशान हैं। पूछताछ में उसने बताया कि इस पेज पर रूस का फर्जी वीजा लगा हुआ था, जिसे निकालकर उसने नष्ट कर दिया है। इसके बाद मामला दर्ज कर यात्री को गिरफ्तार कर लिया। उसने पुलिस को बताया कि पंजाब निवासी मंगू सिंह ने उसे विदेश भेजा था। इसके लिए 9 लाख रुपये में सौदा तय हुआ। उसके पिता ने मंगू सिंह द्वारा दिए गए बैंक खाते में तीन लाख रुपये भेज दिए थे। पुलिस को पता चला कि मंगू ने उसे रूस के वीजा पर पुर्तगाल भेजने की बात कही थी। इसके लिए वह अलमेटी होते हुए रूस गया, लेकिन वहां उसे प्रवेश नहीं मिला। भारत लौटने से पहले उसने रूस के फर्जी वीजा को पासपोर्ट से निकालकर नष्ट कर दिया। इसके बाद से आरोपी मंगू सिंह फरार चल रहा था।

# मेट्रो हॉस्पिटल नोएडा ने सिर दर्द मरीजों के लिए लॉन्च किया एडवांस हेडएक क्लीनिक

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




मेट्रो हॉस्पिटल नोएडा ने आज मेट्रो हेडेक क्लीनिक की शुरूआत की. इस विशेष क्लिनिक के शुरू होने से अलग-अलग प्रकार के सिर दर्द से राहत दिलाने के लिए इलाज मुहैया कराया जाएगा.लॉन्च के दौरान मेट्रो ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स के डायरेक्टर व सीनियर न्यूरोलॉजिस्ट डॉ सोनिया लाल गुप्ता मौजूद रहीं. डॉ सोनिया देश के उन चुनिंदा सिर दर्द स्पेशलिस्ट में हैं जो अमेरिका से सर्टिफाइड हैं. डॉ सोनिया के साथ मेट्रो हॉस्पिटल में फिजियोथेरेपी व रिहैबिलिटेशन के हेड डॉ दिनेश समुज मौजूद रहे. डॉ दिनेश नेशनल एथलीट और मशहूर स्पोर्ट्स रिहैबिलिटेशन एक्सपर्ट हैं.

मेट्रो हेडेक क्लीनिक मेट्रो हॉस्पिटल नोएडा में हर बुधवार को दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक चलेगा. जो लोग सिर दर्द की समस्या से जूझ रहे हैं वो यहां पर एक ही विजिट में सिर दर्द स्पेशलिस्ट और फिजियोथेरेपिस्ट से परामर्श ले सकते हैं और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का फायदा उठा सकते हैं. इस तरह के स्पेशलिस्ट होने से मरीज की परिस्तिथि का गहराई से पता लगाने में मदद मिलती है. इसके अलावा, इस क्लीनिक में डायटिशियन और मेंटल हेल्थ एक्सपर्ट भी मौजूद हैं, जिनसे मरीज जरूरत के हिसाब स्पेशलाइज्ड केयर पा सकते हैं.

मेट्रो ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स की डायरेक्टर व सीनियर न्यूरोलॉजिस्ट डॉ सोनिया लाल गुप्ता ने इवेंट लॉन्च के दौरान बताया कि अक्सर लोग सिर दर्द को इग्नोर कर देते हैं या फिर ओवर द काउंटर पेन किलर लेते हैं. ऐसे में सिर दर्द के कारण को बिना पहचाने दवाई का सेवन, इस स्थिति को और भी गंभीर कर सकता है। सिर दर्द 400 से ज्यादा तरह के होते हैं और मेट्रो हेडेक क्लीनिक में पर्सनलाइज्ड केयर पर फोकस किया जाएगा. हर तरह के सिर दर्द की पहचान नहीं हो पाती है, हर मामले में अलग प्रकार के डायग्नोसिस और इलाज की जरूरत होती है और मेट्रो हॉस्पिटल में मरीज के अनुरूप ही इलाज किया जाएगा. मेट्रो हेडेकक्लीनिक विभिन्न प्रकार के सिरदर्द को दूर करने में अपनी विशेषज्ञता के साथ अत्यंतकुशल है।

आमतौर पर सिर दर्द होने के पीछे तनाव, टेंशन और माइग्रेन जैसे कारण होते हैं. वहीं, गंभीर सिर दर्द स्ट्रोक या ब्रेन ट्यूमर की स्थिति में होता है. वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन की रिपोर्ट के मुताबिक, हर साल पूरी दुनिया में 50 फीसदी एडल्ट सिर दर्द की शिकायत से जूझते हैं. माइग्रेन, क्लस्टर हेडेक और टेंशन जैसे प्राइमरी हेडेक ब्लड वेसल्स, मसल्स और नसों की संवेदनशीलता के कारण होते हैं. वहीं, सेकंडरी हेडेक ब्रेन ट्यूमर, स्ट्रोक या डिहाइड्रेशन जैसी वजहों से होते हैं. अगर लगातार सिर दर्द रहता है, और गंभीर दर्द रहता है तो डॉक्टर को दिखाने की जरूरत है. मेट्रो हेडेक क्लीनिक में फिजियोथेरेपी के हेड डॉ दिनेश समुज ने सिर दर्द के इलाज में फिजियोथेरेपी के अहम रोल के बारे में बताया. उन्होंने कहा, हम मल्टी अप्रोच से काम करते हैं जिससे सिर्फ सिर दर्द ही ठीक नहीं किया जाता बल्कि बैलेंस भी रिस्टोर किया जाता है. पोस्चर करेक्शन, मैनुअल थेरेपी, जॉइंट मोबिलाइजेशन और टारगेटेड एक्सरसाइज के जरिए हम सिर्फ सिर दर्द ही नहीं कम करते बल्कि लोगों को मजबूत भी बनाते हैं ताकि वो अपना खुद ख्याल रख सकें. गर्दन की एक्सरसाइज और आराम करने की तकनीक सबसे बुनियादी चीज होती है, वहीं ट्रिगर पॉइंट रिलीज और लाइफस्टाइल में बदलाव के जरिए सिर दर्द से मुक्त जिंदगी जीने के लिए मदद की जाती है.

मेट्रो हॉस्पिटल एक विख्यात हॉस्पिटल है जो विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है. एडवांस सुविधाओं और समर्पित डॉक्टरों की टीम के साथ, हॉस्पिटल का उद्देश्य लोगों को रोग मुक्त कर स्वस्थ बनाना है. हमारी एडवांस केयर फैसिलिटी में कार्डियक साइंसेज, न्यूरोसाइंसेस, ऑर्थोपेडिक्स और जॉइंट रिप्लेसमेंट, रीनल साइंसेज, लिवर और गैस्ट्रो-इंटेस्टाइनल साइंसेज और ऑर्गन ट्रांसप्लांट सहित अन्य स्पेशलाइज्ड सेंटर हैं. ये सेंटर इलाज का एक व्यापक स्पेक्ट्रम प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ते हैं. यहां मरीजों को उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप वर्ल्ड क्लास केयर उपलब्ध कराई जाती है.

# स्थाई समिति का कामकाज करने की अधिकार नगर निगम को देने की मांग पर सुनवाई दो सप्ताह के लिए टली

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



कानूनी व समुचित तरीके से ह्यस्थाई समिति के गठन होने तक दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) को इसके कार्यकलापों को करने की अनुमति देने की मांग को लेकर दिल्ली के महापौर शैली ओबेरॉय की याचिका पर सुनवाई 2 सप्ताह के लिए स्थगित कर दी है। महापौर की याचिका में कहा गया है कि स्थाई समिति के गठन नहीं हो पाने के चलते दिल्ली नगर निगम के कई नागरिक सुविधाओं के साथ-साथ शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग का कामकाज प्रभावित हो रहा है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ के समक्ष महापौर की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि पिछले साल मई में इससे संबंधित एक अलग याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया गया था। इसके बाद पीठ ने मामले में महापौर की याचिका पर सुनवाई दो सप्ताह के लिए टाल दी। सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल 17 मई, शीर्ष अदालत ने दिल्ली सरकार की ओर से दाखिल उस याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया था, जिसमें उपराज्यपाल द्वारा नगर निगम में सदस्यों को मनोनीत करने की उपराज्यपाल की शक्ति को चुनौती दी थी। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में 250 निर्वाचित और 10 मनोनीत सदस्य हैं। दिल्ली सरकार ने आरोप लगाया था कि उपराज्यपाल ने उसकी सलाह के बिना 10 सदस्यों को मनोनीत किया था। दिल्ली सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर उन अधिसूचनाओं को चुनौती है जिसके जरिए उपराज्यपाल (एलजी) द्वारा खुद से एमसीडी में 10 एल्डरमेन को नियुक्त किया था। दिल्ली सरकार ने अधिसूचना रद्द करने की मांग करते हुए शीर्ष अदालत में कहा था कि मंत्रिपरिषद की सहायता और सलाह के बगैर उपराज्यपाल नगर निगम में सदस्यों को मनोनीत नहीं कर सकते। एल्डरमेन की नियुक्ति के विवाद के चलते नगर निगम में अभी तक स्थाई समिति का गठन नहीं हो सका है। दिल्ली की महापौर शैली ओबेरॉय ने अब सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर कहा है कि जब तक स्थाई समिति का गठन उचित और कानूनी तरीके से नहीं हो जाता है तब तक एमसीडी को ही इसके (समिति) का कार्य करने की अनुमति दी जाए। उन्होंने याचिका में कहा है कि जनता की प्रतिनिधि होने के नाते दिल्ली के नागरिकों के प्रति संवैधानिक जिम्मेदारियों को ध्यान में रखते यह मांग की है। याचिका में कहा गया है कि डीएमसी अधिनियम की धारा 3(3)(ए) में परिभाषित सभी निर्वाचित पार्षदों से बना है। याचिकाकर्ता ओबेरॉय की ओर से शीर्ष अदालत में कहा गया है कि स्थाई समिति नहीं होने के चलते कई नागरिक सुविधाएं प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा है कि नगर निगम के कुछ स्कूलों और स्वास्थ्य केंद्रों के लिए पाठ्यपुस्तकों और चिकित्सा आपूर्ति की खरीददारी का काम नहीं हो पा रहा है। याचिका में कहा गया है कि इसके साथ ही सार्वजनिक पार्कों और शौचालयों का रखरखाव का काम भी प्रभावित हो रहा है। इसके अलावा, याचिका में यह भी कहा गया है कि दिल्ली नगर निगम की शक्ति और जवाबदेही दोनों स्थायी समिति से अधिक है

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातः किरण

राजधानी किरण

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, मंगलवार,06 जनवरी, 2024

# आप आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह को झटका

## राज्यसभा सदस्य के तौर पर आज नहीं ले सकेंगे शपथ

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



दिल्ली आबकारी घोटाले से जुड़े मनी लॉड्रिंग मामले में जेल में बंद आम आदमी पार्टी (आप) के नेता संजय सिंह को बड़ा झटका लगा है। राज्यसभा सभापति ने संजय सिंह को सांसद के तौर पर शपथ लेने की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। इस संबंध में सभापति ने कहा कि मामला फिलहाल विशेषाधिकार समिति के पास है। दिल्ली आबकारी घोटाले से जुड़े मनी लॉड्रिंग मामले में जेल में बंद आम आदमी पार्टी (आप) के नेता संजय सिंह को बड़ा झटका लगा है। आप नेता आज सोमवार को राज्यसभा सदस्य के तौर पर शपथ नहीं ले सकेंगे। ऐसा इसलिए है क्योंकि राज्यसभा चेयरमैन जगदीप धनखड़ ने उन्हें इसकी अनुमति देने से इनकार कर दिया है। समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, राज्यसभा सभापति ने संजय सिंह को सांसद के तौर पर शपथ लेने की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। इसके चलते वह आज राज्यसभा सदस्य की शपथ नहीं ले सकेंगे। इस संबंध में सभापति ने कहा कि मामला फिलहाल विशेषाधिकार समिति के पास है। कोर्ट से मिल चुकी है अनुमति-मालूम हो कि 3 फरवरी को राउज एवेन्यू कोर्ट ने संजय सिंह को पांच फरवरी को राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ लेने की इजाजत दी थी। इस संबंध में कोर्ट ने जेल अधिकारियों से आप नेता को सुबह 10 बजे तक संसद ले जाने का आदेश दिया था। बता दें कि संजय सिंह ने राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ लेने और मौजूदा संसद सत्र में भाग लेने के लिए चार से 10 फरवरी तक अंतरिम जमानत की मांग को लेकर एक याचिका दायर की थी। आप नेता की याचिका पर विशेष न्यायाधीश एमके नागपाल ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को नोटिस जारी कर तीन फरवरी तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था। ईडी का आरोप है कि आप नेता की अब समाप्त हो चुकी दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 के निर्माण और कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका थी।

# मनीष सिसोदिया को बड़ी राहत, बीमार पत्नी से हफ्ते में एक बार मिल सकेंगे पूर्व डिप्टी सीएम

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



मनीष सिसोदिया को कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने मनीष सिसोदिया को कस्टडी पैरोल में सप्ताह में एक बार अपनी बीमार पत्नी से मिलने की इजाजत दी है। बैठक के दौरान डॉक्टर भी उनसे मिलेंगे। यह व्यवस्था अगले आदेश तक जारी रहेगी। कोर्ट ने उनकी नियमित जमानत पर सुनवाई 12 फरवरी को दोपहर 2 बजे तय की है। दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने मनीष सिसोदिया को कस्टडी पैरोल में सप्ताह में एक बार अपनी बीमार पत्न ी से मिलने की इजाजत दी है। बैठक के दौरान डॉक्टर भी उनसे मिलेंगे। यह व्यवस्था अगले आदेश तक जारी रहेगी। कोर्ट ने उनकी नियमित जमानत पर सुनवाई 12 फरवरी को दोपहर 2 बजे तय की है। बता दें, इससे पहले कोर्ट ने उनकी न्यायिक हिरासत 22 फरवरी तक के लिए बढ़ा दी थी। पहले भी पत्नी से मिल चुके हैं सिसोदिया-बता दें, दिल्ली शराब घोटाला मामले में मनीष सिसोदिया को पिछले साल 26 फरवरी को गिरफ्तार किया गया था। उनकी पत्नी लंबे समय से बीमार चल रही है। वह कई बार कोर्ट से गुहार लगा चुके हैं कि उन्हें पत्नी से मिलने की अनुमति दी जाए। हालांकि कोर्ट ने उन्हें कई बार पत्न ी से मिलने की अनुमति दे चुके हैं। अब वह हर हफ्ते ही पत्नी से मिल सकेंगे। 23 साल से बीमारी से ग्रसित हैं सीमा-दरअसल, मनीष सिसोदिया की पत्नी सीमा एक ऐसी बीमारी से बीते 23 साल से ग्रसित हैं, जिससे उनके मस्तिष्क का नियंत्रण उनके शरीर पर कम रहता है। ऐसे में उन्हें चलने-बैठने आदि में परेशानी होती है। सीमा सिसोदिया को मल्टीपल स्क्लेरोसिस नामक बीमारी है। यह बड़ी ही अजीब बीमारी है जिसके बारे में कम लोग जानते हैं। सिसोदिया कोर्ट में याचिका दायर कर पत्नी के साथ कुछ समय रहने की मांग की थी। क्या है सीमा सिसोदिया की बीमारी-मल्टीपल स्क्लेरोसिस ऑटोइम्युन की बीमारी है। इस बीमारी में अपनी प्रतिरोधक क्षमता शरीर की कोशिकाओं को ही नुकसान पहुंचाने लगती है, जो मस्तिष्क व रीढ़ की हड्डी को प्रभावित करती है। इस वजह मस्तिष्क का शरीर के अन्य हिस्सों पर नियंत्रण कम होने लगता है। साथ ही मांसपेशियां कमजोर होने लगती हैं। उन्हें मल्टीपल स्क्लेरोसिस की बीमारी पहले से है और अपोलो में उनका इलाज भी चलता रहा था।

# यमुना पर बनेगा रेलवे का नया पुल

- नई दिल्ली से गाजियाबाद के बीच ट्रेनों की आवाजाही होगी आसान

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



नई दिल्ली और हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन से गाजियाबाद जाने के लिए इस समय उपलब्ध पुल तिलक ब्रिज पर दो ट्रैक हैं। इन दोनों स्टेशनों पर ट्रेनों की संख्या बढ़ने से ट्रैक बढ़ाने की आवश्यकता है जिसका काम चल रहा है। इस कारण नए पुल की भी जरूरत है। यमुना के 22 किलोमीटर के हिस्से में पहले से चालू व निमार्णाधीन मिलाकर कुल 25 पुल हैं। अक्सर आउटर पर खड़ी रहती हैं ट्रेनें नई दिल्ली और हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन से गाजियाबाद जाने के लिए इस समय उपलब्ध पुल तिलक ब्रिज पर दो ट्रैक हैं। इन दोनों स्टेशनों पर ट्रेनों की संख्या बढ़ने से ट्रैक बढ़ाने की आवश्यकता है, जिसका काम चल रहा है। इस कारण नए पुल की भी जरूरत है। नई लाइन के अभाव में ट्रेनों को समय पर चलाने में परेशानी होती है। अक्सर ट्रेनें आउटर पर खड़ी रहती हैं। निर्माण पर लगभग 218 करोड़ रुपये होंगे खर्च-अधिकारियों का कहना है कि समस्या के समाधान के लिए जल्द ही पुल का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। अगले लगभग एक वर्ष में इसे तैयार करने का लक्ष्य है। प्रस्तावित पुल के निर्माण पर लगभग 218 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसके बनने से पूर्व दिशा के यात्रियों को लाभ होगा। सुगम ट्रेन परिचालन को उठाए गए कदम-तिलक ब्रिज से आनंद बिहार के बीच तीसरी और चौथी लाइन बिछाने का काम चल रहा है। दो वर्ष पहले तिलक ब्रिज से नई दिल्ली के बीच पांचवीं और छठी लाइन शुरू की गई है। दो नई लाइन बनने से समस्या कुछ कम हुई है। रेलवे का होगा यह चौथा पुल-इस समय राजधानी में यमुना पर पुराना लोहा पुल व तिलक ब्रिज रेलवे के दो पुल के माध्यम से ट्रेनों की आवाजाही होती है। पुरानी दिल्ली से शाहदरा के बीच पुराना लोहा पुल है। डेढ़ सौ वर्ष से अधिक पुराने इस पुल के समानांतर एक नया पुल बनाया जा रहा है। इसका काम लगभग पूरा होने वाला है। यमुना पर पहले से हैं 25 पुल-दिल्ली में यमुना के 22 किलोमीटर के हिस्से में पहले से चालू व निमार्णाधीन मिलाकर कुल 25 पुल हैं। मेट्रो के चार चालू व एक निमार्णाधीन, आरआरटीएस का एक निमार्णाधीन, रेलवे के दो चालू व एक निमार्णाधीन पुल है। इसके अतिरिक्त 16 सड़क मार्ग के पुल हैं।

# 600 साल पुरानी महरौली की अखोनजी मस्जिद को गिराने पर लगी रोक

- न्यायमूर्ति सचिन दत्ता की पीठ ने दिल्ली वक्फ बोर्ड की प्रबंध समिति द्वारा दायर एक जरूरी आवेदन पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया। इस मामले में अगली सुनवाई 12 फरवरी को होगी

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



दक्षिणी दिल्ली के महरौली में अवस्थित 600 साल पुरानी अखोनजी मस्जिद पर दिल्ली हाईकोर्ट ने यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया है। डीडीए की इस कार्रवाई को लेकर दिल्ली वक्फ बोर्ड की प्रबंध समिति ने कोर्ट में याचिका दायर की थी। इस मामले में अगली सुनवाई 12 फरवरी को होगी। कोर्ट ने कहा कि मस्जिद के खसरा से बाहर डीडीए कार्रवाई के लिए स्वतत्र है। महरौली स्थित 600 साल पुरानी मस्जिद के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई पर दिल्ली हाईकोर्ट ने यथास्थिति बनाए रखने का डीडीए को निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता की पीठ ने दिल्ली वक्फ बोर्ड की प्रबंध समिति द्वारा दायर एक जरूरी आवेदन पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया। इस मामले में अगली सुनवाई 12 फरवरी को होगी। साथ ही अदालत ने स्पष्ट किया कि यथास्थिति आदेश केवल उस खसरा नंबर के संबंध में पारित किया गया है, जहां मस्जिद स्थित थी। यह आदेश डीडीए पर आसपास के क्षेत्रों पर कार्रवाई करने में बाधा नहीं बनेगी। दिल्ली वक्फ बोर्ड की प्रबंध समिति द्वारा 2022 से लंबित याचिका पर दायर किया गया है। बोर्ड की प्रबंध समिति का मामला यह है कि मस्जिद और मदरसा को 30 जनवरी को ध्वस्त कर दिया गया था। डीडीए ने सुनवाई के दौरान पीठ को सूचित किया कि उक्त कार्रवाई धार्मिक समिति की सिफारिशों के अनुसार की गई थी। बोर्ड के सीईओ को मिला था सुनवाई का अवसर-डीडीए ने यह भी कहा कि उक्त निर्णय लेने से पहले धार्मिक समिति ने दिल्ली वक्फ बोर्ड के सीईओ को सुनवाई का अवसर दिया था। वहीं, वक्फ बोर्ड की प्रबंध समिति की ओर से पेश वकील ने कहा कि धार्मिक समिति के पास किसी भी ध्वस्तीकरण की कार्रवाई का आदेश देने का कोई अधिकार क्षेत्र नहीं है।

# लायंस क्लब दिल्ली वेज ने प्रेरणादायक महिलाओं का जश्न मनाते हुए महिला प्रेस्टीज अवार्ड्स 2024 के चौथे संस्करण की मेजबानी की

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता




लायंस क्लब दिल्ली वेज ने इंडो म्यांमार फ्रेंडशिप एसोसिएशन और नारी शक्ति - एक नई पहल फाउंडेशन के सहयोग से महिला प्रेस्टीज अवार्ड्स 2024 के चौथे संस्करण की गर्व से मेजबानी की। म्यांमार के दूतावास में आयोजित इस कार्यक्रम में सेवा प्रदान की गई। विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान देने वाली असाधारण महिलाओं को सम्मानित करने और जश्न मनाने के लिए एक मंच के रूप में। प्रतिष्ठित समारोह में मुख्य अतिथि, म्यांमार के राजदूत महामहिम श्री मो क्याव आंग, और विशेष अतिथि, रूस, अंगोला, फिलिस्तीन के दूतावासों के राजनयिक और महामहिम श्री केएल गंजू सहित सम्मानित अतिथियों ने भाग लिया। एच) कोमोरोस संघ के काउंसिल जनरल। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रसिद्ध व्यक्तित्व आचार्य लोकेश मुनि और दिल्ली के पूर्व सीपी श्री राकेश अस्थाना ने कार्यक्रम की भव्यता बढ़ाई। भारत, वियतनाम, रूस, म्यांमार और कोरिया जैसे विविध पृष्ठभूमि और क्षेत्रों से आने वाली कुल 121 महिलाओं को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। कर्नाटक, हैदराबाद, दिल्ली, हरियाणा, यूपी, महाराष्ट्र, राजस्थान, मध्य प्रदेश और जम्मू-कश्मीर सहित भारत भर के विभिन्न शहरों का प्रतिनिधित्व करने वाली इन उल्लेखनीय महिलाओं को उनके अनुकरणीय योगदान के लिए मान्यता दी गई। लायंस क्लब दिल्ली वेज के चार्टर अध्यक्ष लायन डॉ. गौरव गुप्ता, योग्य प्राप्तकताओं को पुरस्कार प्रदान करने में विशिष्ट अतिथियों के साथ शामिल हुए। कार्यक्रम में उद्यमिता, एनजीओ कार्य, व्यवसाय, शिक्षण, पत्रकारिता, कूटनीति, फैशन, स्वास्थ्य देखभाल, कानूनी, परामर्श और आभूषण जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। कुछ उल्लेखनीय पुरस्कार विजेताओं में रेलिगेयर समूह की कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. रश्मी सलूजा, डॉ. रमा पांडे, प्रोफेसर लता, डॉ. किरण, सुश्री सफीना जोसेफ और सुश्री टिन टिन शामिल हैं।

# दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में निजी ईमेल के इस्तेमाल पर रोक

## साइबर अटैक की आशंका के चलते लिया फैसला

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता




केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के सफदरजंग अस्पताल में डॉक्टरों और कर्मचारियों के लिए निजी ईमेल आईडी के इस्तेमाल पर रोक लगा दिया गया है। इस बाबत अस्पताल प्रशासन ने हाल ही में एक आदेश जारी किया है। निजी ईमेल आईडी की जगह अस्पताल से संबंधित सरकारी और विभागीय कामकाज के लिए सिर्फ अस्पताल द्वारा जारी सरकारी ईमेल आईडी का की इस्तेमाल करने का निर्देश दिया गया है। इसलिए अस्पताल के डॉक्टर और कर्मचारी विभागीय काम काज के लिए अब सिर्फ ऑफिशियल ईमेल आईडी का ही इस्तेमाल कर पाएंगे। ताकि अस्पताल के डाटा और सर्वर को हैक करने की गुंजाइश ना रहे। इस्तेमाल न करने पर ब्लाक हो जाएगी ईमेल आईडी- अस्पताल के डॉक्टरों और कर्मचारियों के ऑफिशियल ईमेल आईडी भी बने हुए हैं, लेकिन बहुत डॉक्टर और कर्मचारी संवाद के लिए निजी ईमेल आईडी का इस्तेमाल करते हैं। अस्पताल के सूचना तकनीक और वेब प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि 90 दिन से अधिक समय तक ऑफिशियल ईमेल आईडी का इस्तेमाल नहीं करने पर वह ब्लाक हो जाएगा। 2022 में एम्स के सर्वर पर हुआ था रैनसमवेयर का अटैक-इसलिए इसका इस निर्धारित अवधि से पहले इस्तेमाल सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। अस्पताल सूत्रों के अनुसार इस आदेश का एक कारण साइबर हमले की आशंका है। नवंबर 2022 में एम्स के सर्वर पर रैनसमवेयर का अटैक हुआ था। इससे लंबे समय तक एम्स में ऑनलाइन सेवाएं प्रभावित रही थी। सफदरजंग अस्पताल में भी पहले सर्वर हैक करने की कोशिश हो चुकी है। अक्सर ईमेल के जरिए हैकर सर्वर हैक करने कोशिश करते हैं। यही वजह कि अस्पताल में निजी ईमेल आईडी का इस्तेमाल रोकने का आदेश जारी हुआ है।

# अरविंद केजरीवाल पर चलेगा मानहानि का मुकदमा

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें फिर से बढ़ सकती हैं। यूट्यूबर के वीडियो को री-पोस्ट करने के मामले में उनपर मानहानि का मुकदमा चलेगा। अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली हाईकोर्ट में निचली अदालत द्वारा मानहानि मामले में समन जारी करने के आदेश को चुनौती दी थी। इसे हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया। दिल्ली हाईकोर्ट ने भाजपा आईटी सेल पर यूट्यूबर ध्रुव राठी के एक वीडियो को री-ट्वीट करने पर अरविंद केजरीवाल के खिलाफ दायर आपराधिक मानहानि मामले को रद्द करने से इनकार कर दिया। अदालत ने कहा कि अरविंद केजरीवाल को बड़ी संख्या में लोग फॉलो करते हैं और वह वीडियो को री-पोस्ट करने के परिणामों को समझते हैं। अपमानजनक सामग्री को री-पोस्ट करना मानहानि के समान है। अदालत ने यह निष्कर्ष निकाला कि केजरीवाल का कथित रूप से अपमानजनक सामग्री को शेयर (साझा) करना एक प्रकार से सार्वजनिक समर्थन के समान है और वह ऐसी सामग्री पोस्ट करने के नतीजों को समझते हैं।

# राजस्थानी अकादमी ने नई दिल्ली में म्यांमार दूतावास में शानदार वार्षिक पारिवारिक पिकनिक का आयोजन किया




नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

राजस्थानी अकादमी ने इंडो म्यांमार फ्रेंडशिप एसोसिएशन के सहयोग से 4 फरवरी, 2024 को नई दिल्ली में म्यांमार के दूतावास में अपने वार्षिक पारिवारिक पिकनिक का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस कार्यक्रम ने अकादमी के सदस्यों को खुशी, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और सौहार्दपूर्ण दिन के लिए एक साथ लाया। अकादमी के सदस्यों ने स्वादिष्ट व्यंजनों, सुखद मौसम और विभिन्न प्रकार की मनोरंजक गतिविधियों के संयोजन से एक सुखद अनुभव का आनंद लिया। इस दिन कठपुतली शो, बांस आदमी, राजस्थानी नृत्य और जीवंत कच्ची घोड़ी नृत्य जैसे मनोरम प्रदर्शनों के माध्यम से राजस्थानी संस्कृति की समृद्ध विरासत का प्रदर्शन किया गया। राजस्थानी अकादमी के अध्यक्ष डॉ. गौरव गुप्ता ने सम्मानित अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया, उन्हें रंगीन भारतीय पटकों से अलंकृत किया, जिससे उत्सव का माहौल तैयार हो गया। सचिव सुमन माहेश्वरी ने अपनी भावपूर्ण कविता से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, और कार्यक्रम में साहित्यिक लालित्य का स्पर्श जोड़ा। इस अवसर के मुख्य अतिथि म्यांमार के राजदूत महामहिम श्री मो क्याव आंग थे, जिन्होंने अपनी उपस्थिति से इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। समारोह को रूस, अंगोला और फिलिस्तीन के दूतावासों के प्रतिष्ठित मेहमानों की उपस्थिति ने और भी सुशोभित किया, जिससे सभा के बहुसांस्कृतिक सार में योगदान हुआ। जेके ऑफसेट ग्राफिक्स के सौजन्य से 32वीं राजस्थानी चित्रकला प्रतियोगिता के विजेता चित्रों से युक्त राजस्थानी अकादमी कैलेंडर भी जारी किया गया।

# भए प्रगट कृपाला श्री रामलला महोत्सव के भव्य आयोजन की प्रस्तुति

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



रामलला महोत्सव भए प्रगट कृपाला भव्य कार्यक्रम का आयोजन नवदृष्टि ग्रुप द्वारा रूपयापैसा डॉटकॉम कम्पनी के संयुक्त तत्वाधान में दिल्ली स्थित श्री खाटू श्याम दिल्ली धाम में हजारों लोगों के साथ मनाया गया। भव्य आयोजन के मुख्य प्रायोजक श्री मुकेश पाण्डे रहे। और कार्यक्रम का आयोजन नवदृष्टि ग्रुप के डायरेक्टर संजय सिंघल, नीतू सिंघल एवं उनकी पूरी टीम आयोजन में सम्मिलित रहीं। सम्पूर्ण कार्य में श्री घनश्याम गुप्ता जावेरी जी जो श्री खाटू श्याम दिल्ली धाम के राष्ट्रीय अध्यक्ष है का विशेष सहयोग रहा। कई महीनों की तयारियों के उपरान्त श्री राम लला महोत्सव की भव्य शुरूआत 108 महाकुण्डीय यज्ञ से हुई। जिसमें सभी यजमानों ने श्रद्धापूर्वक भाग लिया और सुबह 12:15 बजे भव्य वातावरण में शुद्ध मुहर्त में यज्ञ सम्पन्न हुआ। सभी ने अल्पाहार एवं हवन के बाद भोजन प्रसाद का आनन्द लिया। इसके उपरान्त ढोल नगाड़ों के साथ भव्य राम लला महोत्सव की स्वागत बारात निकाली गई जिसमें कार्यक्रम से जुड़े सभी दानदाताओं, संस्था के साथ जुड़ी महिलाओं ने एक जैसी साड़िया पहनकर रौनक लगा दी। संगीत और ढोल नगाड़ों से सारा वातावरण सुन्दर एवं मनमोहक हो गया। श्री राम के आगमन के स्वागत में भक्त भाव विभोर हो उठे और नृत्य एवं डांस के साथ जय श्रीराम के खूब नारे लगे। कार्यक्रम के साथ जुड़े सभी आयोजनक्रताओं सी.ए. सुशील तायल, राजेश गोयल, दिनेश गोयल, डॉ. जे.पी. अग्रवाल, संजय सिंघल, नीतू सिंघल, करूणा गोयल, अमित जैन, प्रदीप गोयल, मीनू गुप्ता, अजय मित्तल, मनोज शर्मा, कुसुम अग्रवाल, रश्मी सोनी, अवधेश कुमार, आशीष अग्रवाल, विजय गुप्ता, राजेश जिंदल, अशोक बंसल एवं गीता तायल ने अपने परिवार एवं मित्रगणों के साथ सामूहिक रूप से सहयोग किया। इस भव्य कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यक्रम के मुख्य सरंक्षक श्री सुनील सिंघल, अनिल मित्तल (सीएमडीः सतमोला), संजय त्यागी (चेयरमैनः सेंट फ्रोबेल सीनियर सेकेंडरी स्कूल), श्री जय भगवान तायल, ललित गोयल, योगेश गोयल, अंशुल विमल जैन, अरूण जुल्का, मदन लाल एवं सभी ने सहयोग किया। पूरा खाटू श्याम धाम राममयी हो गया। सभी को भोजन प्रसाद एवं प्रसाद का वितरण किया गया। भव्य कार्यक्रम की प्रस्तुति पंडित हरवंश जी द्वारा की गई। इसी प्रथम में एक बहुत ही सुन्दर राम भजन ह्यराम आयो रेह्व थी। सभी आयोजनकताओं द्वारा तैयार किया गया, कार्यक्रम में सभी ने भाग लिया और कार्यक्रम को सराहा। 500 वर्षों बाद राम लला की स्थापना दिवस की पूर्ण संध्या पर आयोजित इस कार्यक्रम को समस्त मीडिया अपनी दिल्ली, मेरी दिल्ली, स्वतन्त्र दिशा पत्र, नवदृष्टि टाईम्स एवं कई चैनलों के माध्यम से दशार्या गया। नवदृष्टि ग्रुप हमेशा ही अपने शानदार आयोजनों के लिए प्रख्यात है। नवदृष्टि ग्रुप का समाज के लिए हमेशा बढचढकर योगदान रहता है।

# मौके पर ही मौत

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

दिल्ली-जयपुर हाईवे पर बिलासपुर थाना क्षेत्र में सिधरावली फ्लाईओवर के पास पीछे से आए ट्रक ने पहले दो बार एक कार में टक्कर मारी। जब कार चालक ने उतरकर ट्रक को रोकने का प्रयास किया तो ड्राइवर ने उस पर ट्रक चढ़ा दिया और फरार हो गया। इसमें उसकी मौत हो गई। पुलिस ने संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू की है।

# युवक की चाकू से वार कर हत्या करने वाले नाबालिग लुटेरे पकड़े, सीसीटीवी फुटेज में मिले थे अहम सबूत

- युवक की पहचान उत्तर प्रदेश के औरैया जिले के सुजानपुर गांव के विवेक कुमार के रूप में हुई

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



काम की तलाश में उत्तर प्रदेश से दिल्ली आए युवक को नांगलोई इलाके में लुटेरों ने लुटपाट के दौरान चाकू से वार कर मौत के घाट उतार दिया। युवक की पहचान उत्तर प्रदेश के औरैया जिले के सुजानपुर गांव के विवेक कुमार के रूप में हुई। वह निहाल विहार इलाके में रहने वाले चचेरे भाई के साथ टीवी शोरूम में काम करना चाहता था। नांगलोई थाना पुलिस ने युवक की हत्या के मामले में तीन नाबालिगों को पकड़ा है। उनके पास से खून से सना चाकू, बाइक, मृतक के कपड़े, बैग व लूटा हुआ कीमती सामान बरामद किया गया है। अस्पताल में हुई थी विवेक की मौत-पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है। बाहरी जिला पुलिस उपायुक्त जिम्मी चिरम ने बताया कि बृहस्पतिवार को नांगलोई थाना पुलिस को जानकारी मिली थी कि लूटपाट के दौरान कुछ लोगों ने एक युवक को चाकू मार दिया है। घायल सड़क पर पड़ा है। पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे तो पता लगा कि घायल को अस्पताल ले जाया गया है। अस्पताल जाकर पता चला कि विवेक की मौत हो चुकी है। नांगलोई थाना पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। इस दौरान कुछ लड़कों की पहचान की गई। इसके बाद टीम ने छापेमारी कर तीनों को पकड़ लिया। उनकी निशानदेही पर खून से सना हुआ चाकू, खून से सना नकदी वाला लूटा हुआ बैग, अपराध में इस्तेमाल की गई बाइक बरामद की गई। आरोपितों ने बताया कि उन्होंने विवेक का बैग, मोबाइल और उसका पर्स लूटा था। विवेक के पिता व बड़ा भाई खेती करते हैं।उनके रिश्तेदार निहाल विहार इलाके में रहते हैं और उसका चचेरा भाई दिल्ली के एक टीवी शोरूम में सेल्समैन है। विवेक अपने चचेरे भाई के साथ दिल्ली में सेल्समैन के रूप में काम करना चाहता है। छह आरोपितों से सात मोबाइल व बाइक बरामद-उधर, पश्चिमी जिला पुलिस ने छह झपटमारों को गिरफ्तार कर उनके पास से सात मोबाइल, बाइक, स्कूटी व चाकू बरामद किया है।आरोपितों की पहचान करोल बाग के गुलशन उर्फ नोनी, कैलाश पुरी के बिल्लू उर्फ बिल्ली, उत्तम नगर के करण सिंह उर्फ सरदारा, सुल्तानपुरी के सागर, दीपक व मादीपुर के अभय शुक्ला के रूप में हुई है। पुलिस का दावा है कि आरोपितों की गिरफ्तारी से दस आपराधिक मामलों को हल कर लिया गया है। पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त विचित्र वीर ने बताया कि शनिवार को हरि नगर, जनकपुरी, मायापुरी और पंजाबी बाग थाना पुलिस ने छह झपटमारों को पकड़ा।इनके पास से सात मोबाइल, बाइक, स्कूटी व चाकू बरामद हुआ।इनकी गिरफ्तारी से दस आपराधिक मामलों को हल कर लिया गया है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### लूट के मामले में फरार अप्राथमिकी अभियुक्त गिरफ्तार





पतरघट/सहरसा। पुलिस ने रविवार की रात फाइनेंस कंपनी कर्मी के साथ लूट के मामले में फरार अप्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। ओपी अध्यक्ष अजय कुमार पासवान ने बताया कि बीतें 11 सितंबर को एलएण्डटी फाइनेंस कंपनी के कर्मी के साथ गोलमा बैंक जाने के दौरान घोघनपट्टी से पश्चिम पूल के समीप 27 लाख का लूट कर बाइक सवार बदमाश भागने में सफल रहा था। उक्त लूट की घटना में फाइनेंस कंपनी कर्मी के आवेदन पर सौरबाजार थाना कांड संख्या 544/23 अज्ञात के खिलाफ दर्ज किया गया था। पतरघट पुलिस द्वारा घटना में संलिप्त लुटेरा गिरोह के कई सदस्य की गिरफ्तारी की गई थी। 27 लाख की लूट के मामले में फरार चल रहे अप्राथमिकी अभियुक्त सिमरी बख्तियारपुर थाना क्षेत्र के हसुलिया निवासी नन्द किशोर यादव पिता उपेन्द्र यादव को कबीरा बाजार से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

### ठेकेदार के घर में हुआ लाखों की चोरी



सोनवर्षा राज/सहरसा। प्रखंड क्षेत्र के बसनही थाना क्षेत्र के मंगवार गांव निवासी संजीव कुमार सिंह उर्फ टुटु सिंह के घर में विती शुक्रवार की रात हुई भीषण चोरी। घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार मंगवार पंचायत वार्ड नंबर 4 निवासी संजीव कुमार सिंह विते एक सप्ताह से घर से बाहर निकले हुए थे उनकी पत्नी बच्चों के साथ घर पर रह रही थी लेकिन वो भी तीन दिन पहले पुरे घर में ताला लगाकर अपने बिमार पिता से मिलने मायके चली गई थी। इसी बीच विते शुक्रवार की रात अज्ञात चोरों ने मुख्य द्वार सहित तीन गेटों का ताला तोड़ते हुए घर के अंदर दाखिल हुआ फिर बारी दो गोदरेज के लॉकर को तोड़ते हुए लाखों का जेवरात व नकदी लेकर फरार हो गया। जब सुबह हुआ तो परोसी ने देखा कि मुख्य द्वार सहित पूरे घर का गेट खुला हुआ है और ताला भी टुटा हुआ है। फोन पर गृह स्वामी को मिली घटना की जानकारी - वहीं घटना के बाद ठीकेदार की पत्नी छाया सिंह ने बताया कि चोरों ने चार चुड़ी, एक मंगलसूत्र, गला का हार, कान का तीन, अंगुठी तीन ( सभी सोना ) चांदी का कठोरा, चम्मच, सहित चार लाख नगदी की चोरी हुई हैं। घटना की जानकारी पर पहुंची बसनही पुलिस, सक के आधार पर एक युवक को पुछताछ के लिए ले गया थाना।

### बेलदौर ने पुरैनी टीम को 30 रन से हराकर किया सेमीफाइनल में प्रवेश



आलमनगर (मधेपुरा)। नगर पंचायत स्थित पानी टंकी खेल मैदान में आयोजित टी-20 क्रिकेट टूनार्मेंट के पहले क्वार्टर फाइनल मुकाबले में बेलदौर क्रिकेट क्लब आई टीम ने पुरैनी क्रिकेट क्लब टीम को 30 रन से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। क्वार्टर फाइनल मुकाबले का शुभारंभ बीडीओ निशांत कुमार ने टॉस उछालकर किया साथ ही दोनों टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। यहां खेले गए प्रथम क्वार्टर फाइनल मैच में बेलदौर के कप्तान सौरव कुमार ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी बेलदौर की टीम के राहुल 27, बिट्टू कुमार 26 एवं विकास कुमार के 24 रनों की पारी की बदौलत 20 ओवरों में सात विकेट खोकर 143 रन का लक्ष्य पुरैनी टीम को दिया। वही पुरैनी की ओर से अमरजीत ने 2, विकास मेहरा 2, मिट्ठू उमेश व धीरज ने 1-1 विकेट लिए। जवाब में खेलने उतरी पुरैनी की टीम ने 18.2 ओवर में ही 113 रनों पर पुरैनी के पूरी टीम सिमट गई। वही कप्तान सौरभ कुमार 3 राहुल 3 और सूजाम व राजा के 2झ2 विकेट लेकर पुरैनी टीम को 113 रनों पर सभी विकेट को आउट कर दिया और 30 रनों से जीत का लक्ष्य हासिल कर लिया। मैच में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बेलदौर टीम के राहुल कुमार को मैन आफ द मैच पुरस्कार आलमनगर क्रिकेट क्लब के विकास कुमार ने प्रदान किया। मैच में निर्णायक की भूमिका जहां रंजन कुमार व संदीप कुमार ने अदा की। वहीं स्कोरर अविनाश झा उर्फ पांडया जबकि उद्घोषक इंडियन इब्राहिम ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

# धरोहर बचाओ, विरासत बचाओ, पटना म्यूजियम बचाओ, देश बचाओ, नारो के साथ आज पटना में होगा आंदोलन तेज

## पटना के आंदोलन में 52 कोठरी 53 द्वार का जीर्णोद्धार एवं पर्यटन स्थल घोषित करने की उठेगी मांग

प्रात: किरण संवाददाता




खगड़िया। धरोहर विरासत बचाओ - देश बचाओ अभियान का बैठक अशोक बैंक्विट बाजार समिति रोड खगड़िया में हुई जिसकी अध्यक्षता संस्थापक अध्यक्ष किरण देव यादव ने किया। उन्होंने कहा कि पटना बुद्ध मार्ग अवस्थित पुराना म्यूजियम संग्रहालय जादूगर के अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा है उसे संरक्षण संवर्धन एवं विस्तारीकरण करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि 2017 से म्यूजियम बंद पड़ा है, निजीकरण कर एनजीओ को सौंप दिया गया है, संचालक भ्रष्टाचार में लिप्त है। वहीं राहुल सांकृत्यायन द्वारा दुरुह चार देशों की यात्रा से संबंधित पुराने म्यूजियम में एकत्रित कई दुर्लभ पांडुलिपि, ताम्रपत्र एवं विभिन्न अद्भुत दुर्लभ सामग्रियों को अधिकांशतः नए म्यूजियम में शिफ्ट किया जा रहा है, जिससे क्षतिग्रस्त होने की संभावना है। वहीं बिहार सरकार ने 542 करोड रुपए की लागत से पुराने म्यूजियम से नए म्यूजियम तक सुरंग बनाकर आर्ट गैलरी का निर्माण करने का महत्वाकांक्षी योजना बनाई है जिससे पुराने म्यूजियम का आधा से अधिक भाग क्षतिग्रस्त होगा, जिससे अंग्रेज जमाने के भव्य सुंदर इमारत म्यूजियम का अस्तित्व सुंदरता वास्तुशिल्प समाप्त हो जाएगी।

श्री यादव ने कहा कि मैग्सेसे पुरस्कार से सम्मानित डॉक्टर संदीप पांडे एवं राहुल सांस्कृत्यान का पुत्री जया सांस्कृत्यायन पटना आकर संग्रहालय के अस्तित्व के साथ खिलवाड़ करने के खिलाफ संग्रहालय बचाओ संघर्ष अभियान के संयोजक वरिष्ठ पत्रकार पुष्पराज के संयोकत्व में धरना प्रदर्शन कर सरकार से धरोहर को बचाने की मांग किया गया था। बावजूद इसके सरकार के कान पर जूं तक नहीं रेंगा है। श्री यादव ने कहा कि पुराना म्यूजियम जैसे ऐतिहासिक धरोहर के अस्तित्व को बचाने, म्यूजियम सहित सभी धरोहर का संरक्षण संवर्धन सविस्तारीकरण करने, म्यूजियम के निजीकरण प्रक्रिया को बंद करने, म्यूजियम को पूर्ववत नियमित खोलने, सुरंग का निर्माण अन्यत्र आसपास के रिक्त स्थल से करने, खगड़िया जिले के भारत खंड के 52 कोठारी 53 द्वार का जीर्णोद्धार करने एवं पर्यटन स्थल घोषित करने, पीरनगरा का कुआं, चंदवा डीह, अलौली गढ़, अघोरी स्थान का जीर्णोद्धार करने आदि मांगों को लेकर 6 फरवरी 2024 को पुरानी संग्रहालय पटना के समक्ष धरना प्रदर्शन सभा किया जाएगा।

उक्त आंदोलन को देश बचाओ अभियान के द्वारा "धरोहर बचाओ, विरासत बचाओ, देश बचाओ" नारों के साथ सरपंच रणजीत केसरी, पूर्व मुखिया अंजनी कुमार, मोहम्मद अनवर अंसारी, समाजसेवी मधुबाला, प्रफुल्ल चंद्र घोष, उमेश ठाकुर, धर्मेंद्र कुमार, गुड्डू ठाकुर , मनोज कुमार, कालेश्वर ठाकुर, दीना चंद्रवंशी, चंद्रशेखर मंडल, अमरीश यादव, गौतम गुप्ता, चंद्रहास यादव, मुरली रविदास, कमल किशोर यादव, लालमणि सदा, दिनेश साह, राम सुचित पासवान आदि उपरोक्त मुद्दे को पटना के आंदोलन में मजबूती से उठाते हुए बिहार सरकार से मांग करेगी।

# श्रीमद्भागवत कथा आयोजन को ले निकाली गई कलश शोभायात्रा

प्रात: किरण संवाददाता



मुरलीगंज (मधेपुरा) प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बेलो कला पंचायत के खेल मैदान पर सोमवार से आयोजित श्रीमद्भागवत कथा को लेकर विधि विधान के साथ कलश शोभा यात्रा निकाली गई। वैदिक मंत्रोच्चारण उपरांत गाजे बाजे के साथ 501 कन्याओं ने कलश शोभा यात्रा में शामिल हुई। यज्ञ स्थल से कलश शोभा यात्रा निकल गांव में विभिन्न मार्गो का भ्रमण करते हुए आयोजन स्थल पर संपन्न हुआ। धार्मिक आयोजन को लेकर आस पास का वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। श्रीमद्भागवत कथा आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि सात दिनों तक कथा वाचन होगा। ग्रामीणों के सहयोग से भागवत कथा का आयोजन हुआ है। जिसमें कथा वाचन श्री लोकेश कृष्ण जी महाराज के द्वारा किया जाएगा। आयोजन को लेकर गांव में उत्साह का माहौल कायम है। कलश शोभा यात्रा में भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। शोभा यात्रा में कथा वाचन कर्ता श्री लोकेश कृष्ण जी महाराज ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा में भगवान श्री कृष्ण को सभी देवों व स्वयं भगवान के रूप में दशार्या गया है। भागवत कथा में रस भाव की भक्ति को भी बताया गया है। इसमें भगवान श्री कृष्ण की अनेक लीलाओं का वर्णन किया गया है जिसके सार को सुनकर मोक्ष की प्राप्ति होती है। मुखिया दयानंद कुमार यादव, पूर्व मुखिया स्वदेश कुमार, सरपंच छोटे सरदार, डॉ राकेश रौशन, नीरज कुमार सहित समाजसेवी, जनप्रतिनिधि और ग्रामीण शामिल रहे।

# भूमिहीन विद्यालयों में जमीन उपलब्ध कराने की दिशा में लाएं तत्परता

प्रात: किरण संवाददाता




मधेपुरा । जिलास्तरीय साप्ताहिक समन्वय-सह-समीक्षा बैठक सोमवार को जिलाधिकारी विजय प्रकाश मीणा की अध्यक्षता में डीआरडीए परिसर स्थित झल्लू बाबू सभागार हुई। बैठक में विधि विभाग की समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी ने उच्च न्यायालय से संबंधित लंबित वादों के संबंध में निर्देश दिया कि अविलंब अपने-अपने विभाग से लंबित एमजेसी एवं सीडब्ल्यूजेसी एवं एलपीए के मामले को विशेष रूप से ध्यान देकर ससमय उच्च न्यायालय, पटना में कारण- पृच्छा दायर कर ओथ की प्रति जिला विधि शाखा में अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जनता दरबार की समीक्षा के कम में जिलाधिकारी ने लंबित आवेदन पत्रों पर चिन्ता व्यक्त करते हुए सभी कार्यालय प्रधान को निर्देश दिया कि जिला जनता दरबार से भेजे गए आवेदन पत्रों का अविलंब निष्पादन करते हुए प्रतिवेदन प्रभारी पदाधिकारी, जिला जन शिकायत कोषांग को भेजना सुनिश्चित करें।

**भूमिहीन स्कूलों को जमीन उपलब्ध कराने का निर्देश:** शिक्षा विभाग की समीक्षा के कम में भूमिहीन विद्यालयों में भूमि की समस्या के समाधान को लेकर संबंधित अंचल अधिकारी एवं भूमि सुधार उप समाहर्ता से समन्वय कर कार्रवाई करने का निर्देश जिला शिक्षा पदाधिकारी को दिया गया। साथ ही विद्यालय के भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने की दिशा में संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। मिशन दक्ष का समीक्षा के क्रम में जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि मिशन दक्ष सुचारू रूप से चल रहा है। जिलाधिकारी द्वारा मिशन दक्ष हेतु निर्गत गाईड लाईन का अक्षरशः अनुपालन करने का निर्देश जिला शिक्षा पदाधिकारी को दिया गया।

**अस्पतालों में मूलभूत समस्या को करें दुरुस्त:** स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के क्रम में डीएम मिशन कायाकल्प के तहत जिले के पीएचसी, सीएचसी के आधारभूत संरंचना, रिपेयर मैनेजमेंट, मूलभूत समस्या, साफ-सफाई आदि को दुरूस्त करने का निर्देश दिया। डीएम ने कहा कि जिले के कितने अस्पताल में कार्य प्रारंभ हुआ है। कितने अस्पताल में कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है और कितने अस्पताल में कार्य पूर्ण हो चूका है, इससे संबंधित प्रतिवेदन अगले बैठक में देने तथा मिशन 60 के तर्ज पर सभी स्वास्थ्य संस्थानों में किये जा रहे कार्य योजना का प्रस्तुतीकरण उप विकास आयुक्त के माध्यम से करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया गया। बैठक में उपविकास आयुक्त अवधेश कुमार आनंद, वरीय उप समाहर्ता अभिराम त्रिवेदी, वरीय उप समाहर्ता पंकज कुमार घोष, सदर अनुमंडल पदाधिकारी धीरज कुमार सिन्हा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी कुंदन कुमार सिंह एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित हुए।

# घूरा की आग की चिंगारी से भीसन आग लगने से चार घर जलकर राख


प्रात: किरण संवाददाता



पतरघट/सहरसा। प्रखंड पतरघट अंतर्गत थाना क्षेत्र में पंचायत किशनपुर वार्ड नंबर 16 सोमवार की 1:30 की रात में घूरा की चिंगारी से घर में चार घर में आग लगने से घरेलू सामान जल कर खाक हो गये जबकि घटना में परिवार के 6 बकरी एवं खसी, एक होंडा मशीन, पम्पी सेट पाईप, चौकी, ड्रम रखा चावल , गेंहू बर्तन पहनने की कपड़ा आग की चपेट में जल गया। आग लगने की सूचना पर ग्रामीणों की मदद से बड़ी मशक्कत बाद आग पर काबू पाया गया। लेकिन आग पर जबतक काबू पाया जाता तबतक की बताया गया कि अखलेश्वरी मंडल ,अशोक मंडल, नंदकिशोर मंडल, सालो मंडल, यह चारों के पिता स्वर्गीय रामचंद्र मंडल, साकिम कुशवाहा टोला के निवासी है घरेलू सामान जलकर खाक हो गया। दैनिक उपभोग की सारी वस्तुएं जलकर खाक हो गई। घटना की सूचना दूरभाष के माध्यम अंचल अधिकारी को भी दिया गया।

# एस आई प्रदीप नारायण सिंह के सेवानिवृत्त होने पर विदाई व सम्मान समारोह का आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता



कहरा/सहरसा। सोनवर्षा कचहरी थाना परिसर में रविवार को एस आई प्रदीप नारायण सिंह के सेवानिवृत्त होने पर विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।इस दौरान विदाई समारोह में पहुंचे थाना क्षेत्र के लोगों ने सेवानिवृत्त एस आई प्रदीप नारायण सिंह एवं स्थानांतरित एस आई तिलेश्वर यादव एवं अजित सिंह को पाग चादर माला पहनाकर एवं अंगवस्त्र देकर विदाई किया।

वहीं नव पदस्थापित थानाध्यक्ष पुष्पम कुमारी को थाना में पदस्थापित पुलिस और क्षेत्र के लोगों ने बुके देकर स्वागत किया। विदाई समारोह को सम्बोधित करते हुए सेवानिवृत्त प्रदीप नारायण सिंह ने कहा कि नौकरी का एक समय सीमा होता है।जिस समय सीमा के दौरान लोगों का भरपूर सहयोग मिला।वहीं स्थानांतरित एसआई अजित सिंह ने कहा कि यहां जितना दिन हमलोगों को कार्य करने का मौका मिला लोगों ने बहुत सहयोग किया।उल्लेखनीय हो कि विभाग द्वारा एस आई तिलेश्वर यादव का स्थानांतरण समस्तीपुर और एस आई अजित कुमार का स्थानांतरण सुपौल किया गया है।मौके पर इंस्पेक्टर सुशील कुमार मड़आंडई,एस आई हरेराम यादव,मुर्शीद आलम,काजल कुमारी,सरपंच लाल बहादुर साह,पंकज गुप्ता, मिथिलेश गुप्ता,संत कुमार,शंभू यादव,अनील यादव सहित अन्य मौजूद रहे।

# किसान गोष्ठी का हुआ भव्य आयोजन

नवगछिया (भागलपुर)। बिहपुर प्रखंड के किसान भवन प्रांगण में आम, लीची, शब्जी एवं मोटे अनाज बेहतर पैदावार को लेकर किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शुरूआत उप परियोजना निदेशक आत्मा प्रभात कुमार सिंह, डॉ. रामानुज विश्वकर्मा, डॉ. डीके जायसवाल, बिहार कृषि विश्वविद्यालय सबौर, एटीएम सुन्नी कुमार, प्रखण्ड लेखापाल धीरज प्रसाद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस मौके पर पवन कुमार चौधरी, रंजन कुमार, सनी कुमार, किसान सलाहकार अशोक यादव, प्रीति राज, कुमुद रंजन, ललन पासवान, रतन भारती और सैकड़ो किसान उपस्थित हुए। डॉ विश्वकर्मा ने किसानों को आम एवं लीची में लगने वाले रोग और उससे किस तरह अपने फसल को बचाने की जानकारी विस्तृत रूप से जानकारी साझा की। वही डॉ. डी. के. जायसवाल ने किसानों को मोटे अनाज की खेती को लेकर विस्तृत चर्चा करते हुए उपज विधि की जानकारी दी गई है।

# भाजपा कार्यकर्ताओं का प्रत्येक गांव में होगा 24 घंटों का प्रवास : जिलाध्यक्ष दिवाकर सिंह

प्रात: किरण संवाददाता



सहरसा। भाजपा के 4 से 11 फरवरी तक गांव चलो अभियान के लिए जिलास्तर पर युद्ध स्तर की तैयारी शुरू हो चुकी है। जिलाध्यक्ष दिवाकर सिंह ने सूची जारी कर जिले के तमाम पार्टी पदाधिकारियों और विधायक को गांव में 24 घण्टे प्रवास करने को कहा। दिवाकर सिंह ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर, गांव-गांव लेकर जाए। विकास की उस यात्रा में हमारे गांव भी अव्वल रहें, ऐसी दृष्टि से गांव चलो अभियान का शुरूआत की जा रही है। अभियान नौ से 11 फरवरी तक चलने वाले गांव चलो अभियान में प्रवासी कार्यकर्ता को गांव क्षेत्र में हर बूथ पर प्रवास के लिए भेजना है। आगे उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत राष्ट्र द्वारा गांव चलो अभियान की शुरूआत की गई है। इसमें मंडल के प्रत्येक गांव में प्रवासी कार्यकर्ता के रूप में 24 घंटे प्रवास पर रहेगा।इस दौरान देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने नेतृत्व वाली सरकार के 10 वर्षों में गरीब कल्याण, महिला सशक्तीकरण, युवाओं को रोजगार, किसान सम्मान निधि, जनधन खाता, गरीब कल्याण अंत्योदय राशन योजन आदि योजनाओं के बारे में अवगत कराएंगे और मधेपुरा लोकसभा की रिकॉर्ड तोड़ मतों से पुनः विजयी बनाने के लिए आम जनों से सुझाव भी प्राप्त करेंगे।

इस दौरान सात लाख गांव व नगरों के सभी बूथों पर एक कार्यकर्ता को 24 घंटे का समय क्षेत्र की जनता के साथ बिताना पड़ेगा। आगे उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा चलाए जा रहे अभियानों को सफल बनाना है और 2024 में एक बार पुनः नरेंद्र मोदी को देश के प्रधानमंत्री के रूप में देखने के लिए एकजुट होकर पार्टी के हाथ मजबूत करने है।जिले में 2000 ग्रामीण व नगरीय बूथों में लगभग 2500 कार्यकर्ता प्रवास करेंगे। अभियान के प्रथम चरण में जिला स्तर पर सभी मंडलों के संयोजक व सहसंयोजक बनाने का कार्य किया जा चुका है। दूसरे चरण में प्रवासी के रूप में गांव में पहुंचने वालों का चयन किया जा रहा है जो कि गांव पहुंचकर लोगों से संवाद करेंगे। तीसरे चरण में अभियान के संदर्भ में समीक्षा बैठक का आयोजन सभी मंडलों में किया जाएगा। विकसित भारत संकल्प यात्रा से कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर पहुंचाने की कोशिश लगातार की जा रही है। जनता में मोदी सरकार के प्रति लगातार विश्वास बढ़ रहा है। जनता भाजपा को समर्थन देने के लिए समय का इंतजार कर रही है। हम गांव चलो अभियान के तहत जनता के बीच जायें, उन्हें मजबूत भारत, आत्म निर्भर भारत, विकसित भारत बनाने के संकल्प का निमंत्रण दें।

विधायक/ पार्टी पदाधिकारी को सौपीं गई मंडल की सूची....

- आलोक रंजन (विधायक) - सहरसा नगर मंडल
- राजीव रंजन (पूर्व जिलाध्यक्ष) - कहरा ग्रामीण मंडल
- नीरज गुप्ता (पूर्व जिलाध्यक्ष) - सौरबाजार उत्तरी
- माधव चौधरी (पूर्व जिलाध्यक्ष) - सौरबाजार दक्षिणी
- रितेश रंजन (जिला उपाध्यक्ष सह कार्यक्रम संयोजक) - सिमरी बख्तियारपुर नगर मंडल
- शिवभूषण सिंह (जिला उपाध्यक्ष) - सलखुआ मंडल
- श्रीकृष्ण झा (जिला उपाध्यक्ष) - पतरघट मंडल
- धनंजय झा (जिला उपाध्यक्ष) - सोनवर्षा पूर्वी मंडल
- मनीष कुमार (जिला मंत्री सह मुख्य पार्षद नप सोनवर्षा) - सोनवर्षा पश्चिमी मंडल
- शशि शेखर झा - महिषी उत्तरी
- मनोज यादव (जिला महामंत्री) - महिषी दक्षिणी मंडल
- दिनेश प्रसाद यादव - नवहट्टा मंडल
- पंकज पाठक (जिला मंत्री)- सत्तर कटैया मंडल

# पंचायत समिति की बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा

प्रात: किरण संवाददाता



चौसा (मधेपुरा) । ब्लॉक सभागार में सोमवार को हुई पंचायत समिति की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा की गई। प्रखंड प्रमुख रानी भारती की अध्यक्षता में हुई बैठक के दौरान पूर्व के बैठक में लिए किए गए प्रस्ताव पर कार्रवाई नहीं होने पर सदन में मौजूद जनप्रतिनिधियों ने नाराजगी जताई। जिप सदस्य अनिकेत कुमार मेहता ने कहां की प्रखंड के अलग-अलग पंचायत में संचालित मुख्यमंत्री नल जल योजना काफी महत्वपूर्ण है। लेकिन इस योजना से जुड़े अधिकारी योजनाओं को संचालित करने की दिशा सिर्फ औपचारिकताएं पूरी करते रहते है। उन्होंने कहा कि फुलौत के डाक बंगला चौक से आलमनगर तक जाने वाली सड़क में हो रही चोरी कारण के दौरान कई जगहों पर नल जल योजना से लगाए गए पाइप क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण लोगों को पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रही है। संबंधित अधिकारियों को सूचना दिए जाने के बावजूद भी कार्रवाई नहीं हो रही है। जिप सदस्य श्री मेहता ने कहा खाद्यान्न वितरण करने के दौरान व्यापक पैमाने पर धांधली की जाती है। लाभुको के बीच सरकारी स्तर पर 5 किलो खाद्यान्न वितरण कराने का प्रावधान है, लेकिन उन्हें चार और साढ़े किलो की दर से ही उपलब्ध कराया जा रहा है। मोरसंडा पंचायत के मुखिया शेखर पासवान ने कहा कि उप स्वास्थ्य केंद्र धनेशपुर में ना तो दवा उपलब्ध रहती है और ना ही कभी भी वहां पर डॉक्टर या नर्स बैठती है। जिसके कारण बीमार लोगों को पीएससी ले जाने के दौरान काफी परेशानियों से जूझना पड़ता है। पैना पंचायत के मुखिया ईदुम खातून ने जर्जर आंगनबाड़ी केंद्र को सौंदर्य करण करने तथा आंगनबाड़ी केंद्र के पास अवस्थित बिजली ट्रांसफार्मर को हटाने की मांग किया। प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों में संचालित होने वाली मध्यान्ह योजना के तहत अंडा और फल का वितरण नहीं होने शिक्षकों का समय पर भी नहीं आने सहित कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। मनरेगा के तहत पशु सेंट का निर्माण करने, कचरा अपशिष्ट भवन का निर्माण का शुभारंभ करने, मिट्टी भराई तथा ईट सोलिंग योजना चलाने सहित कई योजनाओं का प्रस्ताव पारित किया गया। मौके पर बीडीओ ब्रजेश कुमार दीपक, पसंस संजय कुमार, अंझली देवी, कुंदनी देवी, शशि दास आदि मौजूद थे।

# विभागीय समिति की बैठक की कार्यवाही की प्रति को जलाकर किया विरोध प्रदर्शन

प्रात: किरण संवाददाता



चौसा (मधेपुरा)। बिहार शिक्षक एकता मंच के तत्वावधान में प्रखंड संसाधन केंद्र चौसा परिसर में बिहार विद्यालय विशिष्ट शिक्षा नियमावली 2023 के तहत साक्षमता परीक्षा के विरुद्ध में गठित विभागीय समिति की बैठक की कार्यवाही की प्रति को जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। नियोजित शिक्षकों को लेकर शिक्षा विभाग के इस फैसले पर शिक्षक नेता सुबोध कुमार पासवान ने कहा कि शिक्षक नियोजन नियमावली के अनुसार 60 वर्ष की उम्र तक नियोजित शिक्षकों के नौकरी में बने रहने का प्रावधान है। सरकार का यह घोर निंदनीय फैसला है। यह शिक्षक नियोजन नियमावली के विपरीत आदेश है। नियोजित शिक्षकों को अलग अलग फैसलों के जरिए प्रताड़ित किया जा रहा है। शिक्षक नेता सुनील यादव ने कहा कि सरकार का यह फरमान कहीं से उचित नहीं है। अगर नियोजित शिक्षक असक्षम है तो उनसे 15- 20 वर्षों से काम क्यों लिया जा रहा था। उनके हाथों में बच्चों का भविष्य क्यों दिया गया।

शिक्षकों ने कहा कि यह कहीं से उचित नहीं है। हमारी लड़ाई राज्य कर्मी दर्जा देने की हुई थी लेकिन सरकार अपने वादे से मुकर गई है।सरकार शिक्षकों को प्रताड़ित कर रही है। सरकार हमारी मांगों से हमें भटकाना चाहती है। मालूम हो कि नियोजित शिक्षक के लिए पहली सक्षमता परीक्षा 26 फरवरी से आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। शिक्षकों को सक्षमता परीक्षा में पास होने के लिए तीन मौके दिए जाएंगे। 26 फरवरी को होनी वाली पहली सक्षमता परीक्षा एवं उसका परिणाम घोषित करने के बाद तीन चरणों में लगातार परीक्षाएं बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा ली जाएंगी, जो शिक्षक इन चारों चरण में होने वाली परीक्षाओं में से तीन चरणों की परीक्षा में नहीं बैठते हैं या फिर तीन से कम चरणों में बैठते हैं या तीन चरणों की परीक्षा में बैठने के बाद पास नहीं होते हैं, तो उन सभी स्थानीय निकाय शिक्षकों की सेवा समाप्त कर दी जाएगी। मौके पर सुबोध कुमार पासवान, सुनील कुमार, पंकज भगत, कंचन कुमार निराला, पंकज यादव, रत्नेश कुमार, पवन कुमार सिंह, सुदामा पासवान, शारिक अनवर, सहादत हसन, मिंटू, शब्बीर आलम, एसुर रहमान, रजी उद्दीन, जनार्दन कुमार, अजहरुल हक, अरुण शेखर, संजय राम, सागर कुमार, कुंदन कुमार, शशि भूषण कुमार, चंदना कुमारी, सुधा कुमारी, रेणु कुमारी, भालचन्द्र मण्डल, शहनवाज आलम समेत दर्जनों शिक्षक उपस्थित थे।

# धान क्रय की रफ्तार सुस्त, राज्य में 10 वें पायदान पर जिला

प्रात: किरण संवाददाता



मधेपुरा। जिले में धान क्रय की रफ्तार काफी सुस्त है। अभी तक मात्र 64 हजार 860 एमटी धान की क्रय हुई है। जबकि जिले एक लाख दस हजार एमटी से अधिक धान का क्रय होना है। लेकिन धान क्रय को लेकर निर्धारित की गई समय सीमा 15 फरवरी को खत्म हो रही है। ऐसे में धान क्रय को लेकर निर्धारित किया गया गया लक्ष्य कैसे पूरा होगा। यह सवाल सहकारिता विभाग के लिए चुनौती बनी हुई है। मालूम हो की क्रय की रफ्तार धीमी होने की वजह से राज्य में जिला का स्थान तीन नंबर से दसवें नंबर पर पहुंच गया है। स्थिति यह है क्रय केंद्र के संचालक धान क्रय को लेकर इस बार दिलचस्पी नहीं ले रहें हैं।

**10 वें स्थान पर है क्रय में मधेपुरा :** राज्य में मधेपुरा जिले की स्थिति धान क्रय में काफी बेहतर मानी जाती थी। इस बार भी एक नवंबर से शुरू हुए धान क्रय के बाद जिला का स्थान तीसरे नंबर पर था। लेकिन क्रय की धीमी रफ्तार की वजह से राज्य में धान क्रय में मधेपुरा जिले का स्थान अभी दसवें पायदान पर पहुंच गया। ऐसे में लक्ष्य को पूरा करने पर सवाल खड़ा हो रहा है। क्रय केंद्र के संचालकों ने कहा कि यह स्थिति सहकारिता विभाग के उदासीन रवैये की वजह से उत्पन्न हुई।

**लक्ष्य पूरा होने पर संकट:** जिले में इस बार 110000 एमटी धान क्रय का लक्ष्य तय किया गया था। लेकिन अभी 64 हजार 860 एमटी धान की क्रय हुई है। ऐसे में लक्ष्य पूरा होने पर संशय बना हुआ है। सहकारिता विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिले में 8920 किसानों से अभी तक धान की खरीद हुई है। क्रय के बाद किसानों का भुगतान भी समय से हो रहा है। लेकिन किसान क्रय केंद्र पर धान बेचने में कोई दिलचस्पी नहीं ले रहें हैं। ऐसे में 15 फरवरी तक लक्ष्य का पूरा होना मुश्किल लग रहा है।

**किसानों ने बाजार में बेच दिया धान:** धान क्रय की शुरूआत होने के बाद से ही इस बार किसानों की दिलचस्पी क्रय केंद्र पर धान बेचने में नहीं दिख रही थी। इसकी वजह है कि खुले बाजार में दो हजार रुपये प्रतिक्विंटल किसानों का धान बिक रहा था। इस वजह से किसानों ने अपने घर या खलिहान से ही सारा धान व्यवसायियों के हाथों बेच दिया। मालूम हो कि सरकारी क्रय केंद्रों पर भी किसानों से 2183 रुपये की दर से प्रति क्विंटल लिया जा रहा था। इस वजह से किसान क्रय केंद्र का चक्कर लगाने की जगह व्यवसायियों के हाथों ही अपना धान बेच दिया है। क्रय की रफ्तार धीमी हुई है। अभी तक 8920 किसानों से धान की खरीद हुई है। लक्ष्य को पूरा करने की कोशिश की जा रही है। 15 फरवरी तक धान का क्रय होना है।

# चलो गांव की ओर के तहत कार्यशाला की आयोजित

प्रात: किरण संवादादाता



नवगछिया (भागलपुर)। नगर के प्रोफेसर कॉलोनी में नगर महामंत्री प्रवेश कुमार यादव के आवास पर चलो गांव की ओर कार्यशाला का आयोजन नगर अध्यक्ष कौशल जैसवाल की अध्यक्षता में किया गया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष मुक्तिनाथ सिंह निषाद, जिला प्रभारी लाल मंडल, पूर्व सांसद अनिल कुमार यादव, नगर प्रभारी आलोक सिंह, गोपालपुर विधानसभा प्रभारी शंभू ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष अजीत कुमार, भाजयुमो प्रदेश प्रवक्ता आलोक सिंह बंटू, अजय कुशवाहा, दीपक भगत, संदीप राम, प्रेम जायसवाल, अनूप कुमार, शंभू रजक, अभिनंदन यादव, छोटू सिंह भदोरिया, सुधा सिंह, अशोक सिंह समेत तमाम भाजपा के कार्यकर्ता व नेता उपस्थित थे।

# विचार मंथन

@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, मंगलवार,06 फरवरी, 2024

सम्पादकीय

## मंत्रियों को मंत्री होने का महत्व

मंत्री केवल गाड़ी, बंगला या रूतबे के लिए नहीं बल्कि मंत्री आमजन कार्यकर्ता और पार्टी के लिए भी मददगार हो जिनके कारण ही मंत्री बनते हैं। उठने झ बैठने से लेकर बोलने और अधिकारियों से कामकाज करने तक का प्रशिक्षण मंत्रियों को दिया गया है। चहुंओर से मंत्री होने का महत्व समझाया गया है। दरअसल, राजधानी भोपाल के अटल बिहारी वाजपई सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान में प्रदेश के मंत्रियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिक्षण कार्यक्रम रविवार शाम को समाप्त हुआ इन दो दिनों में पार्टी नेताओं और विषय विशेषज्ञों ने मंत्रियों को छोटी-छोटी बातों से लेकर बड़े-बड़े फैसले लेने के लिए तैयार किया। पहली बार मुख्यमंत्री बने डॉ मोहन यादव के साथ-साथ 16 मंत्री प्रदेश सरकार में पहली बार मंत्री बने हैं। मंत्रियों की कार्य क्षमता दक्षता कैसे बढ़े इसके लिए यह प्रशिक्षण आयोजित किया गया। पहले दिन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रशिक्षण के महत्व पर जोर-जोत हुए कहा कि कैबिनेट के निर्णय से प्रदेश की जनता प्रभावित होती है इसलिए मंत्रियों को ट्रेनिंग दी जा रही है। मंत्रियों को बारीकियां का पता चले और प्रशासन में कसावट राय और जिसका सीधा लाभ आमजन को मिलेगा। पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी एल संतोष ने स्पष्ट रूप से कहा कि पार्टी ने तुम्हें मंत्री बनाया है। वक्त है अब पार्टी को भी समय दें। संगठन के काम पूरे समर्पण और उत्साह के साथ करें। व्यस्तता का बहाना ना बनाएं, व्यस्तता सबके पास होती है लेकिन इसके बावजूद पार्टी और परिवार समाज और अपने कार्यक्षेत्र के लिए समय देना ही होता है। पूर्व राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश ने पार्टी के शून्य से शिखर पर पहुंचने की यात्रा पर प्रकाश डालते हुए पार्टी के वैचारिक महत्व को भी समझाया। सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान और भाऊ महालगी प्रबोधिनी संस्थान के संयुक्त प्रयासों से लीडरशिप समित का और ट्रेनिंग मॉडल तैयार किया गया जिसमें विशेष रूप से मंत्रियों को यह पता चला कि कैसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन और गवर्नेंस के साथ मध्यप्रदेश का तालमेल बैठेगा। बहरहाल, राजधानी भोपाल में दो दिन हुए मंत्रियों के प्रशिक्षण को महत्वपूर्ण माना जा रहा है और यहां तक कहा जा रहा है कि प्रदेश के मंत्रियों को जो ट्रेनिंग दी गई है वह ट्रेनिंग पूरे देश के भाजपा शासन राज्यों के लिए नजीर बन सकती है। मंत्रियों की कई स्तर पर मॉनिटरिंग होगी और इससे मंत्री सुपर स्किल्ड होंगे। विषय विशेषज्ञों पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारी के साथ-साथ प्रदेश सरकार के वरिष्ठ मंत्रियों ने भी मंत्रियों को अपने-अपने विषय में समझाया। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, मंत्री पहलाद पटेल और कैलाश विजयवर्गीय ने भी मंत्रियों को संबोधित किया। कुल मिलाकर सरकार और पार्टी की साख आम जन के बीच कैसे बेहतर बने कैसे पार्टी कार्यकताओं की अपेक्षा दूर हो और कैसे मंत्री दक्षता और क्षमता के साथ कार्य कर सके इसके लिए इस दो दिवसीय प्रशिक्षण को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। जिसमें मंत्रियों के उनके मंत्री होने के महत्व को बारीकी से समझाया गया है।


## इंडिया एलायन्स में सब गडबड़!

विनीत नारायण

इंडिया एलायंस के घटक दलों ने इतना भी अनुशासन नहीं रखा कि वे दूसरे दलों पर नकारात्मक बयानबाजी न करें। जिसका गलत संदेश गया। हिसाब से इस एलायंस के बनते ही सीटों के बंटवारे का काम हो जाना चाहिए था जिससे उम्मीदवारों को अपने-अपने क्षेत्र में जनसंपर्क करने के लिए काफी समय मिल जाता। पर शायद इन दलों के नेता ईडी, सीबीआई और आयकर की धमकियों से डरकर पूरी हिम्मत से एकजुट नहीं हो रहे है, नहीं हो पा रहे है। देश के मौजूदा राजनैतिक माहौल में लोगों के दो खेमे हैं। एक तरफ वे करोड़ों लोग हैं जो दिलो जान से नरेंद्र मोदी को चाहते हैं और ये मानकर बैठे हैं कि ह्यअब की बार चार सौ पार।ह्न इनके इस विश्वास का आधार है मोदी की आक्रामक कार्यशैली, श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा, उनका बेहिचक हिंदुत्व का समर्थन करना तथा काशी, उज्जैन, केदारनाथ, अयोध्या, मिजार्पुर और अब मथुरा आदि तीर्थ स्थलों पर भव्य कॉरिडोरों का निर्माण। इनके अलावा अप्रवासी भारतीयों का भारतीय दूतावासों में मिल रहा स्वागतपूर्ण रवैया, निर्धन वर्ग के करोड़ों लोगों को उनके बैंक खातों में सीधा पैसा ट्रान्सफर और 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन का बाँटना व भविष्य में आर्थिक विकास के बड़े-बड़े दावे। जबकि दूसरे खेमे के नेताओं और उनके करोड़ों चाहने वालों का मानना है कि देश के युवाओं में इस बात को लेकर भारी आक्रोश है कि दो करोड़ रोजगार हर वर्ष देने का वायदा करके भाजपा की मोदी सरकार देश के नौजवानों को सेना, पुलिस, रेल, शिक्षा व अन्य सरकारी विभागों में नौकरी देने में नाकाम रही है। आज भारत में बेरोजगारी की दर पिछले 40 वर्षों में सबसे ज्यादा है। जबकि मोदी जी के वायदे के अनुसार इन दस वर्षों में 20 करोड़ लोगों को नौकरी मिल जाती तो किसी को भी मुफ्त राशन बाँटने की नौबत ही नहीं आती। क्योंकि रोजगार पाने वाला हर एक युवा अपने परिवार के पांच सदस्यों के पालन पोषण की जिम्मेदारी उठा लेता। यानी देश के 100 करोड़ लोग गरीबी की सीमा रेखा से ऊपर उठ जाते। इसलिए इस खेमे के लोगों का मानना है कि इन करोड़ों युवाओं का आक्रोश भाजपा को तीसरी बार केंद्र में सरकार नहीं बनाने देगा। विपक्ष के इस खेमे के अन्य आरोप हैं कि भाजपा सरकार महंगाई को काबू नही कर पाई। उसका शिक्षा और स्वास्थ्य बजट लगातार गिरता रहा है। जिसके चलते आज गरीब आदमी के लिए मुफ्त या सस्ता इलाज और सस्ती शिक्षा प्राप्त करना असंभव हो गया है। इसी खेमे का यह भी दावा है कि मोदी सरकार ने पिछले 10 सालों में विदेशी कर्ज की मात्रा 2014 के बाद कई गुना बढ़ा दी है। इसलिए बजट में से भारी रकम केवल ब्याज देने में खर्च हो जाती है और विकास योजनाओं के लिए मुठ्ठी भर धन ही बचता है। इसका खामियाजा देश की जनता को रोज बढती महंगाई और भारी टैक्स देकर झेलना पड़ता है। इसलिए सेवा निवृत्त लोग, मध्यम वर्ग और व्यापारी बहुत परेशान है। इसके अलावा विपक्षी दलों के नेता मोदी सरकार पर केन्द्रीय जाँच एजेंसियों व चुनाव आयोग के लगातार दुरूपयोग का आरोप भी लगा रहे हैं। इसी विचारधारा के कुछ वकील और सामाजिक कार्यकर्ता ईवीएम के दुरूपयोग का आरोप लगाकर आन्दोलन चला रहे हैं। दूसरी तरफ इतने लम्बे चले किसान आन्दोलन की समाप्ति पर जो आश्वासन दिए गये थे वो आज तक पूरे नहीं हुए। इसलिए इस खेमे का मानना है कि देश का किसान अपनी फसल के वाजिब दाम न मिलने के कारण मोदी सरकार से खफा है। इसलिए इनका विश्वास है कि किसान भाजपा को तीसरी बार केंद्र में सत्ता नहीं लेने देगा। अगर विपक्ष के दल और उनके नेता पिछले साल भर में उपरोक्त सभी सवालों को दमदारी से जनता के बीच जाकर उठाते तो वास्तव में नरेंद्र मोदी के सामने 2024 का चुनाव जीतना भारी पड़ जाता। इसी उम्मीद में पिछले वर्ष सभी प्रमुख दलों ने मिलकर ह्यइंडियाह्न एलायंस बनाया था। पर उसके बाद न तो इस एलायंस के सदस्य दलों ने एक साथ बैठकर देश के विकास के मॉडल पर कोई दृष्टि साफ की, न कोई साझा एजेंडा तैयार किया, जिसमें ये बताया जाता कि ये दल अगर सत्ता में आ गये तो बेरोजगारी, महंगाई और भ्रष्टाचार से कैसे निपटेंगे। न अपना कोई एक नेता चुना। हालाँकि लोकतंत्र में इस तरह के संयुक्त मोर्चे को चुनाव से पहले अपना प्रधानमंत्री उम्मीदवार तय करने की बाध्यता नहीं होती। चुनाव परिणाम आने के बाद ही प्रायः सबसे ज्यादा सांसद लाने वाले दल का नेता प्रधानमंत्री चुन लिया जाता है। पर भाजपा इस मुद्दे पर अपने मतदाताओं को यह समझाने में सफल रही है कि विपक्ष के पास मोदी जी जैसा कोई सशक्त नेता प्रधानमंत्री बनने के लायक नहीं है। ये भी बार-बार कहा जाता है कि ह्यइंडियाह्न एलायंस के घटक दलों का हर नेता प्रधानमंत्री बनने के सपने देख रहा है। ह्यइंडियाह्न एलायंस के घटक दलों ने इतना भी अनुशासन नहीं रखा कि वे दूसरे दलों पर नकारात्मक बयानबाजी न करें। जिसका गलत संदेश गया। इस एलायंस के बनते ही सीटों के बंटवारे का काम हो जाना चाहिए था। जिससे उम्मीदवारों को अपने-अपने क्षेत्र में जनसंपर्क करने के लिए काफी समय मिल जाता। पर शायद इन दलों के नेता ईडी, सीबीआई और आयकर की धमकियों से डरकर पूरी हिम्मत से एकजुट नहीं रह पाए। यहाँ तक कि क्षेत्रीय दल भी अपने कार्यकताओं को हर मतदाता के घर-घर जाकर प्रचार करने का काम भी आज तक शुरू नहीं कर पाए। इसलिए ये एलायंस बनने से पहले ही बिखर गया। दूसरी तरफ भाजपा व आर एस एस ने हमेशा की तरह चुनाव को एक युद्ध की तरह लड़ने की रणनीति 2019 का चुनाव जीतने के बाद से ही बना ली थी और आज वो विपक्षी दलों के मुकाबले बहुत मजबूत स्थिति में खड़े हैं। उसके कार्यकर्ता घर घर जा रहे हैं। जिनसे एलायंस के घटक दलों को पार पाना, लोहे के चने चबाना जैसा होगा। इसके साथ ही पिछले नौ वर्षों में भाजपा दुनिया की सबसे धनी पार्टी हो गई है। इसलिए उससे पैसे के मामले में मुकाबला करना आसान नहीं होगा। देश के मीडिया की हालत सभी जानते हैं। प्रिंट और टीवी मीडिया इकतरफा होकर रातदिन केवल भाजपा का प्रचार करता है।

## भारत के सांस्कृतिक और सामाजिक विकास के लिए समर्पित बंडारू दत्तात्रेय का जीवन

वर्तमान समय में, हरियाणा के राज्यपाल के रूप में अपनी सेवाएँ दे रहे दत्तात्रेय 1980 के दौर में ही भाजपा से जुड़े थे और उन्होंने अभी तक की अपनी यात्रा में पार्टी को एक अभूतपूर्व सांगठनिक मजबूती दी है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि भारत में राज्यपाल का कार्यक्षेत्र संविधान द्वारा निर्धारित होता है। उनकी भूमिका सामाजिक, नैतिक, और सांस्कृतिक मुद्दों को समर्थन करने के साथ-साथ राजनीतिक प्रक्रिया में भी होती है। वे राज्य सरकार के साथ सहयोग करते हैं और राज्य में सामाजिक और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए कई कार्यक्रमों का समर्थन कर सकते हैं। और, बंडारू दत्तात्रेय ने बीते 5 वर्षों के दौरान अपने इस दायित्व को बेहतरीन ढंग से निभाया है। बंडारू दत्तात्रेय न केवल शिक्षा, नारी सशक्तिकरण, सांस्कृतिक और सामाजिक विकास जैसे भारतीय समाज के सभी आयामों पर बेबाकी से अपनी राय रखने के लिए जाने जाते हैं, बल्कि उनकी कार्यशैली में भी राष्ट्र भावना की एक अनूठी झलक देखने के लिए मिलती है 2021 में हरियाणा के राज्यपाल नियुक्त होने के बाद, उन्होंने राज्य में आर्थिक, तकनीकी, सांस्कृतिक और सामाजिक विकास के लिए कई प्रयास किये और उन्हें युवाओं को हमेशा केन्द्र बिन्दु मानकर काम किया। इससे पहले भी, जब वह हिमाचल प्रदेश में राज्यपाल के रूप में कार्यरत थे, तो उन्होंने अपने कार्यकाल में विद्यालयी शिक्षा को रोजगारोन्मुखी बनाने के लिए भरपूर प्रयास किया। उनका हमेशा ही मानना रहा है कि यदि हमने बच्चों के समग्र विकास पर बल दिया, तो हमें भविष्य में अपने समावेशी विकास के लक्ष्यों को हासिल करने से कोई नहीं रोक सकता है। इसके अलावा, वह जहाँ भी गए उन्होंने युवाओं को नशा मुक्ति के लिए प्रेरित करने और देश की विकास प्रक्रिया में भागीदार बनने के लिए अथक प्रयास किया। वह एक ऐसे व्यक्तित्व हैं, जो समाज की हर छोटी से छोटी घटना की जानकारी रखते हैं।





डॉ. विपिन कुमार
(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं)

बंडारू दत्तात्रेय की गिनती भारतीय जनता पार्टी के सबसे वरिष्ठ नेताओं में होती है। वर्तमान समय में, हरियाणा के राज्यपाल के रूप में अपनी सेवाएँ दे रहे दत्तात्रेय 1980 के दौर में ही भाजपा से जुड़े थे और उन्होंने अभी तक की अपनी यात्रा में पार्टी को एक अभूतपूर्व सांगठनिक मजबूती दी है।

हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि भारत में राज्यपाल का कार्यक्षेत्र संविधान द्वारा निर्धारित होता है। उनकी भूमिका सामाजिक, नैतिक, और सांस्कृतिक मुद्दों को समर्थन करने के साथ-साथ राजनीतिक प्रक्रिया में भी होती है। वे राज्य सरकार के साथ सहयोग करते हैं और राज्य में सामाजिक और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए कई कार्यक्रमों का समर्थन कर सकते हैं। और, बंडारू दत्तात्रेय ने बीते 5 वर्षों के दौरान अपने इस दायित्व को बेहतरीन ढंग से निभाया है।

बंडारू दत्तात्रेय न केवल शिक्षा, नारी सशक्तिकरण, सांस्कृतिक और सामाजिक विकास जैसे भारतीय समाज के सभी आयामों पर बेबाकी से अपनी राय रखने के लिए जाने जाते हैं, बल्कि उनकी कार्यशैली में भी राष्ट्र भावना की एक अनूठी झलक देखने के लिए मिलती है

2021 में हरियाणा के राज्यपाल नियुक्त होने के बाद, उन्होंने राज्य में आर्थिक, तकनीकी, सांस्कृतिक और सामाजिक विकास के लिए कई प्रयास किये और उन्हें युवाओं को हमेशा केन्द्र बिन्दु मानकर काम किया।

इससे पहले भी, जब वह हिमाचल प्रदेश में राज्यपाल के रूप में कार्यरत थे, तो उन्होंने अपने कार्यकाल में विद्यालयी शिक्षा को रोजगारोन्मुखी बनाने के लिए भरपूर प्रयास किया। उनका हमेशा ही मानना रहा है कि यदि हमने बच्चों के समग्र विकास पर बल दिया, तो हमें भविष्य में अपने समावेशी विकास के लक्ष्यों को हासिल करने से कोई नहीं रोक सकता है।

इसके अलावा, वह जहाँ भी गए उन्होंने युवाओं को नशा मुक्ति के लिए प्रेरित करने और देश की विकास प्रक्रिया में भागीदार बनने के लिए अथक प्रयास किया। वह एक ऐसे व्यक्तित्व हैं, जो समाज की हर छोटी से छोटी घटना की जानकारी रखते हैं।

इतना ही नहीं, वह एक जन-सेवक के तौर पर पर्यटन, कृषि, बागवानी और पर्यावरण के बीच सामंजस्य को स्थापित करने पर अत्यंत बल देते हैं। यही कारण है कि हिमाचल प्रदेश हो या हरियाणा, वह जहाँ भी गये लोगों के जीवन को आसान बनाने के लिए भरपूर प्रयास किया। उन्होंने कोरोना महामारी के दौरान भी वर्चुअली हजारों लोगों से संपर्क स्थापित कर, उनकी समस्याओं को दूर करने का प्रयास किया। बंडारू दत्तात्रेय मूल रूप से हैदराबाद के रहने वाले हैं और एक दक्षिण भारतीय होने के बावजूद उन्हें देश के किसी भी कोने में स्वयं को परिस्थितियों के अनुकूल ढालने में कभी कोई समस्या नहीं आई। यह उनकी समाज सेवा की प्रतिबद्धताओं को बखूबी उजागर करती है।

उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत 1965 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रचारक के रूप में की। वह लोक संघ समिति (जयप्रकाश नारायण आंदोलन) के संयुक्त सचिव थे और वह आपातकाल के दौरान जेल भी गये। फिर, 1980 में भाजपा से जुड़ने के बाद, आंध्र प्रदेश इकाई के सचिव के रूप में अपनी सेवाएं दीं। इसके बाद, वह राज्य के पार्टी अध्यक्ष और बाद में, भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी चुने गए।

गौरतलब है कि वह पहली बार 1991 में दसवीं लोकसभा के लिए चुने गए। फिर, वर्ष 1998 में वह दूसरी बार चुनाव जीते और अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में शहरी विकास मंत्री बनाए गए।

इसके बाद 1999 में फिर से वह जीत हासिल कर संसद पहुँचे और केंद्रीय रेल राज्यमंत्री बने। इसके बाद साल 2014 में वह अपनी सिंकराबाद सीट से चुनाव जीते और नरेंद्र मोदी सरकार में केंद्रीय राज्यमंत्री श्रम एवं रोजगार (स्वतंत्र प्रभार) बनाए गए।

बंडारू दत्तात्रेय ने हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विचारों को भी आगे बढ़ाने में उल्लेखनीय भूमिका निभाई है। गौरतलब है कि वर्ष 2023 को संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा ह्लअंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्षह्व घोषित किया गया था और इस दौरान उन्होंने श्री अन्न को बढ़ावा देने के लिए भरपूर प्रयास किया। उनके इन प्रतिबद्धताओं को देखते हुए, यह कहना गलत नहीं होगा कि आने वाले समय में उन्हें कई और बड़े दायित्व सौंपे जा सकते हैं।

बहरहाल, बंडारू दत्तात्रेय अपने जीवन के 76 वसंत पार कर चुके हैं। लेकिन, समाज और राष्ट्र सेवा के प्रति उनका जुनून अभी भी एक युवा के समान है। हम उनके स्वस्थ व दीघार्यु जीवन की प्रार्थना करते हुए, उनसे भविष्य में यूं ही एक अभिभावक की भूमिका को निभाते रहने की कामना करते हैं। एक बेहद ही साधारण पृष्ठभूमि से वास्ता रखने वाले बंडारू दत्तात्रेय की संपूर्ण जीवनगाथा हम भारतवासियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है, विशेष रूप से युवाओं के लिए। हमें चाहिए कि हम उन्हें अपना आदर्श मानते हुए, भारतीय समाज के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव संघर्षरत रहें। यही समय की अनिवार्यता है।

## पेटीएम पर हाथ कैसे डालेगी ईडी बेचारी?

भारतीय रिजर्व बैंक ने कहा है कि पेटीएम ने नियमों का उल्लंघन किया है, इसलिए ये फैसला लिया गया है।बैंक के इस एलान के बाद से पेटीएम के शेयरों में भारी गिरावट आई।पेटीएम के शेयर 20 फीसदी तक गिर गए।पेटीएम के शेयर का दाम 609 रुपये तक पहुंच गया है, जो बीते छह सप्ताह में सबसे कम कीमत है।आपको बता दें कि पेटीएम के पास डिजिटल पेमेंट बाजार का 16–17 फीसदी हिस्सा है और जानकारों के मुताबिक करोड़ों लोग इससे प्रभावित होने जा रहे हैं। देश में भाजपा की सरकार बनते ही पेटीएम की किस्मत अचानक जागी क्योंकि कंपनी ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने इसका ब्रांड एम्बेस्डर बना लिया था। उनकी तस्वीरों वाले विज्ञापन जब अखबारों और दुसरे माध्यमों में आये तो देश की जनता ने इस कम्पनी को हाथोंहाथ लेना शुरू किय। 2014 में, कंपनी ने 40 लाख से अधिक भारत की सबसे बड़ी मोबाइल भुगतान सेवा मंच पेटीम वॉलेट का शुभारंभ किया। यह सेवा उबेर, बुक माय शो और मेक माय ट्रिप जैसे इन्टरनेट कंपनियों के पार भुगतान का पसंदीदा तरीका बन गया।तीन साल बाद ही 2017 में पेटीएम ने पेटीएम पेमेंट बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) नाम का नया बैंक शुरू किया।इसके अतर्गत अब सभी पेटीएम वॉलेट को पेटीएम बैंक में तब्दील कर दिया



-राकेश अचल-
स्वतंत्र लेखक




भारत में 14 साल पहले दबे पांव आयी ई-कामर्स कम्पनी पेटीएम के पांव जमाने के लिए भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को ही अपना ब्रांड एम्बेस्डर बना लिया था।, आज यही कम्पनी अरबों रुपए के सन्दिग्ध लेनदेन के आरोपों से घिरी है और भारतीय रिजर्ब बैंक ने इस पेटीएम पेमेंट बैंक के ऊपर रोक लगाने के आदेश जारी कर दिए है। 29 फरवरी के बाद इस कमपनी की अनेक सेवाएं बंद कार दी जाएँगी। मनी लांड्रिंग कि आरोपों से घिरे पेटीएम पर ईडी हाथ डालने को राजी नहीं है। पेटीएम भारत में आ तो गयी थी कांग्रेस के जमाने में ही लेकिन उसके ब्रांड एम्ब्सडर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बने 2016 मे। मोदी जी की तस्वीरों के साथ जब इस कम्पनी के एक-एक पृष्ठ के विज्ञापन देश के हर बड़े अखबार और टीवी चैनलों पर दिखाए गए तो देश की जनता ने इस कम्पनी पर भरोसा कर इसे हाथों-हाथ लिया। लेकिन अंततोगत्वा भारतीय रिजर्ब बैंक ने इस कमपनी द्वारा किये जा रहे अरबों-खरबों रुपए के संदिग्ध लेनदेन को पकड़ा तो इस कम्पनी पर प्रतिबंध लगा दिया गया। कमपनी के अघोषित संरक्षक या ब्रांड एम्बेस्डर मोदी जी भी इस कार्रवाई को रोक नहीं सके। हालाँकि बाद में सरकार ने साफ किया की प्रधानमंत्री के फोटो का पेटीएम ने गलत इस्तेमाल किया और इसके लिए उसने बाद में माफी भी मांग ली थी, क्योंकि सरकार ने उसके ऊपर जुमार्ना लगा दिया था। मोदी जी के साथ पेटीएम के सीईओ विजय शर्मा की नजदीकियां जगजाहिर हैं। भारतीय रिजर्ब बैंक ने कहा है कि पेटीएम ने नियमों का उल्लंघन किया है, इसलिए ये फैसला लिया गया है। बैंक के इस एलान के बाद से पेटीएम के शेयरों में भारी गिरावट आई। पेटीएम के शेयर 20 फीसदी तक गिर गए। पेटीएम के शेयर का दाम 609 रुपये तक पहुंच गया है, जो बीते छह सप्ताह में सबसे कम कीमत है। आपको बता दें कि पेटीएम के पास डिजिटल पेमेंट बाजार का 16-17 फीसदी हिस्सा है और जानकारों के मुताबिक करोड़ों लोग इससे प्रभावित होने जा रहे हैं। देश में भाजपा की सरकार बनते ही पेटीएम की किस्मत अचानक जागी क्योंकि कंपनी ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने इसका ब्रांड एम्बेस्डर बना लिया था। उनकी तस्वीरों वाले विज्ञापन जब अखबारों और दुसरे माध्यमों में आये तो देश की जनता ने इस कम्पनी को हाथोंहाथ लेना शुरू किय। 2014 में, कंपनी ने 40 लाख से अधिक भारत की सबसे बड़ी मोबाइल भुगतान सेवा मंच पेटीम वॉलेट का शुभारंभ किया। यह सेवा उबेर, बुक माय शो और मेक माय ट्रिप जैसे इन्टरनेट कंपनियों के पार भुगतान का पसंदीदा तरीका बन गया। तीन साल बाद ही 2017 में पेटीएम ने पेटीएम पेमेंट बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) नाम का नया बैंक शुरू किया।इसके अतर्गत अब सभी पेटीएम वॉलेट को पेटीएम बैंक में तब्दील कर दिया गया लेकिन इस शर्त कि साथ की सभी खता धारकों का केवायसी द्वारा सत्यापन कराया जाएगा। आज की तारीख में भारत में पेटीम प्रीपेड मोबाइल, डीटीएच, डाटाकार्ड रिचार्ज, पोस्टपेड मोबाइल, लैंडलाइन, और डाटाकार्ड बिल भुगतान के लिए सभी राज्यों में सभी मोबाइल ऑपरेटरों के साथ काम करता है। इसने कई राष्ट्रीय बैंक के क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, और नेटबैंकिंग भुगतान के साथ भागीदारी की है। पेटीम उपयोगिता बिल भुगतान के लिए विभिन्न कंपनियों के साथ काम करता है। यदि आपकी याददास्त दुरुस्त हो तो आपको याद होगा कि भारत में नोटबंदी के बाद पेटीएम करो एक बेहद आकर्षक मुहावरा बन गया था और इसका श्रेय पेटीएम कंपनी के संस्थापक विजय शेखर शर्मा को जाता ह। एक सुरीली आवाज में ये स्लोगन जब बजता था उसके फौरन बाद प्रधानमंत्री की तस्वीर भी स्क्रीन पर उभरती थी। कहते हैं कि विजय ऐसा नारा देना चाहते थे जो उनकी कंपनी को गूगल और जेरोक्स की तरह ब्रैंड बना सके क्योंकि सर्च इंजन या फोटोकॉपी के लिए इन कंपनियों के नाम इस्तेमाल होते हैं। विजय शर्मा पेटीएम को ई-वॉलेट लेन-देन का पर्याय बनाना चाहते थे. लेकिन हाल में डाटा असुरक्षित होने के आरोपों के बाद कंपनी पर कई सवाल खड़े हुए हैं.हाल ई में एक मीडिया कंपनी ने एक स्टिंग ऑपरेशन किया है जिसमें पेटीएम के उपाध्यक्ष और विजय शेखर शर्मा के भाई अजय शेखर शर्मा कथित तौर पर आरएसएस से नजदीकी की बात कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी जी द्वारा देश में प्लास्टिक करेंसी को प्रोत्साहित करने कि लिए शुरू किये गए अभियान का पूरा लाभ पेटीएम को मिला। पेटीएम एप्प भी बनाया गया है जो आज के सभी स्मार्टफोन ऑपरेटिंग सिस्टम एंड्राइड, एप्पल, और विंडोज पर काम करता है। इसमें हम बहुत सारे कैशलेस लेनदेन कर सकते हैं। इस एप्प के माध्यम से शौपिंग, ट्रेन और हवाई जहाज के टिकट बुकिंग, मोबाइल और डिश रिचार्ज, फिल्मो का टिकट भी खरीदने की आदत लोगों को पड़ गयी है, लेकिन अब सब गफलत में पड़ता दिखाई दे रहा है।

## पीडीए और इंडिया का एक होकर लड़ना यूपी में बाजी पलट देगा?

शकील अख्तर

कांग्रेस इन दिनों 1980 से पहले की टेस्ट टीम हो रही है। जहां बैट्समेन तीस-चालीस रन बनाकर भी टीम का महत्वपूर्ण स्तंभ माना जाता था। राहुल में सारे गुण हैं। वह कहते हैं ना हजार खूबी है उनमें लेकिन कमी है इतनी...! तो राहुल में सख्ती नहीं है। एक पार्टी में आंतरिक उदारवाद का बहुत पुराना असफल सिद्धांत लेकर चल रहे हैं। जिसने राजीव गांधी से लेकर, सोनिया और राहुल सबका नुकसान किया।

अखिलेश यादव जब यह कहते हैं कि हमारा घर गंगाजल से धुलवाया गया तो केवल यादवों में नहीं सभी पिछड़ों और दलितों में प्रतिक्रिया होती है। यादव पिछड़ों में सबसे समर्थ जाति लेकिन अगर उसे भी अपवित्र समझा जाता है तो बाकी जातियां खुद समझ जाती हैं कि उन्हें क्या समझा जा रहा है! अखिलेश इस लोकसभा चुनाव में नई रणनीति के साथ आ रहे हैं। उनका सारा जोर पीडीए पर है। पीडीए मतलब। पी यानि पिछड़ा, डी यानि दलित और ए मतलब अल्पसंख्यक। अखिलेश इस सामाजिक समीकरण के जरिए यूपी में भाजपा को चुनौती दे रहे हैं। फिलहाल उनके जो तेवर हैं उसने भाजपा को मुश्किल में डाल दिया है। इस तरह का पहला जातीय समीकरण चौधरी चरण सिंह ने बनाया था। अजगर। अहीर जाट गुजर और राजपूत। सभी कृषि पर निर्भर रहने वाली सामाजिक रूप से शक्तिशाली जातियां। चरण सिंह की सफलता में इन्हीं जातियों का योगदान महत्वपूर्ण रहा। बाद में इसी तरह लालू यादव ने माई (एमवाई) समीकरण बनाया। मुसलमान-यादव। यह बिहार में बहुत सफल रहा और लालू की सफलता का मुख्य कारक रहा। अब यूपी में अखिलेश का नया प्रयोग कितना कामयाब होता है यह सामाजिक समीकरणों के अलावा और कई बातों पर निर्भर करेगा। चरण सिंह और लालू यादव के समय धर्म की राजनीति नहीं थी और न ही कोई बड़ा दलित नेता था।

आज की तारीख में इन नए फैक्टरों का तोड़ अखिलेश कैसे निकालते हैं यह देखना होगा। धर्म की राजनीति का प्रभाव यह है कि 2012 तक जिसमें जीत कर वे मुख्यमंत्री बने थे उनका समुदाय यादव पूरी तरह उनके साथ था। मगर अब उसका एक हिस्सा भाजपा की तरफ झुकाव रखने लगा है। दूसरा दलित मायावती से तो टूटा है। मगर वह भी आर्थिक-सामाजिक आरक्षण जैसे मुद्दों पर कम ध्यान देकर धर्म के नाम पर भाजपा की तरफ झुकाव दिखाता है।

अखिलेश के लिए पीडीए के पहले दो पी और डी को अपनी तरफ खिंचना ही मुख्य चुनौती है। ए तो मतलब अल्पसंख्यक अभी सपा के साथ बना हुआ है। और जब सपा कांग्रेस और जयंत चौधरी साथ मिलकर लड़ेंगे जैसा अभी संभावना है तो मुसलमान उन्हीं के साथ रहेगा। मायावती और ओवैसी कोशिश करेंगे मुसलमान वोटों को विभाजित करके भाजपा को मदद पहुंचाने की मगर इन तीनों सपा, कांग्रेस और रालोद के साथ लड़ने से मुसलमान का बसपा या ओवैसी के साथ जाना मुश्किल हो जाएगा।

लेकिन इसके लिए सपा और कांग्रेस दोनों को यह ध्यान रखना होगा कि मिल कर लड़ें। अभी भारत जोड़ो यात्रा के लिए अखिलेश ने कहा कि हमें निमंत्रण नहीं मिलता है। जवाब में जयराम रमेश ने कहा कि यूपी का रूट फाइनल हो रहा है और उसके बाद उसे इंडिया गठबंधन के घटक दलों के साथ साझा किया जाएगा। उनका यात्रा में भाग लेना इंडिया गठबंधन को और मजबूत करेगा। यात्रा के 16 फरवरी को यूपी में आने की संभावना है। अभी तक के प्रोग्राम के अनुसार करीब 11 दिन यात्रा यूपी में रहेगी। जयराम ने रूट फाइनल होने की बात कही है। उसमें क्या परिवर्तन होगा पता नहीं। मगर पुराने कार्यक्रम के अनुसार यूपी के सारे मुख्य इलाकों को यात्रा छूने वाली थी। बनारस, प्रयागराज, अमेठी, रायबरेली, लखनऊ, मुरादाबाद, रामपुर अलीगढ़, आगरा करीब 20 जिलों से यात्रा गुजरेगी। अभी तक का प्रोग्राम 14 फरवरी को यात्रा का यूपी में आने का था। मगर अब जयराम के मुताबिक वह संभावित रूप से 16 को दोपहर बाद प्रवेश करेगी।

यात्रा का यह सबसे महत्वपूर्ण रास्ता है। इसी पर इंडिया गठबंधन की मजबूती तय होगी। और गठबंधन की एकता और मजबूती से ही यूपी में बीजेपी को चुनौती दी जा सकेगी। इस लोकसभा का फैसला यूपी ही तय करेगा। 2014 के मुकाबले 2019 में भाजपा की सीटें बढ़ीं। मगर यूपी में कम हो गईं। 2014 में भाजपा की 71 सीटें थी। जो 2019 में 62 रह गईं।

अब नए समीकरणों पीडीए से अखिलेश को उम्मीद है कि वह भाजपा को और नीचे ले जाएंगे। अब यह कितना हो पाता है यह कांग्रेस और सपा के साथ बने रहने पर निर्भर होगा। बिहार में नीतीश के टूट जाने, बंगाल में ममता के आंखें दिखाने के बाद अब यूपी में कांग्रेस को बहुत राजनीतिक परिपक्वता दिखानी होगी। राहुल की यात्रा बहुत सफल है। हर राज्य में पिछले राज्य से बढ़कर भीड़ आ रही है। ट्रेंड बता रहा है कि यूपी में ऐसा ही उत्साहपूर्ण माहौल रहने की संभावना है। मगर ऐसी ही भीड़ पहली यात्रा के दौरान मध्यप्रदेश और राजस्थान में उमड़ी थी मगर कांग्रेस उसका फायदा नहीं उठा पाई। दोनों जगह हार गई।

अब यूपी में तो कांग्रेस का कुछ है ही नहीं। 2014 में लोकसभा की दो सीटें थीं। सोनिया और राहुल की। मगर 2019 में उनमें से भी एक राहुल की गंवा दी। विधानसभा का जिक्र जो आखिरी चुनाव था, 2022 का कांग्रेस भी नहीं करना चाहती। केवल दो सीटें मिली थीं उसे। कांग्रेस की हालत अब भी वैसी ही है। उससे खराब हो सकती है। बेहतर होने का तो न कोई संकेत है और न कांग्रेस ने कोई उपाय किया है। अपनी सबसे करिश्माई नेता मानी जाने वाली प्रियंका गांधी को कांग्रेस ने वहां की जिम्मेदारी दी थी। मगर पिछले 35 साल से कांग्रेस वहां इतनी कमजोर हो गई है कि प्रियंका की मेहनत और करिश्मा भी कुछ नहीं कर पाया। 1989 तक नारायण दत्त तिवारी वहां कांग्रेस के आखिरी मुख्यमंत्री थे। उसके बाद सपा बसपा भाजपा का ही नंबर आता रहा। कांग्रेस को तो केवल इतिहास ही बताया जाता रहा।

**संक्षिप्त खबरें**

### उत्तर प्रदेश के बजट में वित्त वर्ष 2024-25 में कृषि क्षेत्र के लिए 5.1 प्रतिशत वृद्धि दर का लक्ष्य

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने वित्त वर्ष 2024-25 के वार्षिक बजट में राज्य में कृषि क्षेत्र के लिए 5.1 प्रतिशत वृद्धि दर का लक्ष्य रखा है। बजट में कृषि क्षेत्र के लिए तीन नई योजनाओं का कुल 460 करोड़ रुपये का प्रावधान भी किया गया है। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने सोमवार को विधानसभा में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए बजट अनुमानों को पेश करते हुए कहा कि राज्य में कृषि क्षेत्र के लिए 5.1 प्रतिशत वृद्धि दर का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कृषि क्षेत्र की प्रगति के लिए तीन योजनाओं की घोषणा की। राज्य कृषि विकास योजना के लिए 200 करोड़ रुपये का प्रावधान है। दूसरी विश्व बैंक समर्थित यूपी एग्रीज योजना के लिए भी 200 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। तीसरी योजना प्रदेश के विकास खंडो एवं ग्राम पंचायतों में स्वचालित मौसम केंद्र तथा स्वचालित वर्षा मापी यंत्र स्थापित करने से जुड़ी है जिसके लिए 60 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। मंत्री ने कहा कि 50 करोड़ रुपये के प्रावधान के साथ मुख्यमंत्री खेत सुरक्षा योजना भी शुरू की जा रही है। इसके अलावा किसानों के निजी ट्यूबवेल को रियायती दरों पर बिजली उपलब्ध कराने के लिए 2,400 करोड़ रुपये का परिव्यय प्रस्तावित किया गया है। यह राशि चालू वित्त वर्ष में उपलब्ध कराए गए बजट से 25 प्रतिशत अधिक है।

# योगी सरकार के बजट मे किसान और ग्रामीण विकास पर विशेष फोकस

लखनऊ, प्रात: किरण, संवाददाता





उत्तर प्रदेश सरकार के वित्तीय वर्ष 2024-2025 के बजट में किसान और ग्रामीण क्षेत्र के विकास को विशेष तवज्जो दी गयी है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने सोमवार को बजट प्रस्ताव को सदन के पटल पर रखते हुये कहा कि उनकी सरकार की नीतियां विशेष रुप से युवा, महिला, किसान व गरीबों के उत्थान को समर्पित हैं।

उन्होने कहा कि डार्क जोन में नये निजी नलकूप कनेक्शन देने पर लगे प्रतिबन्ध को हटा लिया गया है जिससे लगभग एक लाख किसानों को सीधा फायदा हुआ है। बुन्देलखण्ड क्षेत्र में एकल रबी फसल की सिंचाई के लिये सीजनल टैरिफ का लाभ एवं अस्थाई विद्युत संयोजन की सुविधा प्रदान की गयी। वर्ष 2023-2024 में अक्टूबर 2023 तक लगभग 37 लाख किसान क्रेडिट कार्ड का वितरण कराया गया वहीं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत 2022-2023 के लगभग 10 लाख बीमित कृषकों को अक्टूबर 2023 तक 831 करोड़ रुपए की क्षतिपूर्ति का भुगतान किया गया।

वित्त मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अन्तर्गत दिसम्बर 2023 तक लगभग 63 हजार करोड़ रुपए की धनराशि डीबीटी के माध्यम से दो करोड़ 62 लाख कृषकों के खातों में हस्तान्तरित की गयी। प्रधानमंत्री किसान मान-धन योजना के अन्तर्गत प्रदेश के लघु एवं सीमांत कृषकों को 60 वर्ष की आयु प्राप्त करने पर पुरूष एवं महिला दोनों के लिए 3000 रुपए की सुनिश्चित मासिक पेंशन प्रदान की जा रही है।

उन्होने कहा कि उनकी सरकार ने वर्ष 2017 से 29 जनवरी 2024 तक लगभग 48 लाख गन्ना किसानों को दो लाख 33 हजार 793 करोड़ रुपए से अधिक का रिकार्ड गन्ना मूल्य भुगतान कराया गया। यह गन्ना मूल्य भुगतान इसके पूर्व के 22 वर्षों के सम्मिलित गन्ना मूल्य भुगतान दो लाख एक हजार 519 करोड़ रुपए से भी 20 हजार 274 करोड़ रुपए अधिक है।

श्री खन्ना ने कहा कि पेराई सत्र 2023-2024 के लिये गन्ने की अगैती प्रजाति का मूल्य 350 रुपए से बढ़ाकर 370 रुपए, सामान्य प्रजाति का 340 रुपए से बढ़ाकर 360 रुपए तथा अनुपयुक्त प्रजाति का मूल्य 335 रुपए से बढ़ाकर 355 रुपए प्रति कुन्तल हो गया है। सरकार द्वारा 31 सिंचाई परियोजनाएं पूर्ण हुयीं जिससे 22 लाख 75 हजार हेक्टेयर से अधिक सिंचन क्षमता सृजित हुयी और इससे 46 लाख 69 हजार कृषक लाभान्वित हुये।

उन्होने कहा कि विभिन्न जिलों में 6600 राजकीय नलकूपों के आधुनिकीकरण तथा डार्क जोन में स्थित 569 असफल राजकीय नलकूपों का पुनर्निर्माण कार्य प्रगति पर। इन कार्यों से लगभग 1.33 लाख हेक्टेयर सिंचन क्षमता की पुर्नस्थापना होगी तथा लगभग 1.10 लाख कृषक परिवार लाभान्वित होंगे। नहरों एवं सरकारी नलकूपों से किसानों को मुफ्त पानी की सुविधा के लिये 1100 करोड़ रुपए की बजट व्यवस्था प्रस्तावित है। नदी में सुधार एवं कटाव निरोधक परियोजनाओं (नाबार्ड पोषित) के लिये 1530 करोड़ 60 लाख रुपए की बजट व्यवस्था प्रस्तावित है।

श्री खन्ना ने कहा कि डार्क जोन में असफल 569 नलकूपों के लिये 70 करोड़ रुपए की व्यवस्था है। मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना के लिये 1020 करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित है। निजी नलकूप उपभोक्ताओं को रियायती दरों पर विद्युत आपूर्ति के लिये 1800 करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित जो वर्तमान वर्ष की तुलना में 20 प्रतिशत अधिक है।

कान्हा गौशाला एवं बेसहारा पशु आश्रय योजना हेतु 400 करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित जो वर्तमान वर्ष की तुलना में दोगुने से अधिक है।

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अन्तर्गत वर्ष 2016 में मात्र 1.40 लाख आवास स्वीकृत किये गये थे जबकि सरकार द्वारा अब तक 36 लाख 15 हजार आवास स्वीकृत किये गये हैं जिनमें से 34 लाख 14 हजार आवास पूर्ण है जबकि शेष निमार्णाधीन योजना के लिये वित्तीय वर्ष 2024-2025 में लगभग 2441 करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित है।

मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2018-19 से 2023-24 तक अद्यावधिक दो लाख 03 हजार आवासों का निर्माण पूर्ण हुआ। योजना के लिये 1140 करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित है।

उन्होने कहा कि विधान मण्डल क्षेत्र विकास योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में विकास कार्यों के लिए 2520 करोड़ (जीएसटी सहित) की व्यवस्था प्रस्तावित है। राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना के क्रियान्वयन के लिये लगभग 5060 करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के लिये लगभग 3695 करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के लिये 3668 करोड़ रुपए की योजना प्रस्तावित है। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के लिये 4867 करोड़ 39 लाख रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित है, जो वर्तमान वर्ष की तुलना में दोगुने से भी ज्यादा है वहीं बहुउद्देशीय पंचायत भवनों के निर्माण के लिये लगभग 57 करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित है। श्री खन्ना ने कहा कि उत्तर प्रदेश मातृ भूमि योजना के लिये 33 करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित है। ग्रामीण स्टेडियम एवं ओपेन जिम के निर्माण हेतु 25 करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित है। प्रदेश में कृषि क्षेत्र की विकास दर 5.1 प्रतिशत प्राप्त करने का लक्ष्य है। कृषकों के निजी नलकूपों को रियायती दरों पर विद्युत आपूर्ति के लिये 2400 करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित जो वर्तमान वित्तीय वर्ष की तुलना में 25 प्रतिशत अधिक है। पीएम कुसुम योजना के क्रियान्वयन के लिये 449 करोड़ 45 लाख रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित जो वर्तमान वित्तीय वर्ष की तुलना में दोगुना से भी ज्यादा है।

उन्होने कहा कि कृषि को प्रोत्साहन प्रदान करने के उद्देश्य से तीन नई योजनाएं राज्य कृषि विकास योजना, विश्व बैंक सहायतित एग्रीज योजना शुरू की जा रही है तथा प्रदेश के विकास खण्डों एवं ग्राम पंचायतों में ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन-ऑटोमेटिक रेन गेज की स्थापना की गयी है जिनके लिये क्रमशः 200-200 करोड़ रुपए एवं 60 करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित है। इसके लिये मुख्यमंत्री खेत सुरक्षा योजना प्रारम्भ की जा रही है जिसके लिए 50 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गयी है।

वित्त मंत्री ने कहा कि प्रदेश में औसत गन्ना उत्पादकता 72 मीट्रिक टन प्रति हेक्टेयर से बढ़कर 84 मीट्रिक टन प्रति हेक्टेयर हुई। गन्ने के साथ सफसली खेती का आच्छादन बढ़ने से कृषकों को 25 प्रतिशत की अतिरिक्त आमदनी हुई। वर्तमान पेराई सत्र 2023-2024 में 29.66 लाख हेक्टेयर में गन्ने की खेती तथा चीनी का उत्पादन 110 लाख टन से अधिक होने का अनुमान है।

किसान सहकारी चीनी मिल ननौता, जनपद सहारनपुर की कार्यक्षमता सुधार, सहकारी चीनी मिल लिमिटेड, गजरौला जनपद अमरोहा की पेराई क्षमता 2500 टी.सी.डी. से बढ़ाकर 4900 टी.सी.डी. करने तथा सल्फरलेस रिफाइन्ड शुगर का उत्पादन करते हुए 01 लाख लीटर प्रतिदिन एथेनॉल उत्पादन क्षमता की असवनी एवं कम्प्रेस्ड बायो गैस प्लांट की स्थापना का कार्य प्रगति पर है। पिपराइच एवं मुण्डेरवा में स्थापित 5000 टी.सी.डी. क्षमता की नई चीनी मिलों में 27 मेगावाट के बिजली उत्पादन संयंत्र तथा सल्फरलेस शुगर प्लांट की स्थापना की गयी है।

उन्होने बताया कि नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, अयोध्या के अन्तर्गत कृषि महाविद्यालय गोण्डा का संचालन शैक्षणिक सत्र 2023-2024 से करते हुए पठन-पाठन का कार्य शुरू किया गया है जबकि कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालयों तथा महाविद्यालयों में विभिन्न नये कोर्सों के लिये 100 करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित है। महात्मा बुद्ध कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कुशीनगर की स्थापना के लिये 100 करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित है।

वित्त मंत्री ने कहा कि रबी विपणन वर्ष 2023-24 के लिये केंद्र सरकार द्वारा गेहूँ का न्यूनतम समर्थन 2125 रुपये प्रति कुन्तल निर्धारित किया गया। प्रदेश में 54 हजार 684 कृषकों से 2.20 लाख मीट्रिक टन गेहूँ क्रय करते हुए लगभग 466 करोड़ 35 लाख रुपए का सीधे भुगतान किया गया।

खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अन्तर्गत धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य कॉमन श्रेणी के लिये 2183 रुपए प्रति कुन्तल एवं ग्रेड- ए श्रेणी के लिये 2203 रुपए प्रति कुन्तल निर्धारित किया गया। अद्यतन लगभग 7.50 लाख कृषकों से 50.18 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद करते हुए 10,856 करोड़ रुपए किसानों को सीधे भुगतान किया गया।

खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में मक्का, बाजरा तथा ज्वार के लिये भी केंद्र सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित किये गये। प्रदेश सरकार द्वारा किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद करते हुये किसानों के बैंक खातों में सीधे भुगतान किया गया।

## महाकुम्भ-2025 के लिये 2600 करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान, अयोध्या के विकास के लिये भी खोला खजाना

लखनऊ, प्रात: किरण, संवाददाता



उत्तर प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और उसे आगे बढ़ाने पर खास जोर दिया है। सरकार ने बजट में अगले साल होने वाले महाकुम्भ के लिये 2600 करोड़ रुपये के आवंटन का प्रस्ताव है। अयोध्या के विकास के लिये भी उल्लेखनीय बजट का प्रावधान किया गया है। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने सोमवार को विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिये प्रस्तावित बजट अनुमानों को पेश करते हुए कहा कि बजट में महाकुम्भ 2025 के आयोजन के लिये नगर विकास विभाग की मद में 2500 करोड़ और संस्कृति विभाग की मद में 100 करोड़ रुपये आवंटित करने का प्रस्ताव है। प्रदेश में धर्मार्थ मार्गों के विकास के लिये 1750 करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि अयोध्या के सर्वांगीण विकास के लिये 100 करोड़ रुपये का प्रावधान है। इसके अलावा अयोध्या में ही अंतरराष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान के लिये बजट में 10 करोड़ रुपये के आवंटन का प्रस्ताव किया गया है। अयोध्या में महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा अयोध्या धाम की स्थापना एवं विस्तार के लिये 150 करोड़ रुपये का आवंटन प्रस्तावित है। खन्ना ने कहा कि श्रृंगवेरपुर में निषाद राज गुहा सांस्कृतिक केन्द्र की स्थापना के लिये बजट में 14.68 करोड़ रुपये, आजमगढ़ के हरिहरपुर में संगीत महाविद्यालय की स्थापना के लिये 11.79 करोड़ रुपये तथा चित्रकूट में महर्षि वाल्मीकि सांस्कृतिक केन्द्र की स्थापना के लिये 10.53 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। वित्त मंत्री ने कहा कि सांस्कृतिक विरासत के क्षेत्रों अयोध्या, वाराणसी, चित्रकूट, लखनऊ, विन्ध्याचल, प्रयागराज, नैमिषारण्य, गोरखपुर, मथुरा, बटेश्वर धाम, गढ़मुक्तेश्वर, शुकतीर्थ धाम, मां शाकुम्भरी देवी, सारनाथ एवं अन्य महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों के विकास एवं सौन्दर्यीकरण के कार्य कराये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पर्यटन विकास सहभागिता योजना के तहत उत्तर प्रदेश के हर विधान सभा क्षेत्र में एक पर्यटन स्थल को विकसित किए जाने की योजना है। खन्ना ने कहा कि उत्तर प्रदेश में वर्ष-2023 में जनवरी से अक्टूबर तक 37 करोड़ 90 लाख से अधिक पर्यटक आए, जिनमें भारतीय पर्यटकों की संख्या लगभग 37 करोड़ 77 लाख एवं विदेशी पर्यटकों की संख्या लगभग 13 लाख 43 हजार है। उन्होंने कहा कि हर साल की तरह इस वित्तीय वर्ष में भी अयोध्या में दीपोत्सव का आयोजन वृहद स्तर पर किया गया। इस अवसर पर राम की पैड़ी पर 22 लाख 23 हजार दीप जलाकर विश्व कीर्तिमान बनाया गया। खन्ना ने कहा कि भारत की संस्कृति धार्मिक, बौद्धिक, वैज्ञानिक रूप से अत्यन्त समृद्ध रही है।

## कार्यवाही की माँग को लेकर अड़े राजू के परिजन, शव का अंतिम संस्कार रोका

प्रात: किरण, संवाददाता

अमरोहा। पोस्टमार्टम के बाद रविवार रात किशोरी व युवक के शव गांव लाए गए। परिजनों ने किशोरी के शव का अंतिम संस्कार कर दिया है जबकि, युवक के परिजन कार्रवाई की मांग को लेकर अड़े हुए हैं। चेतावनी दी है कि जब तक मामले में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई नहीं होगी शव का अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। पुलिस समझाने में लगी हुई है। थाना सैदनगली के गांव सेंदरा मिलक के नजदीक आम के पेड़ पर रविवार सुबह युवक व किशोरी के शव लटके हुए मिले थे। शवों की पहचान गांव निवासी 16 वर्षीया निशु पुत्री विनोद जाटव तथा गांव के 21 वर्षीय राजू पुत्र मुनेश जाटव के रूप में हुई थी। दोनों शुक्रवार तड़के प्रेम प्रसंग में घर से फरार हो गए थे। राजू के परिजनों ने हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया था। पांच लोगों के खिलाफ थाने में तहरीर दी गई थी। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। पुलिस के मुताबिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की वजह हैंगिंग बताया गया। रविवार देर रात किशोरी के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। उधर, राजू के परिजन कार्रवाई की मांग को लेकर अड़े हुए हैं। उन्होंने साफ कर दिया है कि जब तक मामले में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई नहीं होगी अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। थाना अध्यक्ष वरुण कुमार ने बताया कि राजू के परिजनों को समझाया जा रहा है। ग्रामीणों के मुताबिक निशु ढवारसी के एक इंटर कॉलेज में कक्षा 9 में पढ़ रही थी। राजू खेती किसानी करता था। दोनों एक ही बिरादरी से ताल्लुक रखते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि दोनों शादी करना चाहते थे लेकिन, निशु के परिजन राजी नहीं थे। इस बात को लेकर गांव में पंचायत भी हुई थी लेकिन, कोई हल नहीं निकला था।

## स्वरोजगार से जोड़ने के लिए मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की शुरूआत

लखनऊ, प्रात: किरण, संवाददाता



वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने सोमवार को विधानसभा में बजट पेश करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश के शिक्षित एवं प्रशिक्षित युवाओं को स्वरोजगार से जोड़कर नये सूक्ष्म उद्योगों की स्थापना के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान शुरू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसके लिए 1000 करोड़ रुपये आवंटित करने का प्रस्ताव है। नए सूक्ष्म उद्यमों की स्थापना के माध्यम से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में रोजगार सृजित करने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा नई पहल की जा रही है। बाद में जारी एक बयान में कहा गया कि इसके अंतर्गत उद्योग एवं सेवा क्षेत्र की अधिकतम पांच लाख तक की परियोजना को ब्याज मुक्त ऋण प्रदान किया जाएगा। इस स्वरोजगार मिशन के अंतर्गत प्रतिवर्ष 1,00,000 इकाइयों को वित्त पोषित कर आगामी 10 वर्षों में 10 लाख इकाइयों को सीधे लाभान्वित किया जायेगा। सरकार द्वारा संचालित विभिन्न प्रशिक्षण योजनाओं जैसे विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, एक जनपद एक उत्पाद प्रशिक्षण एवं टूलकिट योजना, अनुसूचित जाति/ जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग प्रशिक्षण योजना, उत्तर प्रदेश स्किल्ड डेवलपमेन्ट मिशन द्वारा संचालित कौशल उन्नयन आदि में प्रशिक्षित लाभार्थी अथवा किसी विद्यालय/शैक्षणिक संस्थान से सर्टिफिकेट कोर्स/ डिप्लोमा/ डिग्री प्राप्त युवक इस योजना के तहत लाभान्वित होंगे। उद्योग एवं सेवा क्षेत्र की अधिकतम पांच लाख रुपये तक की परियोजना लागत वाली सूक्ष्म इकाइयां इसके लिए पात्र होंगी। योजना के तहत पहले लिये गये कर्ज के भुगतान के बाद इकाई दूसरे चरण के वित्तपोषण के लिए पात्र होगी। इसके अंतर्गत पहले चारण में कर्ज की राशि के दोगुना और अधिकतम साढ़े सात लाख रुपये तक का कर्ज दिया जा सकेगा। डिजिटल ट्रांजेक्शन को बढ़ावा देने के लिए भी अनुदान की व्यवस्था की गई है। योजना के लिए आवेदन प्रक्रिया ऑनलाइन होगी। बैंक/ वित्तीय संस्था से प्राप्त होने वाले सभी ऋण को सीजीटीएमएसई कवरेज प्रदान किया जायेगा, जिसके सापेक्ष ली जाने वाली फीस का पूर्ण भुगतान योजना के अंतर्गत किया जायेगा। राष्ट्रीयकृत/ ग्रामीण बैंकों, सिडबी तथा भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अधिसूचित सभी वित्तीय संस्थाओं से वित्त पोषण हो सकेगा।

## प्रभु श्रीराम को समर्पित बजट उप्र के समग्र और संतुलित विकास का आर्थिक दस्तावेज है : योगी आदित्यनाथ

प्रात: किरण, संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिये विधानसभा में पेश बजट को प्रभु श्रीराम को समर्पित करते हुए कहा कि प्रदेश के इतिहास का अब तक का सबसे बड़ा बजट राज्य के समग्र और संतुलित विकास का एक आर्थिक दस्तावेज है। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना द्वारा आज विधानसभा में बजट पेश करने के बाद मुख्यमंत्री ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उनकी सरकार का यह आठवां बजट है और हर साल बजट किसी न किसी थीम पर आधारित होता है। इस बार यह बजट प्रभु श्रीराम को समर्पित है।उन्होंने कहा, आज का बजट प्रभु श्रीराम को समर्पित करते हुए लोकमंगल की भावनाओं के नाम किया गया है। बजट की शुरूआत में, उसके मध्य में और अंत में प्रभु श्री राम हैं तथा बजट के संकल्प के एक-एक शब्द में श्री राम हैं क्योंकि श्रीराम लोकमंगल के पर्याय हैं और यह बजट भी लोकमंगल को समर्पित करते हुए प्रदेश के समग्र और संतुलित विकास का एक आर्थिक दस्तावेज है। मुख्यमंत्री ने कहा, हम सब जानते हैं कि आस्था, अंत्योदय और अर्थव्यवस्था को समर्पित हमारा आज का सात लाख 36 हजार 437 करोड़ रुपये का यह बजट उत्तर प्रदेश का अब तक का सबसे बड़ा बजट है। पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में बजट में 6.7 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। बजट के आकार में बढ़ोतरी प्रदेश की अर्थव्यवस्था को विस्तार देने की डबल इंजन सरकार की प्रतिबद्धता को प्रस्तुत करती है। उन्होंने कहा, बजट में कुछ चीजें हैं जो हम सबके लिए बहुत मायने रखती हैं। पहली बार दो लाख तीन हजार 782 करोड़ रुपये पूंजीगत व्यय के लिए प्रावधानित किए गए हैं। यानी यह इस बात को प्रदर्शित करता है कि मूलभूत ढांचे पर जब धन राशि खर्च होगी तो वह रोजगार का सृजन तो करेगा ही साथ ही अर्थव्यवस्था भी सुदृढ़ होगी।

## सपा के सत्ता से हटने के बाद से उत्तर प्रदेश में अपराध कम हुये : मंत्री

लखनऊ। उप्र विधानसभा में वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने सोमवार को अपने बजट भाषण के दौरान कहा कि उत्तर प्रदेश में 2016 के बाद से अपराध में काफी कमी आई है और यह राम राज्य की संकल्पना को साकार करने में सफल रहा है। उन्होंने कहा कि विविध त्योहारों, यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023, आजादी का अमृत महोत्सव, जी-20 सम्मेलन, क्रिकेट विश्व कप-2023 जैसे वृहद आयोजनों को शांतिपूर्वक और सुरक्षित रूप से संपन्न कराया गया। अयोध्या में भगवान श्रीरामलला की मर्ति की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए की गई व्यवस्थाओं की देश और दुनियाभर से आए मेहमानों ने सराहना की। खन्ना ने कहा, सरकार प्रदेशवासियों को अपराध और भयमुक्त वातावरण देकर राम राज्य की संकल्पना को साकार करने में पूरी तरह सफल रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2016 में सपा के कार्यकाल की तुलना में वर्ष 2023 में डकैती के मामलों में 87 प्रतिशत, लूट में 76 प्रतिशत, हत्या में 43 प्रतिशत, दंगों में 65 प्रतिशत तथा फिरौती के लिए अपहरण में 73 प्रतिशत की कमी आयी है। मंत्री ने कहा कि ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत प्रदेश में 8,54,634 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और अप्रैल 2017 से जनवरी 2024 तक पुलिस विभाग में विभिन्न पदों पर 1,55,830 भर्तियां और 1,41,866 पदोन्नतियां की गईं। खन्ना ने कहा कि सेफ सिटी परियोजना के तहत महिलाओं तथा वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे की स्थापना, डार्क स्पॉट की पहचान कर रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था करना, पिंक बूथ की स्थापना और बस-टैक्सी में पैनिक बटन की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। लखनऊ, गोरखपुर और बदायूं जिलों में तीन महिला प्रादेशिक आर्म्डक कांस्टेबुलरी (पीएसी) बटालियन स्थापित की गई हैं।

## अमरोहा महोत्सव का आयोजन 12 फरवरी से 20 फरवरी तक, तैयारियां शुरू

प्रात: किरण, संवाददाता

अमरोहा। जनपद में पहली बार अमरोहा महोत्सव का आगाज, देश के प्रसिद्ध कलाकार द्वारा भजन संध्या कव्वाली रागिनी मुशायरा नृत्य कवि सम्मेलन आदि की दी जाएगी। भव्य प्रस्तुतियां , झूले खेल तमाशा आदि जनपद अमरोहा के उत्पादों व सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के प्रदर्शनियां होंगे मुख्य आकर्षण केंद्र। जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने जानकारी देते हुए कहा गौरवशाली संस्कृति और विकास के लिए दृढ़6 संकल्पित जनपद अमरोहा में पहली बार अमरोहा महोत्सव-2024 का आयोजन 12 फरवरी से 20 फरवरी तक राजकीय मिनी स्टेडियम में किया जाएगा। जिसकी थीम शान-ए-अमरोहा (अमरोहा है सबकी शान, आओ मिलकर करें इसका विकास होगी। इस कार्यक्रम के आल ओवर नोडल अधिकारी अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सुरेंद्र सिंह तथा सह नोडल के रूप में अपर जिलाधिकारी न्यायिक श्रीमाया शंकर यादव जी को बनाया गया है। उन्होंने कहा कि अमरोहा महोत्सव में मुख्य आकर्षण के रूप में देश के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा भारतीय संस्कृति से ओतप्रोत प्रस्तुति शास्त्रीय नृत्य, भजन संध्या, कब्बाली, बालीबुड नाईट, मुशायरा रागिनी अखिल भारतीय कवि सम्मेलन ,कन्या गुरुकुल चोटीपुरा महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम गीत व खेल की विभिन्न प्रतियोगिताएं आदि भव्य दिव्य आकर्षक मनमोहक कार्यक्रम होंगे। विशेष आकर्षण के रूप में सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की विकास प्रदर्शनी खेल तमाशा झूले खान-



पान दुकाने बच्चों के मनोरंजन के लिए ऊंट और घोड़े की सवारी जनपद अमरोहा के उत्पाद ढोलक कंबल जैकेट चादर जैविक खाद और कृषि यंत्रों की प्रदर्शनी भव्य आकर्षक का केंद्र होंगे । जनपद अमरोहा के प्रसिद्ध उत्पादों की प्रदर्शनी अमरोहा महोत्सव में लगाई जाएगी। महोत्सव में जादूगर मिस्टर इंडिया अल्ताफ राजा , स्वाती मिश्रा मैथिली ठाकुर राजकुमार रांचो सपना चौधरी जानीलीवर सहित विभिन्न जाने माने प्रसिद्ध कलाकार अपनी भव्य प्रस्तुतियां दे सकेंगे। कार्यक्रम की तैयारी की संबंध में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्री सुरेंद्र सिंह जी की अध्यक्षता में आज बैठक आयोजित कर कार्य योजना बनाई गई। अपर जिलाधिकारी न्यायिक माया शंकर यादव द्वारा राजकीय मिनी स्टेडियम में मौके पर जाकर वीआईपी पार्किंग जनरल पार्किंग मंच स्टालों झूले खेल तमाशे वैठक व्यवस्था सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद अमरोहा व कार्यवाही संस्था के प्रतिनिधि की उपस्थिति में जायजा लेकर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया ।

## यूपी के समग्र और संतुलित विकास का दस्तावेज है बजट : योगी

लखनऊ, प्रात: किरण, संवाददाता

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिये पेश किया गया बजट प्रदेश के समग्र और संतुलित विकास का दस्तावेज है, जिससे प्रदेश की समग्र संकल्पनाओं को पूरा किया जाएगा।




विधानसभा में बजट प्रस्तावों को पेश किये जाने के बाद आयोजित संवाददाता सम्मेलन में श्री योगी ने बजट को भगवान श्रीराम को समर्पित करते हुये कहा कि भगवान श्रीराम लोकमंगल के पर्याय हैं और इस बजट के आदि, मध्य और अंत में श्रीरामलला ही हैं। उन्होने कहा कि प्रदेश के इतिहास में अब तक सबसे बड़ा बजट उत्सव, उद्योग और उम्मीद से भरे नये यूपी की तस्वीर प्रस्तुत करता है।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश के वित्तमंत्री सुरेश खन्ना को पांचवीं बार बजट प्रस्तुत करने के लिए बधाई दी और कहा कि उनकी सरकार का इस आठवें बजट का आकार सात लाख 36 हजार 437 करोड़ 71 लाख रुपये का है। आस्था, अंत्योदय और अर्थव्यवस्था को समर्पित इस बजट में 2023-24 की तुलना में 6.7 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। प्रदेश के बजट के आकार में हुई बढ़ोतरी प्रदेश की अर्थव्यवस्था को विस्तार देने, डबल इंजन सरकार की प्रतिबद्धता, प्रधानमंत्री के विजन सबका साथ सबका विश्वास, सबका विकास और सबका प्रयास पर आधारित है।

उन्होने कहा कि पहली बार दो लाख तीन हजार 782 करोड़ 38 लाख रुपये के कैपिटल एक्सपेंडीचर का प्रावधान किया गया है जो इस बात को द्योतक है कि इन्फ्रास्ट्रक्चर पर पैसे खर्च होंगे तो ना केवल रोजगार का सृजन होगा बल्कि अर्थव्यवस्था भी सुदृढ़ होगी। उन्होंने बताया कि 2016-17 में जहां प्रदेश की जीडीपी 12 लाख करोड़ रुपए की थी, वो 2024-25 में 25 लाख करोड़ रुपए यानी दोगुनी से अधिक हो चुकी है। साथ ही प्रतिव्यक्ति आय को दोगुना करने में भी उनकी सरकार को सफलता मिली है। श्री योगी ने कहा कि आज यूपी देश की नंबर दो की अर्थव्यवस्था वाला राज्य बन चुका है। ऐसा इसलिए संभव हो सका है क्योंकि सरकार ने ना केवल कर चोरी को रोका है, बल्कि रेवेन्यु लिकेज को समाप्त करने के लिए जो भी उपाय हो सकते थे उसे सरकार के विभिन्न विभागों ने पूरी प्रतिबद्धता के साथ किया है। यही कारण है कि यूपी आज एक रेवेन्यू सरप्लस स्टेट बन चुका है। पिछले सात साल में राजस्व में कई गुना वृद्धि हुई है। इसके लिए ना तो कोई अतिरिक्त कर लगाया गया और ना ही आम आदमी पर बोझ बढ़ाया गया, यही नहीं इस दौरान लोकमंगल की तमाम योजनाएं भी बड़े पैमाने पर संचालित किये गये। मुख्यमंत्री ने इस बात पर भी खुशी व्यक्त की कि रिजर्व बैंक के द्वारा राजकोषीय घाटे की लिमिट 3.5 की सीमा के अंदर ही उत्तर प्रदेश का राजकोषीय घाटा (3.46) है। ये इस बात को प्रदर्शित करता है कि सरकार का विजन सुरक्षा, विकास और सुशासन के साथ साथ बजट में राजकोषीय अनुशासन का भी है। उन्होंने बताया कि पिछले सात साल में बेरोजगारी की दर को नियंत्रित करने में भी सरकार को सफलता मिली है। 2016-17 में प्रदेश में बेरोजगारी दर 19.2 प्रतिशत थी, जो आज घटकर 2.4 प्रतिशत हो गई है। रोजगार के नये अवसर और औद्योगिक निवेश के नये वातावरण का सृजन हुआ है, एमएसएमई यूनिट को पुनर्जीवित किया गया है। साथ ही ओडीओपी और विश्वकर्मा श्रम सम्मान जैसी योजनाओं ने यूपी को देश में नई पहचान दिलाई है।

## उत्तर प्रदेश के बलिया में पिकअप वैन पलटने से 21 महिला श्रमिक घायल

प्रात: किरण, संवाददाता

बलिया। बलिया जिले में एक पिकअप वैन के पलट जाने से 21 महिला श्रमिक घायल हो गयीं। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के बताया कि घटना बांसडीह रोड थाना के छितौनी गांव के समीप रविवार को देर शाम की है जब एक पिकअप वैन अनियंत्रित होकर पलट गयी, जिससे इसमें सवार 21 महिला श्रमिक गंभीर रूप से घायल हो गयीं। बांसडीह थाना के प्रभारी निरीक्षक अखिलेश पांडेय ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

प्रभारी ने कहा, पिकअप वैन में केवरा गांव की 25 महिला श्रमिक सवार थीं जो छितौनी गांव में आलू की खुदाई के लिए गयी हुई थीं। वहां से लौटने समय शाम को अचानक रास्ते में वैन सड़क के नीचे गड्ढे में पलट गई।

मुख्यग चिकित्साी अधीक्षक (सीएमएस) डॉ. आरडी राम ने बताया कि सभी घायल खतरे के बाहर हैं।

## उप्र के बजट में नब्बे फीसदी जनता पीडीए के लिए क्या है? : अखिलेश

प्रात: किरण, संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से सोमवार को विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिये पेश किये गये बजट पर सवाल उठाते हुए समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव ने सोमवार को कहा कि बजट चाहे सात लाख करोड़ का हो या आठ लाख करोड़ का, सवाल यही रहेगा कि नब्बे प्रतिशत जनता यानी पीडीए (पिछड़ों-दलितों-अल्पसंख्यकों) के लिए इसमें क्या है। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना द्वारा आज विधानसभा में सात लाख 36 हजार 437 करोड़ रुपये का बजट पेश किया। यादव ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर कहा, यूपी का बजट चाहे सात लाख करोड़ का हो या आठ लाख करोड़ का सवाल यही रहेगा कि 90 फीसदी जनता मतलब पीडीए के लिए इसमें क्या है।

उन्होंने कहा, दरअसल, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नीति आम जनता विरोधी है वो 10 फीसदी संपन्न लोगों के लिए 90 फीसदी बजट रखती है और 90 फीसदी जरूरतमंद जनता के लिए नाममात्र 10 फीसदी बजट।

उन्होंने कहा, उप्र की भाजपा सरकार आंकड़ों में नहीं उलझाकर सीधे बताये कि इस बजट से महंगाई से कितनी राहत मिलेगी, कितने युवाओं को रोजगार मिलेगा, अपराध और भ्रष्टाचार कम करने के उपायों पर कितना खर्च किया जाएगा, मंदी और जीएसटी की मार झेल रहे कारोबार और दुकानदारी को बढ़ावा देने के लिए क्या प्रावधान हैं, फसल के सही दाम और किसानों की आय दोगुनी होगी या नहीं और श्रमिकों को मेहनत की सही कीमत मिलेगी या नहीं ।

यादव ने पोस्ट में पूछा, महिलाओं को बेखौफ घर से निकलने की आजादी देने के लिए अपराधियों को काबू करने के खातिर जगह-जगह सीसीटीवी लगेंगे या नहीं, कर्मचारियों को पुरानी पेंशन मिलेगी या नहीं, अच्छी दवाई-पढ़ाई लिए कितना आवंटन किया गया है, पानी घर-घर पहुंचाने और शौचालयों को सुचारू रूप से चलाने की योजना के लिए दिखावटी प्रावधान कितना है और हां गोरखपुर में बरसात में नाव चलाने और गोरखपुर वासियों को तैरने का मुफ्त प्रशिक्षण देने के लिए कितना प्रावधान किया गया है, नये बिजली घरों के लिए कितना बजट है, नई सड़कें तो छोड़िए, बस इतना और बता दें कि सड़कों के गड्ढे भरने का बजट में कोई प्रावधान है या नहीं? उन्होंने कहा कि झूठे दावों के दिखावटी प्रचार के लिए आपकी भाजपा सरकार ने कितना प्रावधान किया है कृपया इसकी मोटी फाइल अलग से जनता के सामने रखें।

## संक्षिप्त खबरें

### अखिल भारतीयवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा ने दी बधाई

सासाराम (रोहतास) बिहार अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रीय महासभा के नेतृत्व में जिलास्तरीय एक बैठक हुई। जिस बैठक में जिलाध्यक्ष प्रकाश सिंह चंद्रवंशी व जिला महासचिव प्रेम प्रकाश चंद्रवंशी जिला कोर कमेटी टीम के तत्वधान ने प्रखंड प्रमुख सासाराम कौशल्या देवी को सासाराम सदर प्रखंड के निर्विरोध प्रखंड प्रमुख चुने जाने पर बधाई दिया। इस अवसर पर प्रखंड के सभी बीडीसी मतदाताओं सहित जिला क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों से जनप्रतिनिधियों ने अबीर गुलाल लगा खुशी व्यक्त की। मौके पर मुखिया गुप्तेश्वर कुमार,पन्नू चंद्रवंशी, शंभू सिंह चंद्रवंशी, जिला उपाध्यक्ष गोरख चंद्रवंशी, सूरज कुमार चंद्रवंशी, गुड़िया चंद्रवंशी, शिव चंदन चंद्रवंशी, अनूप चंद्रवंशी, जयकुमार चंद्रवंशी, अर्जुन सिंह चंद्रवंशी, राजेश चंद्रवंशी, अखिलेश चंद्रवंशी, संतोष चंद्रवंशी, रवि रंजन चंद्रवंशी, दीपक चंद्रवंशी, बिनु कुमार चंद्रवंशी,मंटू कुमार सहित सैकड़ों लोगों ने शुभकामनाएं दी।

### भारतीय युवा कांग्रेस के विधान सभा प्रभारी बनें प्रितम

चेनारी (रोहतास) भारतीय युवा कांग्रेस के चेनारी विधान सभा प्रभारी बनें प्रितम राज। इसके को लेकर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास और राष्ट्रीय प्रभारी कृष्णा अलवारू, प्रदेश प्रभारी ब्रीन्दर सिंह ढिल्लो एवं प्रदेश अध्यक्ष शिव प्रकाश गरीबदास के नेतृत्व में आगामी सत्र 2025 के लोकसभा चुनाव को देखते हुए सासाराम लोकसभा क्षेत्र के चेनारी विधान सभा का प्रीतम राज बंटी को प्रभारी बनाते हुए कार्य का दायित्व सौंपा। इस अवसर पर उनके प्रभारी बनने पर युवाओं में काफी खुशी व्याप्त है। मौके पर प्रीतम राज बंटी ने कहा कि सासाराम लोकसभा क्षेत्र के चेनारी विधान सभा प्रभारी पद तहत वह जनहित में सभी कार्यों का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करूंगा। साथ ही 2024 के लोकसभा चुनाव में हमारी पार्टी एक प्रबल जीत दर्ज करेगी।

### थानाध्यक्ष ने अपराधियों के खिलाफ चलाया अभियान

नावानगर (बक्सर) स्थानीय थाना में पदभार संभालते ही थानाध्यक्ष नंदू कुमार ने अपराध के खिलाफ अभियान तेज किया। उन्होंने शराब कारोबारियों पर नकेल कसना शुरू कर दिया। जिसको लेकर अपराधियों में बना है।जहां पहले दिन ही दो शराब कारोबारियों को केसठ से गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि शराब कारोबारियों पर विशेष नजर के साथ, उपद्रवियों ,शरारती तत्वों को किसी भी हाल में नहीं बख्शा जाएगा। साथ ही लोगों में अमन चैन को लेकर थाना क्षेत्र को अपराध मुक्त बनाया जायेगा। जहां हर वर्ग के लोगो को न्याय दिलाने के लिये हर वक्त तत्पर रहेंगे।और किसी भी हाल में अपराध करने वालो अपराधियो को बख्शा नही जायेगा।

### विभिन्न थानों में आग्नेयास्त्र का किया गया सत्यापन

नावानगर(बक्सर) विभिन्न थानों में आग्नेयास्त्र का सत्यापन किया गया। जिसको लेकर सिकरौल में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहद आग्नेयास्त्र का सत्यापन संबंधित अधिकारियो द्वारा किया गया। इस तीन दिवसीय आग्नेयास्त्र सत्यापन के पहले दिन सिकरौल में 21 और नावानगर में 25 आग्नेयास्त्रों का सत्यापन हुआ।जिसमें राइफल, पिस्टल,दो नाली बंदूक शामिल रहा। जहां थानाध्यक्ष नंदू कुमार के उपस्थिति में सीओ अजीत कुमार द्वारा सत्यापन किया गया। वही सिकरौल में थानाध्यक्ष बीरेंद्र प्रसाद के देखरेख में बीडीओ मनोज कुमार द्वारा सत्यापन का कार्य किया गया।सत्यापन के दौरान दोनो पदाधिकारियों द्वारा संबंधित थाने में आए अनुज्ञप्ति शस्त्र धारियों के लाइसेंस बुक, लाइसेंस मिलान,नंबर मिलान,फोटो मिलान करके हस्ताक्षर मुहर किया गया।इसके साथ ही कारतूसों के बारे में जानकारी ली गई। इस संबंध में नावानगर सीओ ने बताया कि नावानगर में 25 आग्नेयास्त्रों का सत्यापन किया गया।वही बीडीओ ने बताया कि सिकरौल में 21 आग्नेयास्त्रों का सत्यापन किया गया उक्त सत्यापन तीन दिनों तक चलेगा।

### खलिहान आग लगने से लाखों का पशु चारा जला

बिक्रमगंज (रोहतास) प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत घुसियां खुर्द पंचायत के सहेजनी टोला पर रखे एक बड़े पुआल के कुट्टी में आग लगने से पशु चारा जल कर खाक हो गया। बताया जाता है कि नगर के वार्ड 24 निवासी अख्तर खान जो पशु चारा कुट्टी का व्यवसाय करते है। जो अचानक आग लगने से लगभग 40 बीघे के पुआल की कुट्टी जलकर खाक हो गई। दूसरी तरफ इस घटना की सूचना अग्निशमन टीम को मिलते ही घंटों देर तक मसक्कत कर आग पर काबू पाया। वही घटना के बाद पीड़ित व्यवसायी ने पदाधिकारियों से मुआवजा के लिए गुहार लगा रहा है।

# अनाथ बच्चों के मां-बाप बन उनके भविष्य को संवार रहें अखिलेश

प्रात : किरण संवाददाता /रवि प्रकाश



बिक्रमगंज (रोहतास) स्वार्थ से भरी इस समाज में पराई पीर पर शब्दों की जादूगरी दिखा कर सांत्वना देने वालों की कमी नहीं है। परंतु पराई पीर को अपना दर्द समझ कर उनके लिए कर गुजरने को अपना सब कुछ लगाने वाले बिरले ही होते हैं। ऐसे ही हैं असहाय अनाथ बच्चों के लिए मसीहा बने बिक्रमगंज अनुमंडल क्षेत्र के बहुचर्चित द डीपीएस स्कूल के निदेशक अखिलेश कुमार के भी बच्चे के नंगा पैर रहने तक खुद अपने पांवों से जूते और चप्पल तक को उतार दिए हैं। जिन्होंने अनाथ बच्चों को पढ़ाने-लिखाने के अलावा परवरिश का जिम्मा लिया है। जिसको तहत उन्होंने अनुमंडल के संझौली प्रखंड क्षेत्र के उदयपुर गांव अंतर्गत धीरज कुमार नामक एक बालक को शैक्षणिक सहायता के गोद लिया है।

ज्ञात हो कि धीरज कुमार की मां सीमा देवी एवं पिता संजय पासवान की दुर्भाग्यवश मृत्यु हो चुकी है। कैंसर रोग के कारण सितंबर 2017 में पहले तो मां चल बसी बाद में इसी साल 27 जनवरी को उनके पिता की भी मौत विद्युत करंट की चपेट में आकर हो गई। इस दुखद घटना की जानकारी जब द डीपीएस निदेशक अखिलेश कुमार को हुई तो वह तत्काल धीरज के गांव पहुंचे। वहां पहुंचने पर जो दृश्य उन्होंने देखा वह मर्माहत करनेवाला था। उस दिन धीरज अपने पिता का दशगात्र के कर्म को अश्रुपूरित नयनों से आनेजानेवालों को देखते हुए पूरा कर रहा था। वह दो बहनों के बीच इकलौता भाई है। जिसके बाद अखिलेश कुमार ने धीरज के दादा मुनिलाल पासवान से वर्तलाप कर धीरज को गोद लेते हुए उसे दसवीं कक्षा तक शिक्षा दीक्षा पूर्ण कराने का बाते कही। इसके बाद धीरज के दादा बातों स्वीकार करते हुए उसे श्राद्ध कर्म के बाद द डीपीएस संचालक को सौंपने का आश्वासन दिया है। इस संदर्भ में अखिलेश ने अपने संकल्प को दुहराते हुए कहा कि वह अपने जीवनकाल तक हर अनाथ बच्चों का मसीहा बन उनके भविष्य को संवारेंगे। जिसको लेकर वह हमेशा अनाथ और गरीब बच्चों की तलाश कर उनके परिजनों से मिलकर उन्हें अपने संरक्षण में लेकर उनकी

शिक्षा-दीक्षा से लेकर परवरिश का दायित्व भी ले रखा हैं। उनके अपने बचपन के जीवन काल में ही माता-पिता का सर से साया उठने के बाद से इस पीड़ा भरी दर्द को नजदीक से अनुभव किया है। जिन यादों के तहत इस ऐतिहासिक कार्य को करते हुए अबतक दो दर्जन से अधिक बालकों को विद्यालय में निःशुल्क शिक्षा दीक्षा के साथ छात्रावास में ही उनके रहने, खाने और अध्ययन की समुचित व्यवस्था कर रखी है। दुसरी तरफ उनकी इस सराहनीय कार्य से समाज द्वारा भी भरपूर समर्थन मिल रहा है।

# निर्विरोध जीत के बाद पुनः सासाराम सदर प्रखंड प्रमुख बनी कौशल्या

प्रात : किरण संवाददाता



सासाराम (ब्यूरो.रोहतास) सासाराम सदर प्रखंड प्रमुख पर अविश्वास प्रस्ताव हुआ खारिज। जो सोमवार को पुनः निर्विरोध जीत दर्ज कर कौशल्या देवी बनी प्रमुख। ज्ञात हो सदर प्रखंड प्रमुख लगे अविश्वास प्रस्ताव पर पांच फरवरी को बैठक होनी थी। विदित हो कि बैठक को ले सदस्यों ने पूर्व में आवेदन दिया भी था। लेकिन किसी कारणवश बैठक नहीं हो सकी थी। जिसको लेकर सदस्यों ने वरीय अधिकारी से मिलकर इस बैठक मांग की थी। लेकिन 5 फरवरी सोमवार को अविश्वास प्रस्ताव खारिज होते ही सदर प्रमुख कौशल्या ने एक पुनः अपना पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर उनके समर्थकों सहित जनप्रतिनिधियों में काफी खुशी दिखी। दूसरे तरफ इस जीत पर अखिल वर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा जिलाध्यक्ष प्रकाश चंद्रवंशी, जिला महामंत्री सह भाजपा नगर अध्यक्ष मनोज चंदेल, जिला उपाध्यक्ष गोरख कुमार चंद्रवंशी, जिला प्रवक्ता प्रेम प्रकाश चंद्रवंशी, मुन्ना कुमार सिंह सहित सैकड़ों लोगों ने उन्हें बधाई दी।

## सेवा निवृत्त प्रधानाध्यापिका की हुई विदाई

प्रात : किरण संवाददाता

काराकाट (रोहतास) प्रखंड क्षेत्र के कांध बहुआरा में सेवा निवृत्त प्रधानाध्यापिका को फूल माला पहनाते हुए अंगवस्त्र, बुके व मोमेंटो भेट कर उन्हें विदाई दी। जो उत्क्रमित मध्य विद्यालय प्रधानाध्यापिका देवंती कुमारी के उपलब्ध में विदाई सामारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की आध्यक्षता प्रभारी प्रधानाध्यापिका ममता मणिराज व संचालन शिक्षक मजहर हुसैन ने किया। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि प्राथमिक शिक्षक संघ रोहतास के अध्यक्ष सिद्धनाथ सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इसके उपरांत कस्तूरबा बालिका विद्यालय जयश्री के छात्रा अंशु, निती, लक्की, पूजा, रौशनी, पायल ने गीत के माध्यम से आगत अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर छात्र-छात्राओं सहित अभिभावकों ने उनके द्वारा विद्यालय अगस्त 2019 से 31 जनवरी 2024 तक ईमानदारी एंव निष्ठा पूर्वक कार्य को सराहा। की। उनके कार्यों की सभी ने सराहाना की। मौके पर कुमारी अंजू किरण, बिरेन्द्र प्रसाद, रीता सिन्हा, प्रभावती कुमारी, अंजू कुमारी, माया कुमारी, रौशन, वएल गुडिया पांडेय, शिक्षिका नहिदा खातुन, श्याम लला कुमारी, जनार्दन यादव, डीडीओ लालमोहर राम, शिक्षक जयप्रकाश सिंह, अनिल कुमार पासवान सहित अन्य लोग उपस्थित थें।

## जयंती पर याद किए गए आचार्य जानकीवल्लभ शास्त्री

मुजफ्फरपुर।आचार्य जानकी बल्लभ शास्त्री जयंती आज समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई। जिला पदाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। विकास प्रभारी अर्चना कुमारी कार्यक्रम के संयोजक थीं।इस अवसर पर भगवान लाल सहनी की अध्यक्षता में उनका जयंती समारोह मनाया गया, जिसमें उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर हिन्दी साहित्यकारों और विद्वानों द्वारा चर्चा और कविता पाठ किया गया। जिला पदाधिकारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि साहित्य ने हमेशा ही सामाज और प्रशासन को दिशा दिखाया है।

## यातायात जागरूकता मार्च से लोगों को किया गया जागरूक

प्रात : किरण संवाददाता



सासाराम (रोहतास) यातायात व्यवस्था को बेहतर करने को लेकर जागरूकता मार्च गया। जो परिवहन विभाग द्वारा इसे सड़क सुरक्षा महीना के रूप में भी मनाया जा रहा है। जिसके तहत कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। वही नगर निगम सासाराम के दुर्गा मोटर ट्रेनिंग सेंटर के द्वारा भी जागरूकता मार्च निकाला गया। जिसमें केंद्र के मैनेजिंग डायरेक्टर छोटेलाल सिंह ने कहा कि सड़क पर चलते समय सावधानी बरतनी चाहिए। खास कर दोपहिया चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करें। कालाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करें एवं सड़क के हमेशा बाएं साइड चले।

## गांव चलो अभियान के तहत भाजपा ने किया जनसंपर्क

प्रात : किरण संवाददाता



बिक्रमगंज (रोहतास) गांव चलो अभियान के अंतर्गत काराकाट विधानसभा के बिक्रमगंज प्रखंड क्षेत्र के घुसियां खुर्द में रविवार एवं सोमवार को प्रवासी काराकाट लोकसभा के संयोजक एवं ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष नवीन चंद्र शाह, बूथ अध्यक्ष काशीनाथ पासवान, मंडल मंत्री सह संयोजक बुथ कमेटी के बैठक के उपरांत घर-घर जाकर लोगों से जनसंपर्क किया। साथ ही भारत सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं से लोगों को अवगत कराया। जबकि नवीनचंद्र साह ने बताया कि 30 स्त्री पुरुष पीएम विश्वकर्मा योजना के लेने को उत्सुक हुए। जो वंचित लाभार्थियों से मिल उन्हें योजना का लाभ बताते हुए बुथ कमेटी विदाई द्वारा विदाई कार्यक्रम हुआ। मौके पर उपेंद्रनाथ चौधरी, अरविंद कुमार, संजय कुमार, दिगंत पासवान, लोरिक राम, हरेंद्र राम, मदन पासवान, बब्बन राम, राजेश पासवान, महेंद्र शाह, विमलेश कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# यूथ फॉर सेवा के तत्वाधान में नवोदित 2024 का आयोजन सम्भावना आवासीय उच्च विद्यालय में किया गया

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। यूथ फॉर सेवा के तत्ववाधान में नवोदित 2024 का आयोजन सम्भावना आवासीय उच्च विद्यालय में किया गया ।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि मेयर इंदू देवी विशिष्ट अतिथि शिक्षाविद् डाँ अर्चना सिंह ,विद्यालय के डायरेक्टर कुमार द्विजेन्द्र सिंह ने डॉ कुमार जितेंद्र , धमार मुखिया सारिका सिंह प्रदेश संयोजक आनंद कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रजव्लित कर किया ।

तत्पश्चात आगत अतिथियों का स्वागत अंग वस्त्र व मोमेंटो से किया गया ।

इस अवसर पर मेयर इंदू देवी ने कहा की यूथ फॉर सेवा का यह आयोजन वैसे बच्चों के लिए मिल का पत्थर साबित होगा संसाधन विहिन बच्चें को इतना बड़ा मंच मिलने से उनके प्रतिभा निखार होगा

यूथ फॉर सेवा सालो भर समाजिक कार्य करने वाले अनोखा संगठन हैं( वही विशिष्ट अतिथि डॉ अर्चना सिंह ने कहा की सरकारी विधालय के बच्चों को इस प्रकार का मंच जो यूथ फॉर सेवा ने दिया यह ऐतिहासिक हैं हम सभी को इस तरह का आयोजन में सहयोग करना चाहिए जिससे संगठन का यह प्रयास सफल होगा आज नवोदित में जिला के पच्चीस सरकारी विधालय के सेवा बस्ती के पाँच सौ पचास बच्चों ने नृत्य ,गायन,पेंटिग ,मुर्तिकला ,साइंस मॉडल , हस्तशिल्प , रंगोली प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का अभूतपूर्व प्रर्दशन किया । जिनको प्रथम द्वितीय तृतीय आकर्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया । साथ ही सभी भाग लेने वाले सभी बच्चों को प्रशस्ति पत्र दिया गया ।

मंच संचालन रूपेन्द्र मिश्रा व रंजीत युवराज ने किया । इस आयोजन को सफल करने में एक सौ बीस कार्यकर्ता लगे थें । बच्चों व अतिथियों के लिए जलपान व्यवस्था और भोजन व्यवस्था किया गया था । पूरे कार्यक्रम की व्यवस्था में डॉक्टर पीसी के स्टूडेंट तनु प्रिया के नेतृत्व में एनसीसी के वॉलिंटियर्स, कैलाश सत्यार्थी फाऊंडेशन ,संभावना आवासीय उच्च विद्यालय के शिक्षक सहित सौ वॉलिंटियर्स कार्यक्रम को सफल करने में लगे थे। वही निर्णायक मंडल में रोशन कुमार सुशील सिंह ,प्रियांशु पाठक ,कौशलेंद्र

कुमार ,अमन राज ,रौशन राय , संजीव सिन्हा

वहीं नवोदित को सफल करने में विष्णु शंकर, देवानंद उपाध्याय ,दीपक भंडारी ,रीता सिंह,भूपेंद्र सिंह, दिनेश प्रसाद सिन्हा ,अशोक कुमार,तनुजा कुमारी, अमित कुमार साह,नवीन शर्मा, ताशु केशरी ,आशुतोष केशरी, त्रिलोकी सोनी ,रंजीत कुमार,विकाश तिवारी, वैभव कुमार ,रूपेश कुमार निषाद, ,अमन राज , सोनाली कुमारी पूजा कुमारी, तनु प्रिया, रूपा कुमारी ,प्रियंका कुमारी, संतोष कुमार , के एम ठाकुर ,आनंद शर्मा , समर्थ कुमार, सिद्धार्थ सोनी, सोनू ओझा, रजत कुमार ,प्रवीण पांडे ,बिकी केशरी, सोनू कुमार सोनी ,आलोक बजरंगी सोनू सिंह ,धीरज सिंह ,कृष्णा शर्मा , सहित लगभग आठ सौ लोग उपस्थित थें।

## कैंसर दिवस पर चिकित्सकों ने जागरूकता अभियान निकाला

प्रात : किरण संवाददाता



सासाराम (रोहतास) कैंसर दिवस पर सासाराम सदर अस्पताल में दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसको लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित एसीएमओ डॉ० अशोक सिंह ने बताया कि सासाराम के सदर अस्पताल में भी कैंसर को लेकर नई तकनीक से इलाज शुरू हो गया है। कैंसर की स्क्रीनिंग की यहां व्यवस्था की गई है। पहले जहां मुजफ्फरपुर में इसकी व्यवस्था थी। लेकिन अब सासाराम सदर में भी इसकी व्यवस्था पूरी कर ली गई है। जहां विशेषज्ञ चिकित्सक के देख रेख में कैंसर की जल्द पहचान कर समयनुसार पर इलाज हो सकेगी।

## अभिषेक यादव उर्फ अंगद के हत्यारों को अविलंब गिरफ्तार करे जिला प्रशासन : सुदामा प्रसाद

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। अभिषेक यादव हत्याकाण्ड का स्पीडी ट्रायल चलाकर हत्यारों को सजा दी जाए-माले! *पीड़ित परिवारों से मिला भाकपा-माले नेताओं का टीम बाबू बाजार निवासी 25 वर्षीय युवा अभिषेक यादव उर्फ अंगद को कल आरा मुफ्फसिल प्रखंड के शोभी डुमरा के पास गोली मारकर हत्या कर दी !हत्या की जानकारी मिलने बाद बाबू बाजार स्थित उनके घर मृतक के परिजनों से मुलाकात भाकपा-माले राज्य स्थाई समिति सदस्य व तरारी विधायक सुदामा प्रसाद,आरा नगर सचिव दिलराज प्रीतम,राज्य कमेटी सदस्य क्यामुद्दीन अंसारी,जिला कमेटी सदस्य अमित कुमार बंटी,नगर कमेटी सदस्य व वार्ड पार्षद मु०राजन उनके घर पहुंचकर हत्या काण्ड की पूरी जानकारी ली और माले विधायक सुदामा प्रसाद ने भोजपुर एसपी से फोन पर बात हत्यारों की अविलंब गिरफ्तारी की मांग की! इस दौरान माले विधायक सुदामा प्रसाद ने कहा कि आये दिन शहर में अपराध की घटनाएं घट रही है और अपराधी सरेआम घुस कर अपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं! जिले में हत्या, बलात्कार,छिनतयी,चोरी की घटनाएं बढ़ रही है और अपराधियों को सजा नहीं मिलने से अपराध लगातार बढ़ रहा है !आगे माले विधायक सुदामा प्रसाद ने कहा कि अभिषेक यादव हत्याकाण्ड का विधानसभा में उठाया जाएगा !आगे माले नेताओं ने कहा कि युवा अभिषेक यादव के हत्यारे को अविलंब गिरफ्तार किया जाए,मृतक के परिजनों को 20 लाख रुपए मुआवजा,एक सरकारी नौकरी,हत्याकाण्ड का स्पीडी ट्रायल चलाकर हत्यारों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए।

## गगनभेदी नारों के साथ सरकार विरोधी आवाज को बुलंद किया

आराः राज्य स्तरीय निर्णय के आलोक में बिहार शिक्षक संघर्ष मोर्चा ( इररट ) प्रखंड - आरा सदर के बैनर तले शिक्षकों ने जेपी स्मारक , रमना मैदान से अपनी मांगों के समर्थन में गगनभेदी नारों के साथ सरकार विरोधी आवाज को बुलंद किया। सक्षमता परीक्षा के बहाने सरकार के इशारे पर अपर मुख्य सचिव के के पाठक ने मानसिक रूप से प्रताड़ित करने से बाज नहीं आ रहे हैं। शिक्षकों की मांग रही है कि सूबे के नियोजित शिक्षकों को बिना शर्त राज्यकर्मी का दर्जा दिया जाय। सक्षमता परीक्षा के नाम पर शिक्षकों के भविष्य को अंधकारमय बनाने की साजिश सूबे की सरकार कर रही है। शिक्षक सरकार की हर साजिश को बेनकाब करने के लिए कमर कस लिए है और धारावाहिक आंदोलन की शुरूआत हो चुकी है।

# पियनिया के भूमिहीन-गरीबों, अतिपिछड़ों का घर उजड़ने नहीं देगी भाकपा माले : मनोज मंजिल

### जो भूमिहीन-गरीब 30-40 साल से बसे हैं उनको जमीन का पर्चा निर्गत करे सरकार

प्रात : किरण संवाददाता



आरा :भाकपा माले कार्यालय,पवना पहुंचे दर्जनों पुरुष-महिलाएं,जहां अगिआंव विधायक मनोज मंजिल,अंचल सचिव रघुवर पासवान,जिला कमिटी सदस्य भोला यादव मौजूद थे जिनसे मिलकर ग्रामीणों ने की वार्ता।*

ग्राम-पियनिया,प्रखंड-उदवंतनगर में सड़क किनारे बसे सैकड़ो भूमिहीन-गरीब,अतिपिछड़ी समाज के लोग भाकपा माले कार्यालय,पवना पहुंचे,अगिआंव विधायक मनोज मंजिल से मिल घर उजड़ने से बचाने की लगाई गुहार। ज्ञात हो कि उदवंतनगर प्रखंड के ग्राम- पियनिया में सड़क किनारे बसे 50 से ज्यादा गरीब परिवारों को अंचल द्वारा घर उजाड़ने का फरमान जारी किया है जिससे वहां बसे लोग अपने आसियाने को लेकर काफी भयभीत हैं, पवना भाकपा माले कार्यलय में दर्जनों पुरुष-महिलाएं पहुंचे एवं अगिआंव विधायक मनोज मंजिल से मिल अपना आसियाना उजड़ने से बचाने की लगाई गुहार । विधायक ने कहा कि किसी भी हाल में गरीबों का आसियाना नहीं उजड़ने देगी भाकपा माले, विगत 30-40 सालों से ये लोग यहां बसे हैं,सरकार को इन्हें जमीन का पर्चा निर्गत करना चाहिए उसके बदले घर उजाड़ने का नोटिस दे रही है । यहां बुलडोजर राज नहीं चलने दिया जाएगा। भाकपा माले गरीबों के साथ मजबूती से खड़ी है । मिलने वाले ग्रामीणों में राजेन्द्र पंडित,सहरु पंडित,बिनोद पंडित,हीरा पंडित,मुन्ना पंडित,सुमित्रा देवी,प्रभावती देवी,राजकुमारी देवी सहित दर्जनों लोग मौजूद थे ।

# रोहतास जिले में दो दिवसीय आईपीएम ओरियंटेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

प्रात : किरण संवाददाता



रोहतास । भारत सरकार के अधीन कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के केंद्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र पटना द्वारा सोमवार ( 05/02/2024) को रोहतास जिले के सासाराम प्रखंड अंतर्गत मोरसराय ग्राम में दो दिवसीय आई पी एम ओरियंटेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कृषि विभाग, बिहार सरकार के मोहम्मद नईम नोमानी, सहायक निदेशक (मृदा रसायन) द्वारा मृदा स्वास्थ्य, खेती में पोषक तत्वों की भूमिका तथा मृदा स्वास्थ्य परीक्षण के महत्व एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड बनवाने के तरीके के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। जबकि विशिष्ट अतिथि डॉ राखी कुमारी, सहायक निदेशक उद्यान द्वारा उद्यान संबंधित योजनाओं एवं सूक्ष्म सिंचाई के उपयोग, महत्व तथा उसपे राज्य सरकार द्वारा दी जाने वाली सब्सिडी के विषय में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम के क्रम में प्रभारी अधिकारी सुनील सिंह, पौधा संरक्षण अधिकारी द्वारा आईपीएम के महत्व, आईपीएम के सिद्धांत एवं उसके विभिन्न आयामों के बारे में, कीटनाशकों के सुरक्षित एवं संतुलित इस्तेमाल, मनुष्य पर होने वाले कीटनाशकों का दुष्प्रभाव एवं निर्यात को बढ़ावा देने के लिए कृषि फसलों में रसायनों के अधिकतम अनुमेय अंश के संबंध में जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के दौरान केंद्र के कुलदीप कुमार द्वारा गेंहू एवं सब्जियों में लगने वाले विभिन्न रोग व्याधि के बारे में विस्तार से बताया गया तथा यांत्रिक विधियों जैसे येलो स्टिकी, ब्लू स्टीकी, फेरो मैन ट्रैप, फल मक्खी जाल, लाइट ट्रैप के उपयोग के बारे में और जैविक विधि के इस्तेमाल के विषय मे विस्तार से बताया गया । राजेश कुमार द्वारा ट्राईकोडर्मा से बीज उपचार का प्रदर्शन ,चूहे का प्रकोप एवं नियंत्रण और फॉल आर्मी बर्म के प्रबंधन, मित्र एवं शत्रु कीटों की पहचान के बारे मे तथा कीटनाशकों के लेवल एवं कलर कोड के बारे में तथा भारत सरकार के कृषि मंत्रालय द्वारा विकसित किए गए एनपीएसएस ऐप के उपयोग एवं महत्व के विषय में बताया गया। केंद्र के संदीप कुमार द्विवेदी द्वारा नीम आधारित एवं अन्य वानस्पतिक कीटनाशक के महत्व एवं ह्यूमिक एसिड के उपयोग एवं महत्व के बारे में बताया गया। कार्यक्रम के दौरान केंद्र के अधिकारियों द्वारा आईपीएम प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया जिसमें आईपीएम के विभिन्न आयामों का प्रदर्शन किया गया। केंद्र के प्रभारी अधिकारी द्वारा बताया गया कि कार्यक्रम के दूसरे दिन किसानों को खेत भ्रमण करा कर के कृषि परिस्थितिकी तंत्र विश्लेषण के बारे में भी विस्तार से बताया एवं प्रदर्शन करके दिखाया जाएगा कार्यक्रम के दौरान केंद्र के श्री विकास कुमार रजक, तकनीकी सहायक भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में 50 से अधिक प्रगतिशील किसानों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने मे प्रगतिशील किसान दीपक कुमार सिंह एवं पवन कुमार सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## सेवा निवृत्त प्रधानाध्यापिका की हुई विदाई

काराकाट (रोहतास) प्रखंड क्षेत्र के कांध बहुआरा में सेवा निवृत्त प्रधानाध्यापिका को फूल माला पहनाते हुए अंगवस्त्र, बुके व मोमेंटो भेट कर उन्हें विदाई दी। जो उत्क्रमित मध्य विद्यालय प्रधानाध्यापिका देवंती कुमारी के उपलब्ध में विदाई सामारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की आध्यक्षता प्रभारी प्रधानाध्यापिका ममता मणिराज व संचालन शिक्षक मजहर हुसैन ने किया। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि प्राथमिक शिक्षक संघ रोहतास के अध्यक्ष सिद्धनाथ सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इसके उपरांत कस्तूरबा बालिका विद्यालय जयश्री के छात्रा अंशु, निती, लक्की, पूजा, रौशनी, पायल ने गीत के माध्यम से आगत अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर छात्र-छात्राओं सहित अभिभावकों ने उनके द्वारा विद्यालय अगस्त 2019 से 31 जनवरी 2024 तक ईमानदारी एंव निष्ठा पूर्वक कार्य को सराहा। की। उनके कार्यों की सभी ने सराहाना की। मौके पर कुमारी अंजू किरण, बिरेन्द्र प्रसाद, रीता सिन्हा, प्रभावती कुमारी, अनिल कुमार पासवान सहित अन्य लोग उपस्थित थें।

## व्यंकटेश सिंह ग्रामीणों द्वारा गाजे बाजे फूल माला तथा बुके द्वारा जोरदार स्वागत किया गया



प्रात : किरण संवाददाता

आराः सदर प्रखण्ड के हेमतपुर गांव के ऊजार्वान ,कार्यशील,एवं उज्जवल व्यक्तित्व के नायक, किसानों से हमदर्दी रखने वाले, प्रकृति से प्रेम करने वाले, एक बेहतरीन जैविक लेखक , भूमि संरक्षण विभाग के राज्य निदेशक, व्यंकटेश सिंह जी को उनके द्वारा लिखित पुस्तक जैविक खेती के नुस्खे 2019-20 के लिए राज्य भाषा गौरव पुरस्कार गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के द्वारा प्राप्त हुआ। बीते 31 जनवरी को सेवा निवृत्ति हो चुके है। वाकई यह पूरे गांव, पूरे जिले, पूरे राज्य एवं पूरे देश के लिए गौरव की बात है।

सेवा निवृत्ति के बाद पहली बार अपनी जन्मभूमि हेमतपुर मे आगमन हुआ।

ग्रामीणों द्वारा गाजे बाजे फूल माला तथा बुके द्वारा जोरदार स्वागत किया गया।

इस शुभ अवसर पर उनसे ग्राम पंचायत बाघिपाकड के जन प्रतिनिधी तथा आम जनता का बधाई देने की होड़ थी। ग्रामीणों मे समाज सेवी मृत्युंजय भारद्वाज द्वारा इस आयोजन का अध्यक्षता किया गया उनके द्वारा ये आश्वासन दिलाया गया की भविष्य मे हर तरह की सहायता देने का कार्य किया जायेगा।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, मंगलवार,06 फरवरी, 2024





# ट्विंकल खन्ना ने समानता का मतलब बताया दोगुना काम, नारीवाद को लेकर कहा

अभिनेत्री ट्विंकल खन्ना अब फिल्मों की दुनिया में सक्रिय नहीं हैं। वे बतौर लेखक खुद को स्थापित कर चुकी हैं। इसके अलावा ट्विंकल सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। हाल ही में अभिनेत्री ने एक महिला के रूप में कई जिम्मेदारियां निभाने का अपना अनुभव साझा किया है। ट्विंकल ने शादी में समानता की वकालत करने की तरफ इशारा किया। उन्होंने कहा कि घरेलू कार्य अभी भी मुख्य रूप से एक महिला का काम होगा। ट्विंकल ने अभिनेता अक्षय कुमार से शादी की है।

## समानता का मतलब दोगुना काम

ट्विंकल खन्ना ने हाल ही में एक बातचीत में कहा, हम महिलाएं हैं जो सोचती हैं कि हम काफी प्रगतिशील हैं, और फिर भी, यह खाना, घर, पर्दे, डायपर यह सब जॉब के साथ अभी भी हमारा काम है। हमने अपने साथ क्या किया है? नारीवाद आया है और हमें बस परेशानी हुई। मैं समानता को बहुत सपोर्ट करती थी, लेकिन समानता का मतलब काम को दोगुना करना है। यह ठीक नहीं है। तो मैं बराबर हूं। तुम मेरे साथ आदरपूर्वक व्यवहार करोगे, परंतु मैं हर चीज से दोगुना कर रही हूं। यह किसी भी तरह से कठिन है।

## समानता को लेकर कही ये बात

अभिनेत्री ने आगे कहा, अगर आप काम नहीं करते हैं तो यह कठिन है, क्योंकि इसके अन्य परिणाम भी होते हैं, जब आप काम कर रहे होते हैं तो एक निश्चित स्वतंत्रता होती है, जिसका आप आनंद लेते हैं। क्योंकि आपको थोड़ा सा यह कहने का मन करता है। ठीक है, मैं इतना कुछ टेबल पर ला रही हूं। इसलिए मुझे इस टेबल पर बैठने का अधिकार है।

## बच्चों को लेकर कही ये बात

उन्होंने आगे कहा कि सुबह जब उनकी बेटी नितारा उन्हें कंप्यूटर के साथ देखती है, तो वह सहज ही मुड़ जाती है क्योंकि उसे लगता है कि वह व्यस्त हैं। इसके बाद ट्विंकल ने मजाक में कहा, वे बिना परवाह किए थेरेपी में उलझ जाएंगे और हमें दोषी ठहराएंगे। इसलिए, मुझे इसकी चिंता नहीं है। ट्विंकल और अक्षय दो बच्चों के माता पिता हैं, उनका एक बेटा आरव और नितारा नाम की एक बेटी भी है।



# देवांगशी सेन ने रवीना टंडन के साथ काम करने का अनुभव किया साझा

देवांगशी सेन इन दिनों अपनी हालिया रिलीज वेब सीरीज कर्मा कॉलिंग की सफलता का जश्न मना रही हैं। दर्शकों के साथ समीक्षकों ने भी इस वेब शो को खूब सराहा है। देवांगशी ने इस सीरीज के जरिए अभिनय की दुनिया में कदम रखा है। इस सीरीज में देवांगशी के अलावा रवीना टंडन, वरुण सूद, नम्रता शेठ, विराफ पटेल, रचित सिंह, गौरव शर्मा मुख्य भूमिका में हैं। हाल ही में एक बातचीत के दौरान देवांगशी ने कर्मा कॉलिंग में काम करने का अनुभव साझा किया।

## रवीना के साथ काम करने को उत्साहित थीं देवांगशी

देवांगशी ने बताया कि उन्हें कर्मा कॉलिंग में रवीना की बेटी की भूमिका के लिए उन्हें चुना गया। वे इस किरदार को निभाने के लिए बहुत उत्साहित थीं। उन्होंने कहा, मैं खुशी से चिल्ला रही थी। मेरी आखों से आंसू निकल रहे थे। मेरे माता-पिता भी हैरान थे। वे कह रहे थे, तुम्हें यह किरदार कैसे मिला? रवीना की बेटी का किरदार निभाने का अनुभव मेरे लिए अद्भुत रहा है। मेरी मां ने अपने सभी दोस्तों को बताया है कि मैंने कर्मा कॉलिंग में यह भूमिका निभाई है। मेरे दोस्त और परिवार के सदस्य इंडस्ट्री से नहीं हैं और वे सभी आश्चर्यचकित हैं।

## रवीना को लेकर कही यह बात

देवांगशी ने अपनी ऑन-स्क्रीन मां रवीना को लेकर कहा, मैं बहुत बातूनी हूं, लेकिन जब मैं पहली बार रवीना से मिली, तो मैं बहुत शांत थी। मैं उनको देखकर मंत्रमुग्ध हो गई थीं। मैं बहुत आभारी हूं और भाग्यशाली हूं कि मुझे ऐसे अनुभवी अभिनेत्री के साथ काम करने का मौका मिला। उन्होंने मुझे सेट पर सहज महसूस कराया। उनसे मुझे बहुत कुछ सीखने को मिला।

## निर्देशक ने कराया सहज महसूस

अभिनेत्री ने निर्देशक की तारीफ करते हुए कहा, रुचि नारायण एक बहुत अच्छी व्यक्ति हैं। उन्होंने हमें सेट पर बहुत आजादी दी। हालांकि, उन्होंने शुरुआत में मेरे अभिनय पर कोई टिप्पणी नहीं की थीं। शायद उन्हें मुझ पर विश्वास था इसलिए वे मुझे नहीं बता रही थीं कि यह सही है या यह गलत है। उन्होंने पूरे शूटिंग के दौरान मुझे बहुत सहज महसूस कराया। हालांकि, कर्मा कॉलिंग में मेरे कुछ अंतरंग दृश्य थे, जिन्हें करने से पहले मैं थोडा परेशान थीं। उन्होंने मुझे समझाया और मुझे सहज महसूस कराया। वे शूट के दौरान हमेशा मुझसे पूछती थी कि आप ठीक हैं। कर्मा कॉलिंग की बात करें, तो इस सीरीज का निर्देशन रुचि नारायण ने किया है।

# पूनम पांडे और उनकी टीम के खिलाफ दर्ज हुई शिकायत



एक्ट्रेस पूनम पांडे की मौत की खबर ने हर तरफ सनसनी फैला दी थी। हालांकि शनिवार को पूनम ने कुछ वीडियो शेयर कर बताया कि वह जिंदा है और उन्होंने सर्वाइकल कैंसर के लिए जागरूकता फैलाने को झूठ का सहारा लिया था। अब पूनम को अपनी झूठी मौत की खबर फैलाना भारी पड़ गया है। पूनम के खिलाफ AICWA के अध्यक्ष सुरेश गुप्ता ने शिकायत दर्ज कराई थी। अब वकील अली काशिफ खान देशमुख ने भी पूनम और उनकी पीआर टीम के साथ एजेंसी हाउटरफाई के खिलाफ शिकायत दर्ज की है। देशमुख ने आईपीसी की धारा 417,420, 120 बी, 34 के तहत मुंबई के थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पूनम पर कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के नाम पर देश में फेक न्यूज फैलाने का आरोप है। साथ ही चीप पब्लिसिटी स्टंट करने का आरोप भी लगाया गया है। शिकायत में आगे कहा गया है कि पूनम ने अपने फायदे के लिए ऐसा किया है। एप्लिकेशन हाउटरफ्लाई और उसकी पीआर एजेंसी के साथ मिलकर ये काम किया गया। पूनम को सोशल मीडिया पर भी लोग लताड़ रहे हैं। बयान में कहा गया कि मॉडल और एक्ट्रेस पूनम पांडे का फेक पीआर स्टंट बेहद गलत है। अपनी पब्लिसिटी के लिए सर्वाइकल कैंसर की आड़ का उपयोग करना स्वीकार्य नहीं है।



# डेब्यू से पहले रवीना ने बेटी राशा को दी ये सलाह

अभिनेत्री रवीना टंडन इन दिनों अपनी वेब सीरीज कर्मा कॉलिंग को लेकर चर्चा में हैं। वहीं, उनकी बेटी राशा थडानी भी अपने बॉलीवुड डेब्यू को लेकर अपने सुर्खियों में हैं। राशा थडानी निर्देशक अभिषेक कपूर की अगली फिल्म से एक्टिंग की दुनिया में कदम रखेंगी। हाल ही में एक साक्षात्कार में रवीना ने राशा को डेब्यू से पहले दिए एक सलाह का जिक्र किया। रवीना ने कहा, अपने बच्चों को गिरने, उठने और खुद से चलने देना होता है, क्योंकि इसी तरह वे मजबूत होना सीखते हैं रवीना ने बताया, दर्शक और कंटेट ही राजा हैं। आपको कड़ी मेहनत करनी होगी, प्रतिभाशाली और ईमानदार भी होना होगा।



# ऋतिक से तारीफ सुन भाव विभोर हुईं संजीदा शेख

साल 2024 की बहुचर्चित फिल्म फाइटर बॉक्स ऑफिस पर धमाल दिखा रही है। ऋतिक रोशन, दीपिका पादुकोण और अनिल कपूर जैसे स्टार्स से सजी यह फिल्म दर्शकों को बेहद पसंद आ रही है। इनके अलावा फिल्म में करण सिंह ग्रोवर और संजीदा शेख भी अहम भूमिकाओं में दिखाई दे रहे हैं। लोगों को संजीदा शेख का किरदार काफी पसंद आ रहा है। फिल्म में कई इमोशनल दृश्य उन पर फिल्माए गए हैं। अभिनेता ऋतिक रोशन को भी फिल्म में संजीदा का काम बेहद अच्छा लगा है। उन्होंने अभिनेत्री की काफी तारीफ की है। अब संजीदा भी सोशल मीडिया पर ऋतिक रोशन के तारीफों के पुल बांधती दिखाई दे रही हैं।

ऋतिक को बताया सबसे ईमानदार

संजीदा शेख टेलीविजन इंडस्ट्री की सबसे मशहूर नामों में से एक नाम हैं। टेलीविजन के बाद अब वे फिल्मों में भी हाथ आजमा रही हैं। फाइटर फिल्म में वे सांची गिल का किरदार निभा रही हैं। दर्शकों को उनका यह किरदार बेहद पसंद आ रहा है। सोशल मीडिया पर भी लोग उनके काम की तारीफ कर रहे हैं। फिल्म में उनके सह अभिनेता रहे ऋतिक रोशन ने भी उनके काम की काफी सराहना की है। ऋतिक से अपनी तारीफ सुनकर संजीदा बेहद खुश हुई हैं और उन्होंने सोशल मीडिया पर ऋतिक को जवाब देते हुए लिखा है, आप बॉलीवुड के सबसे ईमानदार और मेहनती अभिनेता है। आपकी वजह से मैं अपने जीवन का सर्वश्रेष्ठ काम कर पाई हूं। शुक्रिया इस हौसलाफजाई के लिए।

## क्या कहा था ऋतिक ने

सोशल मीडिया पर इन दिनों ऋतिक काफी एक्टिव दिख रहे हैं। एक यूजर ने जब फाइटर फिल्म में संजीदा शेख की एक्टिंग की तारीफ की तब ऋतिक भी उनसे सहमति दिखाते हुए बोलें, मैं आपकी बातों से पूर्णतः सहमत हूं। संजीदा सच में बेहतरीन अभिनेत्री हैं। उनके साथ काम करना मेरे लिए भी काफी सुखद रहा है। उनकी वजह से फिल्म के कई इमोशनल दृश्य बेहतरीन बने हैं।



# स्पाई यूनिवर्स की अगली फिल्म की अकेले संभालेंगी कमान


**यशराज प्रोडक्शन अपने स्पाई यूनिवर्स की अगली फिल्म की तैयारी में जुट चुका है। रिपोर्ट्स की मानें तो स्पाई यूनिवर्स की अगली फिल्म में आलिया भट्ट लीड रोल निभाने वाली हैं। आलिया भट्ट इस फ्रैंचाइजी की पहली फीमेल स्पाई होने वाली हैं। आलिया भट्ट और शरवरी वाघ फिल्म में अहम किरदार निभाने वाली हैं। इस फिल्म को शिव रवैल डायरेक्ट करने वाले हैं, जिन्होंने हाल ही में ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई सीरीज द रेलवे मैन डायरेक्ट की है।**

## यशराज प्रोडक्शन पहली फीमेल लीड स्पाई फिल्म होगी

बताते चलें कि यशराज प्रोडक्शन ने सलमान खान स्टारर फिल्म एक था टाइगर से स्पाई यूनिवर्स की शुरुआत की थी, जिसमें टाइगर जिंदा है, वॉर, पठान और टाइगर 3 भी जुड़ चुकी हैं। अब तक स्पाई यूनिवर्स की कमान सलमान खान, शाहरुख खान और ऋतिक रोशन ने संभाली थी, लेकिन ये पहली बार होगा, जब फिल्म को फीमेल स्पाई के इर्द गिर्द बनाया जाएगा।

## 2024 के आखिरी में शुरू होगी फिल्म की शूटिंग

दीपिका पादुकोण और कटरीना कैफ भी यशराज प्रोडक्शन की फिल्मों में स्पाई बन चुकी हैं, हालांकि उन्हें फिल्मों में मेल स्पाई के मुकाबले कम तवज्जो दी गई थी। यशराज के स्पाई यूनिवर्स की इस फिल्म की शूटिंग इसी साल के आखिर में शुरू होगी।



# गायकी से फैंस के दिल जीतने की तैयारी में अक्षय कुमार

**अक्षय कुमार बॉलीवुड के शानदार अभिनेताओं में से एक हैं। अपनी अदाकारी से वे लाखों फैंस के दिलों पर राज करते हैं। एक्टिंग के बाद खिलाड़ी कुमार अब गायकी से फैंस का मन मोहने की कोशिश में हैं। वे जल्द ही शंभू गाने से अपनी आवाज का जादू बिखरते नजर आने वाले हैं। हाल ही में इस गाने को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है।**

## अक्षय कुमार ने जारी किया टीजर

अक्षय कुमार ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल से गाने का टीजर जारी कर दिया है। शनिवार को अभिनेता ने एक्स पर गाने की झलक साझा करते हुए लिखा, जय महाकाल, शंभू गाने का वीडियो पांच फरवरी को रिलीज होने जा रहा है।

## अक्षय ने गाया है यह गाना

इस गाने में अक्षय कुमार भगवान शिव की भक्ति करते हुए नजर आने वाले हैं। गाने के टीजर में अभिनेता का लुक फैंस को काफी पसंद आ रहा है। इस गाने को अक्षय ने अपनी आवाज से सजाया है। साथ ही, सुधीर यदुवंशी और विक्रम मोन्ट्रोसे ने भी इसे गाया है। गाने के कंपोजर भी विक्रम ही हैं। वहीं, इसका निर्देशन गणेश आचार्य ने किया है।

## पहले भी कई गाने गा चुके हैं अक्षय

यह पहला मौका नहीं है जब अक्षय कुमार ने किसी गाने में अपनी आवाज दी है। इससे पहले भी वे गायकी में अपना हुनर आजमा चुके हैं। फिल्म टशन में बच्चन पांडे के टशन में उन्हें सुना जा चुका है। वहीं, स्पेशल 26 के एक गाने मुझ में तू गाने को भी वे गा चुके हैं। अब शंभू गाने से वे दोबारा फैंस के दिलों पर राज करने की तैयारी में हैं।

## इस फिल्म में जल्द आएंगे नजर

वर्क फ्रंट की बात करें तो मिशन रानीगंज के बाद अक्षय कुमार जल्द ही बड़े मिया छोटे मियां में नजर आने वाले हैं। हाल ही में फिल्म का टीजर जारी किया गया था, जिसे देखकर फैंस की उत्सुकता काफी बढ़ गई है। फिल्म की शूटिंग अब पूरी हो चुकी है।

# मनोज बाजपेयी ने की कार्तिक आर्यन की तारीफ

मनोज बाजपेयी हाल ही में एक अवॉर्ड फंक्शन में शामिल हुए। फंक्शन में मनोज बायपेयी को अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। लेकिन अवॉर्ड मिलने के बाद मनोज ने कार्तिक आर्यन की जमकर तारीफ की। मनोज बाजपेयी ने स्पीच देते हुए कार्तिक को मंच पर बुलाया और उन्हें इंडस्ट्री में आउटसाइडर लोगों का सच्चा रिप्रेजेंटेटिव बताया। उन्होंने अपना अवॉर्ड भी उन्हें डेडिकेट किया। दरअसल, कार्तिक आर्यन और मनोज बाजपेयी एक अवॉर्ड फंक्शन के चलते मुंबई के ताज लैंड्स में पहुंचे। कार्तिक आर्यन को फिल्म 'सत्य प्रेम की कथा' के लिए अवॉर्ड मिला। इस फिल्म में कार्तिक ने सत्तू का किरदार निभाया था। वहीं मनोज बाजपेयी को भी फिल्म 'जोरम' के लिए अवॉर्ड मिला। जब मनोज को अवॉर्ड मिला, तो उन्होंने कार्तिक को स्टेज पर बुलाया। उन्होंने सभी से कहा कि आप लोग सोच रहे होंगे मैंने ऐसा क्यों किया। मनोज बाजपेयी ने कहा- कार्तिक इंडस्ट्री में सभी आउटसाइडर लोगों के लिए एक सच्चे रिप्रेजेंटेटिव हैं। इस वजह से निर्देशक और प्रोड्यूसर का धन्यवाद देने से पहले, मैं आपको और आप जैसे सभी एक्टर्स को धन्यवाद देता हूं। जो इतनी हिम्मत जुटाकर मुंबई जैसे बड़े शहर में अपने सपनों के लिए लड़ते हैं।






सेंसेक्स 71709.74 पर बंद
निफ्टी 21765.30 पर बंद

सोना 62,285
चांदी 70,715

## संक्षिप्त समाचार

### टाटा मोटर्स के शेयरों की मची है लूट, 8 प्रतिशत चढ़ा भाव



**नई दिल्ली, एजेंसी।** टाटा मोटर्स के शेयरों में सोमवार की सुबह बड़ी तेजी देखने को मिली है। कंपनी के शेयर बीएसई में 8 प्रतिशत से अधिक की उछाल के साथ 949.60 रुपये के लेवल पर पहुंच गए थे। कंपनी के शेयरों में तेजी की वजह तिमाही नतीजों का माना जा रहा है। दिसंबर क्वार्टर में कंपनी का प्रदर्शन शानदार रहा है। ब्रोकरेज फंड नोमुरा टाटा मोटर्स को लेकर बुलिश नजर आ रहा है। ब्रोकरेज हाउस मानना है कि यह स्टॉक 1057 रुपये के लेवल तक जा सकता है। वहीं, ग्लोबल ब्रोकरेज हाउस जेफरिज ने भी टाटा मोटर्स को 'बाय टैग' दिया है। जेफरिज का मानना है कि टाटा मोटर्स के शेयरों का भाव 1100 रुपये तक जा सकता है। टाटा मोटर्स लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही का नेट प्रॉफिट 133.32 प्रतिशत बढ़कर 7,100 करोड़ रुपये रहा। बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 3,043 करोड़ रुपये रहा था। यह दो साल बाद मुनाफे वाली पहली तिमाही थी। टाटा मोटर्स ने बयान में कहा कि उसकी कंसोलिडेटेड इनकम दिसंबर तिमाही में 25 प्रतिशत बढ़कर 1,10,600 करोड़ रुपये रही है। कंपनी ने कहा, हम तीनों वाहन व्यवसायों पर सकारात्मक बने हुए हैं। हमें उम्मीद है कि मौसमी, नए मॉडलों और जेएलआर (जगुआर, लैंड रोबर) में आपूर्ति में सुधार के कारण अंतिम तिमाही में प्रदर्शन में और सुधार होगा। टाटा मोटर्स ने, हमने दिसंबर तिमाही में शुद्ध रूप से कर्ज में 9,500 करोड़ रुपये की कटौती की है और हम कर्ज कम करने के लक्ष्य को हासिल करने के प्रति आश्वस्त हैं।

### ब्रांड गार्जियनशिप इंडेक्स 2024 में लगातार दूसरे साल अंबानी दूसरे नंबर पर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** ब्रांड गार्जियनशिप इंडेक्स 2024 में लगातार दूसरे साल रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर मुकेश अंबानी दूसरे नंबर पर रहे हैं। वहीं, इंडेक्स की इंडियन रैंकिंग में अंबानी पहले नंबर पर हैं। मुकेश अंबानी ने ग्लोबल रैंकिंग में माइक्रोसॉफ्ट के चेयरमैन सत्या नडेला और गूगल के सुंदर पिचाई, एपल के टिम कुक और टेस्ला के एलन मस्क को पछाड़ दिया है। बता दें कि यह इंडेक्स ब्रांड फाइनेंस ने तैयार किया है।

#### पहले नंबर पर कौन

इंडेक्स में उनसे आगे सिर्फ टेनसेंट के हुआतेंग मा हैं। प्रशासन ब्रांड फाइनेंस के अनुसार ब्रांड संरक्षक सूचकांक उन सीईओ की पहचान करता है, जो सभी हितधारकों - कर्मचारियों, निवेशकों और व्यापक समाज की जरूरतों को संतुलित करके, स्थायी तरीके से व्यावसायिक मूल्य का निर्माण कर रहे हैं। इस सूचकांक में टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन को पांचवां स्थान मिला है। इससे पहले 2023 में उनका आठवां स्थान था। इस साल के सूचकांक में महिंद्रा एंड महिंद्रा के अनीश शाह छठे स्थान पर और इंफोसिस के सलिल पारेख 16वें स्थान पर हैं। अंबानी 2023 के सूचकांक में भी वैश्विक स्तर पर दूसरे स्थान पर थे।

# कॉलेज ड्रॉपआउट जिसने भाई के साथ खड़ी कर दी 81,000 करोड़ की कंपनी

## दुनिया के सबसे दौलतमंदों में शुमार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजीव जुनेजा जाने-माने उद्योगपति हैं। भारतीय फार्मा बिजनेस में उनकी धाक है। उन्होंने अपने बड़े भाई रमेश जुनेजा के साथ मिलकर मैनकाइंड फार्मा की नींव रखी थी। यह दवाएं और हेल्थकेयर प्रोडक्ट बनाने वाली प्रमुख भारतीय कंपनी है। राजीव कंपनी के वाइस चेयरमैन और एमडी हैं। इस कंपनी की शुरुआत 1995 में हुई थी। राजीव कंपनी के इंडियन मार्केट बिजनेस को देखते हैं।



#### राजीव जुनेजा कॉलेज ड्रॉपआउट

जुनेजा भाइयों ने अकेले ही कंपनी बनाई और बढ़ाई। मैनकाइंड फार्मा के चेयरमैन रमेश सी जुनेजा 1974 में की फार्मा नाम की कंपनी के मेडिकल रप्रिजेंटेटिव थे। उन्होंने अपना खुद का व्यवसाय शुरू करने से पहले आठ साल तक ल्यूपिन के साथ काम किया। 1994 में उन्होंने वह कंपनी छोड़ दी। इसके बाद ही 1995 में राजीव जुनेजा ने उनके साथ मैनकाइंड की शुरुआत की। इस कंपनी की शुरुआत 50 लाख रुपये की पूंजी से हुई थी। उन्होंने 25 मेडिकल प्रतिनिधियों के साथ फर्म शुरू की थी। राजीव कॉलेज ड्रापलाउट हैं। वहीं, रमेश जुनेजा साइंस ग्रेजुएट हैं।

#### दुनिया के सबसे अमीर लोगों में शुमार

फोर्ब्स के अनुसार, पिछले साल 12 अगस्त तक राजीव जुनेजा की नेटवर्थ करीब 2.5 अरब डॉलर थी। यह करीब 20,749 करोड़ रुपये के आसपास बैठती है। वह दुनिया के सबसे अमीर लोगों में शुमार हैं। मेरठ से आए जुनेजा बंधु ने 22 सालों में फार्मा सेक्टर में खुद को स्थापित करने के लिए छोटे शहरों और ग्रामीण इलाकों में बाकी कंपनियों से सस्ती दवाइयां भी बेचीं।

#### 80,000 करोड़ से ज्यादा की नेटवर्थ

तमाम मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, मैनकाइंड फार्मा का बाजार पूंजीकरण 5 फरवरी, 2023 तक करीब 81,529.76 करोड़ रुपये था। कंपनी के लोकप्रिय ब्रांडों में मैनकाइंड कंडोम और गर्भावस्था परीक्षण किट - प्रेगा न्यूज शामिल हैं। कंपनी घरेलू बिक्री के मामले में भारत की चौथी सबसे बड़ी कंपनी है। कंपनी के उत्पादों की मार्केटिंग 100 से ज्यादा देशों में होती है।

### यूपीए के अंतिम वर्ष में राजकोषीय घाटा 4.5 फीसदी था, एनडीए के कार्यकाल में 2023-24 में 5.8 फीसदी : चिदंबरम



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने रविवार को कहा कि सप्रंग सरकार के अंतिम वर्ष 2014-15 में राजकोषीय घाटा 4.5 फीसदी था। जबकि, राजग सरकार में 2023-24 में यह 5.8 फीसदी रहा। पूर्व केंद्रीय मंत्री की ओर से यह बयान तब सामने आया है, जब सरकार ने राजकोषीय सुधार किए जाने का जिक्र किया है। उन्होंने कहा कि अर्थशास्त्र में बुलहॉर्न (मेगाफोन) के लिए कोई जगह नहीं है। चिदंबरम ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि राजग सरकार की ओर से राजकोषीय सुधार और 2023-24 में राजकोषीय घाटे के 5.8 फीसदी के बारे में बहुत कुछ कहा गया है। याददाश्त कमजोर है, इसलिए मैं विद्वान टिप्पणीकारों से प्रेरणा लेता हूं। सप्रंग के कार्यकाल में 2007-08 में राजकोषीय घाटा 25 फीसदी था। सप्रंग के अंतिम वर्ष (2013-14) में राजकोषीय घाटा 4.5 फीसदी था। राजग के अंतिम वर्ष (2023-24) में राजकोषीय घाटा 5.8 फीसदी है। कांग्रेस नेता ने कहा कि किसी भी सरकार में उतार-चढ़ाव आते हैं। उन्होंने तर्क दिया कि अगर राजग महामारी वर्ष (2020-21 और 2021-22) की ओर इशारा करता है, तो सप्रंग अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संकट (2008-09) और टेपर टैंट्रम (2013-14) के वर्षों की ओर इशारा करता है।

## बुलेट ट्रेन की रफ्तार से भाग रहा है रेलवे का शेयर, कंपनी को मिला 124 करोड़ का काम



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पिछले कुछ महीनों के दौरान जिन रेलवे स्टॉक्स ने शेयर बाजार में शानदार रिटर्न दिया है उसमें रेलटेल कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड एक है। कंपनी को वेस्टर्न रेलवे से काम मिला है। शेयर बाजारों को दी जानकारी में कंपनी ने बताया है कि उन्हें 124 करोड़ रुपये का काम मिला है। आज सुबह 9.16 बजे बीएसई में शेयर बाजार में कंपनी के शेयर 0.20 प्रतिशत की तेजी के साथ 420.20 रुपये पर ट्रेड कर रहे थे। कंपनी ने 5 फरवरी को शेयर बाजारों को बताया कि पश्चिम रेलवे ने 124 करोड़ रुपये का काम दिया है। इस काम को पूरा करने के लिए आखिरी तारीख 3 अगस्त 2025 है। यानी करीब 18 महीने में प्रोजेक्ट को पूरा करना है। बता दें, रेलटेल कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड में सरकार की हिस्सेदारी 72.84 प्रतिशत की है। पिछले एक महीने के दौरान मल्टीबैगर रेलवे स्टॉक की कीतमों में 18 प्रतिशत से अधिक की तेजी आई है। महज 6 महीने के दौरान कंपनी के शेयरों की कीमतों में 143 प्रतिशत की तेजी आई है। यानी पोजीशनल निवेशकों का पैसा इस दौरान दोगुना से अधिक हो गया है। वहीं, एक साल से रेलवे के इस स्टॉक को होल्ड करने वाले निवेशकों को अबतक 285 प्रतिशत का फायदा हो चुका है। शेयर बाजार में कंपनी का 52 वीक हाई 459.20 रुपये प्रति शेयर है। और 52 वीक लो लेवल 96.25 रुपये प्रति शेयर है। कंपनी का मार्केट कैप 13,485 करोड़ रुपये का है।

## एसबीआई, बैंक ऑफ महाराष्ट्र के जमा में सबसे अधिक बढ़त, 10 सरकारी बैंकों में 10 फीसदी से कम वृद्धि दर्ज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बैंक ऑफ महाराष्ट्र और एसबीआई दिसंबर तिमाही में जमा बढ़त के मामले में सरकारी बैंकों में शीर्ष पर रहे हैं। बाकी 10 बैंकों के जमा में 10 फीसदी से कम की वृद्धि रही है। बैंक ऑफ महाराष्ट्र का जमा 17.89 फीसदी और एसबीआई का जमा 12.84 फीसदी बढ़ा है।

एसबीआई का कुल जमा 45.68 लाख करोड़ रुपये रहा है जो बैंक ऑफ महाराष्ट्र के 2.46 लाख करोड़ की तुलना में 18 गुना से ज्यादा है। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का जमा 9.53 फीसदी और पंजाब नेशनल बैंक का जमा 9.10 फीसदी बढ़ा है।

बैंकों के जमा में बढ़ोतरी चालू-बचत खाते से आई है। बुरे फंसे कर्जों (एनपीए) में बैंक ऑफ महाराष्ट्र का शुद्ध एनपीए 0.22 प्रतिशत और इंडियन बैंक का 0.53 प्रतिशत रहा है, जो सबसे कम है। चालू वित्त वर्ष के नौ महीनों में 12 सरकारी बैंकों का शुद्ध लाभ 98,355 करोड़ रहा है। एक साल पहले समान तिमाही में यह 104,649 करोड़ था। पीएनबी के फायदे में सबसे अधिक 253 प्रतिशत की बढ़त जबकि बैंक ऑफ इंडिया के लाभ में 62 प्रतिशत की तेजी थी। यूनियन बैंक का मुनाफा 60 फीसदी बढ़ा है। एसबीआई, यूको और पंजाब एंड सिंध बैंक के मुनाफे में 69 प्रतिशत तक की गिरावट आई है।




#### वेतन-पेंशन वृद्धि से 26 हजार करोड़ घटेगा लाभ : एसबीआई

एसबीआई ने कहा, वेतन व पेंशन में वृद्धि से मार्च तक उसके मुनाफे में 26,000 करोड़ की कमी आएगी। इस बढ़त से ही दिसंबर तिमाही में उसका फायदा 35 फीसदी घटकर 9,164 करोड़ रह गया। एक साल पहले यह 14,205 करोड़ था। बैंक के चेयरमैन दिनेश कुमार खारा ने कहा, कर्मचारी यूनियनों के साथ समझौते में 17 फीसदी वेतन बढ़ोतरी का फैसला हुआ था। यह नवंबर से लागू है। इससे वेतन व पेंशन के लिए तिमाही में 7,100 करोड़ का अतिरिक्त प्रावधान करना पड़ा। इसमें से 5,400 करोड़ पेंशन के लिए हैं। 2022 से कुछ कर्मचारियों को 40 फीसदी और कुछ को उनके अंतिम वेतन का 50 फीसदी पेंशन के रूप में मिल रहा था।

## एचडीएफसी स्काई से जनवरी 2024 में 1 लाख से ज्यादा ग्राहक जुड़े

### सितंबर 2023 में यह फ्लैट-प्राइस ब्रोकिंग ऐप लॉन्च होने के बाद इससे 3 लाख से ज्यादा ग्राहक जुड़ चुके हैं

**मुंबई, एजेंसी।** अग्रणी इन्वेस्टमेंट सर्विसेज़ प्रदाता, एचडीएफसी सिक्योरिटीज़ के फ्लैट प्राइसिंग इक्विटी ब्रोकिंग ऐप ने घोषणा करके बताया कि इससे जनवरी 2024 में 1 लाख से अधिक ग्राहक जुड़े चुके हैं। सितंबर 2023 में लॉन्च हुए इस फ्लैट प्राइस ब्रोकिंग ऐप के पास वर्तमान में 3 लाख से अधिक ग्राहक हैं। एचडीएफसी स्काई निवेश की हर जरूरत - इक्विटी, म्यूचल फंड, ग्लोबल इन्वेस्टिंग आदि के लिए वन-स्टॉप-शॉप प्लेटफॉर्म है। भारतीय बाजारों में पिछले 4 सालों में बेहतरीन रिटर्न्स मिले हैं। इक्विटी जैसे शानदार रिटर्न हर एसेट वर्ग में नहीं मिलते। अंतरिम बजट में वित्त वर्ष 2025 के लिए 10.5त्न जीडीपी वृद्धि दर और 5.1त्न के राजकोषीय घाटे का अनुमान है। यह व्यापक वृद्धि के लिए अच्छा संकेत है। भारत में रिटेल, एचएनआई या एफआईआई के लिए निवेश का उपयुक्त माहौल है।

एचडीएफसी स्काई ग्राहकों को निवेश एवं स्टॉक के मामले में परामर्श देने के लिए सबसे मजबूत स्थिति में है, और उन्हें सही निर्णय लेने में मदद करने के लिए प्रोप्राइटरी अध्ययन का लाभ प्रदान करता है। इस प्लेटफार्म पर विभिन्न सेगमेंट्स में इंट्राडे और डिलीवरी, दोनों के लिए एक सा 20 रुपये का शुल्क लगता है। यहाँ सभी ग्राहकों को अपने निवेश का दायरा बढ़ाने के लिए मार्जिन ट्रेडिंग की सुविधा भी मिलती है। एचडीएफसी स्काई सभी निवेशकों और व्यापारियों को वित्तीय बाजारों में सुगमता से अपने वित्तीय लक्ष्य प्राप्त करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, फिर चाहे उन्हें इसका अनुभव पहले से रहा हो या नहीं। यह ऐप एक ही फिनटेक प्लेटफॉर्म पर भारतीय स्टॉक, ईटीएफ, म्यूचल फंड, फ्यूचर एवं ऑप्शंस, करेंसीज़, कमोडिटी, आईपीओ और ग्लोबल इक्विटी सहित विभिन्न निवेश और ट्रेडिंग विकल्प उपलब्ध कराता है। एचडीएफसी स्काई का उपयोग टियर-1, 2 और 3 शहरों के उपभोक्ता करते हैं।

इस उपलब्धि के बारे में एचडीएफसी सिक्योरिटीज़ के मैनेजिंग डायरेक्टर और चीफ एक्ज़ीक्यूटिव ऑफिसर, श्री धीरज रेली ने कहा, एचडीएफसी सिक्योरिटीज में हम अपने ग्राहकों को निवेश एवं संपत्ति निर्माण में मदद करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम अपनी अनुभवी टीम एवं अत्याधुनिक शोध के साथ निवेश के लिए एक सुगम व प्रभावशाली मंच पेश कर रहे हैं। अपनी इस उपलब्धि से हम उत्साहित हैं।

## भारत में सेवा क्षेत्र की गतिविधियां जनवरी में छह महीने के उच्चतम स्तर पर, पीएमआई 61.8 पर पहुंचा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत में सेवा क्षेत्र की गतिविधियां अनुकूल आर्थिक परिस्थितियों और सकारात्मक मांग के दम पर जनवरी में छह महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई है। इस दौरान मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया भारत सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक जनवरी में 61.8 पुहंच गया। यह दिसंबर में 59 पर था। खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर के अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार से और 50 से कम अंक का आशय संकुचन से होता है। सर्वेक्षण सेवा क्षेत्र की करीब 400 कंपनियों को भेजे गए प्रश्नावली के जवाबों पर आधारित है। एचएसबीसी के अर्थशास्त्री इनेस लैम ने कहा, '' भारत की सेवा पीएमआई जनवरी में छह महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। नए व्यवसाय का विस्तार तेज गति से हुआ और भविष्य की गतिविधि के लिए प्रबंधकों की उम्मीदें मजबूत बनी हैं। कारोबारी गतिविधि सूचकांक में तेजी आई, जिससे संकेत मिलता है कि भारत का सेवा निर्यात मजबूत बना हुआ है।''



नई निर्यात बिक्री तीन महीनों में सबसे तेज़ गति से बढ़ी। कंपनियों ने अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, चीन, यूरोप, संयुक्त अरब अमीरात और अमेरिका सहित दुनिया भर में ग्राहकों से लाभ का संकेत दिया। इस बीच, एचएसबीसी इंडिया कंपोजिट पीएमआई आउटपुट इंडेक्स 58.5 से बढ़कर 61.2 हो गया।

## सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट

### सोना साढ़े 62 हजार और चांदी साढ़े 70 रुपए पर आई, कैरेट के हिसाब से देखें गोल्ड की कीमत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोने-चांदी के दामों में आज यानी, 5 फरवरी को गिरावट देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के मुताबिक, 10 ग्राम सोना 517 रुपए सस्ता होकर 62,625 रुपए पर आ गया है। वहीं 18 कैरेट सोने का भाव 46,969 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है। चांदी में आज हजार रुपए से ज्यादा की गिरावट देखने को मिली है। ये 1,319 रुपए सस्ती होकर 70,545 रुपए प्रति किलो ग्राम पर आ गई है। इससे पहले ये 71,864 रुपए पर थी।



#### जनवरी में सोने में रही गिरावट

जनवरी में सोने-चांदी के दामों में गिरावट देखने को मिली थी। महीने की शुरुआत यानी 1 जनवरी को सोना 63,302 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था, जो 31 जनवरी को 62,685 रुपए पर आ गया है। यानी इस महीने अब तक इसकी कीमत में 617 रुपए प्रति 10 ग्राम की गिरावट आई है। वहीं चांदी भी 73,624 रुपए प्रति किलोग्राम से गिरकर 71,668 रुपए पर आ गई थी। सरकार आपको एक बार फिर सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड में निवेश करने का मौका दे रही है। सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड स्कीम 2023-24 के तहत 12 से16 फरवरी तक सोने में निवेश का मौका मिलेगा। हालांकि, गोल्ड बॉन्ड किस रेट पर जारी किए जाएंगे, इसकी जानकारी नहीं दी गई है।

सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड एक सरकारी बॉन्ड होता है। इसे डीमैट के रूप में परिवर्तित कराया जा सकता है। ये बॉन्ड 1 ग्राम सोने का होता है, यानी 1 ग्राम सोने की जितनी कीमत होगी, उतनी ही बॉन्ड की कीमत होगी। इसे आरबीआई की तरफ से जारी किया जाता है। ऑनलाइन अप्लाय करने और डिजिटल पेमेंट करने पर प्रति ग्राम 50 रुपए का डिस्काउंट मिलता है।

### पीएम मोदी के विकसित भारत के विजन को हासिल करने का रोडमैप है यह बजट : अमित शाह

**नईदिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गुरुवार को संसद में अंतरिम बजट 2024 पेश किया गया, जिसमें किसानों, महिलाओं और मध्यम वर्ग के लोगों के लिए नई योजनाओं की घोषणा की गई। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह का स्पष्ट मानना है कि, 'अंतरिम बजट 2024 पीएम मोदी के विकसित भारत के विजन को हासिल करने का रोडमैप है।' शाह यह मानते हैं कि अमृतकाल में मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का यह अंतरिम बजट 'संकल्प से समृद्धि' का बजट साबित होने वाला है। भारत को हर क्षेत्र में अग्रणी राष्ट्र बनाने की अपनी यात्रा में मोदी सरकार द्वारा पिछले 10 वर्षों में हासिल किए गए उपलब्धियों पर प्रकाश डालने वाला यह बजट किसानों, महिलाओं और मध्यम वर्ग के लोगों के लिए एक नई उम्मीद लेकर आया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में जिस तरह से साल 2047 तक पूर्ण रूप से आत्मनिर्भर और विकसित भारत का लक्ष्य देश के सामने रखा गया है, इस दिशा में यह बजट देश के किसानों के लिए समृद्धि के लिए अवसर लेकर आया है।

### नॉर्दर्न आर्क कैपिटल ने आईपीओ के लिए सेबी के समक्ष दाखिल किया डीआरएचपी

**मुंबई एजेंसी।** नॉर्दर्न आर्क कैपिटल लिमिटेड, एक विविध फाइनेंशियल सर्विसेज प्लेटफॉर्म ने बाजार नियामक सिक्योरिटी एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) के समक्ष अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस दाखिल किया है। कंपनी प्रत्येक 10 रुपये अंकित मूल्य के इक्विटी शेयर जारी करके आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के माध्यम से धन जुटाने की योजना बना रही है। इसके तहत 500 करोड़ रुपए तक का फ्रेश इश्यू और 21,052,629 इक्विटी शेयरों तक कुल मिलाकर बिक्री का प्रस्ताव (ऑफर फॉर सेल) शामिल है। नॉर्दर्न आर्क एक विविध फाइनेंशियल सर्विसेज प्लेटफॉर्म है जो मुख्य रूप से भारत में अल्प-सेवा वाले परिवारों और व्यवसायों की विविध खुदरा ऋण संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के मिशन के साथ स्थापित किया गया है। नॉर्दर्न आर्क ने भारत में अपने केंद्रित क्षेत्रों के लिए ऋण उपलब्ध कराने में डोमेन विशेषज्ञता विकसित की है। ये प्रमुख क्षेत्र इस प्रकार हैं- सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) वित्तपोषण, माइक्रोफाइनेंस (एमएफआई), उपभोक्ता वित्त, वाहन वित्त, किफायती आवास वित्त और कृषि वित्त। नॉर्दर्न आर्क क्रमशः 13 वर्षों, 14 वर्षों और आठ वर्षों से अधिक समय से एमएसएमई, एमएफआई और उपभोक्ता वित्त क्षेत्रों में काम कर रहा है। कुल मिलाकर 21,052,629 इक्विटी शेयरों की बिक्री की पेशकश में लीपफ्रॉग फाइनेंशियल इंक्लूजन इंडिया ;प्द्ध लिमिटेड द्वारा कुल मिलाकर 4,922,949 तक के इक्विटी शेयर शामिल हैं; साथ ही, इस ऑफर में शामिल हैं- एक्सियन अफ्रीका-एशिया इन्वेस्टमेंट कंपनी द्वारा 1,265,476 तक के इक्विटी शेयर, ऑगस्टा इन्वेस्टमेंट्स प्प् पीटीई द्वारा 4,254,744 तक के इक्विटी शेयर, एट रोड्स इन्वेस्टमेंट्स मॉरीशस प्प् लिमिटेड (जिसे पहले एफआईएल कैपिटल इन्वेस्टमेंट्स (मॉरीशस) प्प् लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) द्वारा 2,237,030 तक के इक्विटी शेयर; द्वारा ट्रस्ट द्वारा 1,631,949 तक के इक्विटी शेयर (इसके कॉर्पोरेट ट्रस्टी, द्वारा होल्डिंग्स द्वारा प्रतिनिधित्व (जिसे पहले द्वारा होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड और द्वारा ट्रस्टीशिप सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के रूप में जाना जाता था); 360 वन स्पेशल अपॉर्चुनिटीज फंड (पूर्व में आईआईएफएल स्पेशल अपॉर्चुनिटीज फंड) द्वारा 5,000,000 तक के इक्विटी शेयर, 360 वन स्पेशल अपॉर्चुनिटीज फंड - सीरीज 2 (जिसे पहले आईआईएफएल स्पेशल अपॉर्चुनिटीज फंड - सीरीज 2 के नाम से जाना जाता था) द्वारा 107,696 तक एकत्रित होने वाले इक्विटी शेयर; 360 वन स्पेशल अपॉर्चुनिटीज फंड - सीरीज 3 (जिसे पहले आईआईएफएल स्पेशल अपॉर्चुनिटीज के नाम से जाना जाता था) तक कुल मिलाकर 47,373 तक इक्विटी शेयर होते हैं। फंड दृ सीरीज 3); 360 वन स्पेशल अपॉर्चुनिटीज फंड - सीरीज 4 (जिसे पहले आईआईएफएल स्पेशल अपॉर्चुनिटीज फंड - सीरीज 4 के नाम से जाना जाता था

# भारत ने 106 रन से जीता दूसरा टेस्ट

## इंग्लैंड की टीम दूसरी पारी में 292 रन पर आउट, श्रृंखला 1-1 से बराबर




**विशाखापत्तनम।** भारत ने पांच मैचों की श्रृंखला के दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन सोमवार को यहां इंग्लैंड को 106 रन से शिकस्त दी। इस जीत से भारत ने श्रृंखला को 1-1 से बराबर कर लिया। इंग्लैंड ने हैदराबाद में खेले गये पहले टेस्ट को 28 रन से जीता था। जीत के लिए 399 रन का पीछा करते हुए इंग्लैंड की टीम दूसरी पारी में 292 रन पर आउट हो गयी। इंग्लैंड के लिए जैक क्राउली ने सबसे ज्यादा 73 रन की पारी खेली। भारत के लिए जसप्रीत बुमराह और रविचंद्रन अश्विन ने इस पारी में तीन-तीन विकेट लिये। श्रृंखला का तीसरा टेस्ट 15 फरवरी से राजकोट में खेला जायेगा।

इससे पहले दिन के शुरुआती सत्र में जब टीम इंडिया लड़खड़ाती हुई नजर आई थी तो यशस्वी जायसवाल ने शतक लगाकर उम्मीदें बनाए रखी और लगे दिन शतक को दोहरे शतक में बदला। इसी कारण भारत इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन टीम की पहली पारी 396 रन पर समाप्त हुई। जेम्स एंडरसन, शोएब बशीर और रेहान अहमद ने 3-3 विकेट झटके। इसके बाद गेंदबाजी के दौरान जसप्रीत बुमराह ने विशाखापत्तनम के मैदान पर इंग्लैंड के खिलाफ खेले जा रहे दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन छह विकेट लेकर मेहमानों को मात्र 253 रन पर ही रोकने और 143 रन की लीड बनाने में मदद की। जैक क्रॉली (76) और कप्तान बेन स्टोक्स (47) को छोड़ कोई अन्य बल्लेबाज प्रभावी नहीं रहा जिससे भारत को मजबूत स्थिति में ला दिया। पहली पारी में 143 रन की बढ़त के बाद भारत की ओपनिंग जोड़ी फेल रही। जायसवाल और रोहित शर्मा कमाल नहीं दिखा पाए लेकिन इस बार शुभमन गिल का बल्ला चला और उन्होंने शतक पारी खेली जिससे भारत 255 रन बनाकर इंग्लैंड को 399 रन का लक्ष्य देने में कामयाब रहा।

### बेन स्टोक्स ने हार के बाद की इन 2 गेंदबाजों की तारीफ

विशाखापत्तनम टेस्ट में टीम इंडिया ने हरफनमौला खेल के दम पर जीत हासिल कर 5 टेस्ट मैचों की सीरीज में 1-1 की बराबरी कर ली है। मुकाबला गंवाने के बाद इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने कई कारक बताए। उन्होंने कहा कि आखिरी पारी में रनों का पीछा करते हुए हमें भरोसा था कि हम इसका पीछा कर लेंगे। ऐसे स्कोरबोर्ड के दबाव वाले खेलों में हम अक्सर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर पाते हैं। इन खेलों को कैसे लें इसके बारे में कोई सुझाव नहीं है।

## धोनी पर मैच फिक्सिंग का आरोप लगाने वाले शख्स को मिली बड़ी राहत



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की याचिका पर भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के सेवानिवृत्त अधिकारी जी संपत कुमार को दी गई 15 दिन की साधारण कारावास की सजा पर सोमवार को अंतरिम रोक लगा दी। मद्रास उच्च न्यायालय ने धोनी द्वारा दाखिल



अदालत की अवमानना वाली याचिका पर आईपीएस अधिकारी को यह सजा सुनाई थी।

न्यायमूर्ति ए एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ कुमार की याचिका पर नोटिस जारी किया। मामले की अगली सुनवाई आठ मार्च को निर्धारित की गई है। मद्रास उच्च न्यायालय ने 15 दिसंबर को कुमार को धोनी द्वारा दायर अदालत की अवमानना के एक मामले में 15 दिन के कारावास की सजा सुनाई थी।

हालांकि, न्यायमूर्ति एस एस सुंदर और न्यायमूर्ति सुंदर मोहन की खंडपीठ ने सजा को 30 दिन के लिए निलंबित कर दिया ताकि संपत कुमार को सजा के खिलाफ अपील दायर करने का मौका मिल सके। धोनी ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सट्टेबाजी में अपना नाम लिए जाने को लेकर 2014 में मानहानि का मुकदमा दायर किया था और 100 करोड़ रुपये की क्षतिपूर्ति की मांग की थी। धोनी ने इस मुकदमे पर दाखिल संपत कुमार के जवाबी हलफनामे में न्यायपालिका के खिलाफ की गई टिप्पणियों के लिए उन्हें दंडित करने का अनुरोध किया है।

### क्या है पूरा मामला?

IPL फ्रेंचाइजी चेन्नई सुपर किंग्स (ष्टस्द्म) के धोनी ने आईपीएल सट्टेबाजी में अपना नाम घसीटे जाने के बाद 2014 में मानहानि का केस किया था। उन्होंने अपनी याचिका में 100 करोड़ रुपये की क्षतिपूर्ति की मांग की थी। इस मामले में पूर्व आईपीएस जी संपत कुमार ने जवाबी हलफनामा दायर किया था। धोनी ने इस पर कहा था कि संपत ने अपने हलफनामे में अदालत के खिलाफ टिप्पणियां की हैं। पूर्व भारतीय कप्तान ने फिर सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के खिलाफ कथित रूप से अवमानना वाले बयान देने के लिए संपत के खिलाफ अदालत की अवमानना का मामला दर्ज कराया था।

## फॉर्म में लौटे तो इस दिक्कत में फंसे शुभमन गिल, कहीं तीसरे टेस्ट से न हो जाएं बाहर

**विशाखापट्टनम, एजेंसी।** इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज खेल रही भारतीय टीम चोटिल खिलाड़ियों से परेशान है। चोट के कारण रविंद्र जडेजा और केएल राहुल दूसरे टेस्ट में नहीं खेल पाए। विराट कोहली ने निजी कारणों से पहले दो टेस्ट से ब्रेक लिया था। तीनों खिलाड़ी आगे उपलब्ध होंगे या नहीं यह अभी साफ नहीं है। इस बीच एक और खिलाड़ी चोटिल हो गया है। यह खिलाड़ी हैं शुभमन गिल। उनकी उंगली में चोट लगी है।



भारत-इंग्लैंड के बीच विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट के चौथे दिन का खेल शुरू होने से पहले भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने इसकी जानकारी दी। बोर्ड ने कहा कि उंगली में चोट के कारण गिल चौथे दिन फील्डिंग के मैदान पर नहीं उतरेंगे। लंबे समय से खराब फॉर्म से जूझ रहे दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने विशाखापत्तनम टेस्ट की दूसरी पारी में शतक जड़ा था। फॉर्म में लौटने के बाद वह चोटिल हो गए हैं। चोट कितनी गंभीर है यह जानकारी सामने नहीं आई है। अगर चोट गंभीर हुई और वह अगले टेस्ट से बाहर हुए तो भारत की दिक्कत बढ़ जाएगी। बीसीसीआई ने शुभमन गिल की चोट की जानकारी देते हुए एक्स पर कहा, दूसरे दिन फील्डिंग करते समय शुभमन गिल की दाहिनी तर्जनी ( में चोट लग गई। वह आज मैदान पर नहीं उतरेंगे। चोट के बाद भी गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट की दूसरी पारी में 104 रन की पारी खेली। वह किसी दिक्कत में नहीं दिखे। भारत को 399 रन का टारगेट सेट करने में अहम भूमिका निभाई। भारतीय टीम दूसरी पारी में 255 रन पर आउट हो गई। अगर इंग्लैंड 399 रन का टारगेट चेज कर लेती है तो वह एशिया में टेस्ट क्रिकेट में सबसे बड़ा स्कोर चेज करने वाली टीम बन जाएगी।

यह रिकॉर्ड वेस्टइंडीज के नाम है। दो साल पहले टीम ने बांग्लादेश के खिलाफ 295 रन का टारगेट चेज किया था।

## शानदार जीत के साथ तालिका में शीर्ष पर पहुंचा ओडिशा एफसी

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** खिताब के दावेदार ओडिशा एफसी ने रविवार को कैपिटल फुटबॉल एरेना में भारतीय महिला फुटबॉल लीग (आईडब्ल्यूएल) में अपने शहर के साथी स्पोर्ट्स ओडिशा को 3-1 से हराकर बड़ी आसानी से तीन अंक हासिल किए। कागज पर मैच को ओडिशा डर्बी का माना गया।



वास्तव में, यह एक सरासर बेमेल मैच था क्योंकि लीग तालिका में शीर्ष स्थान पर रहने वाली टीम को एक ऐसी टीम के खिलाफ खड़ा किया गया था जो निचले स्थान पर रहने से बचने के लिए संघर्ष कर रही थी। मुकाबले के अंत में भाग्य में कोई बदलाव नहीं हुआ। ओडिशा एफसी सात मैचों में 19 अंकों के साथ शीर्ष पर पहुंच गया, जबकि स्पोर्ट्स ओडिशा आठ मैचों में केवल दो अंक जुटाकर सबसे निचले स्थान पर रहा। दिसंबर में आईडब्लयूएल में दोनों टीमों के बीच पहली भिड़ंत में ओडिशा एफसी ने स्पोर्ट्स ओडिशा को 4-0 से हराया था।

नौ अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ ओडिशा एफसी अब तक बेहतर टीम थी और उसने पिच के हर हिस्से पर इसका प्रदर्शन किया। लेकिन फिर, स्पोर्ट्स ओडिशा को दूसरे हाफ में ओडिशा एफसी की मजबूत रक्षा में सेंध लगाने का श्रेय मिलना चाहिए। जब मनीषा नाइक ने हारने वालों के लिए अंतर कम कर दिया। पूरे अभियान में ओडिशा एफसी के खिलाफ यह केवल दूसरा गोल था।

वास्तव में आखिरी आधे घंटे में स्पोर्ट्स ओडिशा कहीं अधिक जीवंत पक्ष में दिखी और विरोधी रक्षकों को उन्हें अधिक गंभीरता से लेने के लिए मजबूर किया। हालांकि, ओडिशा एफसी को ज्यादा परेशान होने की जरूरत नहीं थी.

### भारत के लिए खेलना है सपना

## दिव्यांग होने के बावजूद कबड्डी सीरीज स्टार शिवन्नागौड़ा ने भरी हौसलों की उड़ान

**पुडुचेरी, एजेंसी।** कबड्डी अपनी तेजी और शारीरिक बल का प्रयोग करने वाले दमदार खिलाड़ियों के लिए जाना जाता है लेकिन कुछ ऐसे भी खिलाड़ी हैं जिन्होंने अपने हौसले के दम पर दिव्यांग होने के बावजूद इस खेल में अपना जौहर दिखाया है।

कबड्डी को ग्रासरूट लेवल पर नया आयाम देने वाले युवा कबड्डी सीरीज में खेल रहे दिव्यांग शिवन्नागौड़ा एक ऐसे ही खिलाड़ी हैं। वे बोल-सुन नहीं सकते हैं, हालांकि, इसके बावजूद उन्होंने इस सीजन टूर्नामेंट में दमदार प्रदर्शन किया है और उनका सपना एक दिन भारत के लिए खेलना है। शिवन्नागौड़ा ने युवा कबड्डी सीरीज स्टार विंटर एडिशन 2023 में हम्पी हीरोज के लिए बेहतरीन प्रदर्शन किया है और अबतक 16 मैचों में 51 अंक ले चुके हैं। हालांकि, कर्नाटक के रायचूर से आने वाले इस रेडर के लिए करियर की शुरुआत आसान नहीं रही और लोगों ने कदम-कदम पर खेलन को छोड़ने की सलाह दी। अपनी कहानी बयां करते हुए शिवन्नागौड़ा ने साइन लैंग्वेज बताया, मैंने अपने भाई शंकर गौड़ा को देखकर 18 साल की उम्र में कबड्डी खेलना शुरू किया।

जब गांव में लोगों को मेरा खेल पसंद आया और उन्होंने मुझे बेंगलुरू में एकेडमी में जाने की सलाह दी जिसे मैंने माना और मेरा सफर शुरू हो गया। ट्रेनिंग के शुरुआती वर्षों में मुझे लोगों से बात करने में कठिनाई होती थी। हालांकि, समय के साथ मैंने और आसपास के लोगों ने मुझसे बात करना सीख लिया। प्रैक्टिस या मैच के लिए यात्रा करते समय, मैं आसपास के व्यक्ति को फोन दे देता हूं और अपने परिवार को अपने अपने बारे में बताता हूं। मैं होठों की हरकतों




और अपने आस-पास की स्थितियों को समझता हूं, जिससे बात करना थोड़ा आसान हो जाता है। मैच के दौरान भी मैं ऐसे ही बात करता हूं। उन्होंने साइन लैंग्वेज में समझाया, शुरुआती दिनों में लोग मुझे कहते कि मैं कबड्डी में करियर बनाने का विचार मन से निकाल दूं क्योंकि मैं बोल-सुन नहीं सकता और इस वजह से मुझे खेलने में बहुत दिक्कत होगी। हालांकि, मैंने हार नहीं मानी और खेलना जारी रखा।

## ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू शॉर्ट तीसरे वनडे से बाहर



**केनबरा, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज मैथ्यू शॉर्ट वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे वनडे मैच से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह मंगलवार को खेले जाने वाले तीसरे वनडे मैच के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम में क्वींसलैंड के बल्लेबाज बेन मैक्डरमॉट को शामिल किया गया है। वेस्टइंडीज टीम ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर है।

तीन वनडे मैचों की सीरीज के सिडनी में खेले गए दूसरे मैच में मैथ्यू शॉर्ट को बल्लेबाजी के दौरान चोट लगी थी। उनकी मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था। उन्होंने 41 रन बनाए थे, लेकिन इंजरी की वजह से फील्डिंग के लिए मैदान में नहीं उतरे। इसी वजह से उन्हें तीसरे वनडे से बाहर होना पड़ा है। मैथ्यू के भी चोट की वजह से ऑस्ट्रेलियाई स्क्वाड से बाहर होने के बाद टीम में कोई अतिरिक्त बल्लेबाज नहीं बचा है। ट्रेविस हेड को मेलबर्न में खेले गए पहले वनडे के बाद उन्हें आराम दिया गया है।

## एशिया कप: चार मिलियन डॉलर का मामला, PCB और श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड में विवाद

**लाहौर।** पाकिस्तान और श्रीलंका के क्रिकेट बोर्ड (एससीएल) इस बात को लेकर वित्तीय विवाद में फंसे हुए हैं कि पिछले साल एशिया कप को श्रीलंका में स्थानांतरित करने के कारण आए तीन-चार मिलियन डॉलर (लगभग 25 से 33 करोड़ रुपए) के अतिरिक्त खर्च को कौन वहन करेगा।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने पाकिस्तान में सुरक्षा और दोनों देशों के बीच राजनीतिक तनाव के मद्देनजर टीम को पाकिस्तान भेजना से मना कर दिया। इसके बाद मेजबान पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की जिद्द पर एशिया कप का आयोजन हाइब्रिड मॉडल पर हुआ था। टूर्नामेंट के ज्यादातर मैचों का आयोजन श्रीलंका में हुआ जबकि इसके कुछ मुकाबले पाकिस्तान में खेले गए। इसके परिणामस्वरूप चार्टर्ड विमान, होटल बुकिंग, स्थल किराये की फीस और यात्रा सहित अन्य पर अतिरिक्त खर्च करना पड़ा।

एसएलसी ने पिछले सप्ताह बाली में एसीसी (एशियाई क्रिकेट परिषद) की बैठक के दौरान स्पष्ट कर दिया था कि वह वित्तीय बोझ उठाने को तैयार नहीं है क्योंकि उसे इस आयोजन से अतिरिक्त कमाई नहीं हुई है और वह टूर्नामेंट का आधिकारिक मेजबान भी नहीं था। इस आयोजन का खर्च इसलिए भी बढ़ गया क्योंकि पीसीबी के पूर्व अध्यक्ष जका अशरफ ने पहले मैच




को लाहौर की जगह मुल्तान में कराया था। पीसीबी अतिरिक्त खर्चों के भुगतान के लिए एसीसी पर दबाव बना रहा है क्योंकि उसने पाकिस्तान के मेजबानी अधिकार वापस लेने और आयोजन को दूसरे देश में करने का निर्णय लिया था। मामले की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने कहा कि बाली में बैठक के दौरान एसीसी प्रमुख जय शाह ने स्पष्ट किया कि एसीसी बोर्ड ने पूरे टूर्नामेंट को श्रीलंका में स्थानांतरित करने का फैसला किया था लेकिन पीसीबी ने चार मैचों की मेजबानी करना चाहता था। सूत्र ने कहा, 'जब पीसीबी के कार्यवाहक अध्यक्ष खावर शाह और सीईओ सलमान नसीर ने (बाली में) वित्तीय विवाद पर चर्चा की, तो जय शाह और एसएलसी एक का विचार एक जैसा ही था।%

उन्होंने कहा कि शाह ने अधिकारियों को समझाया कि चूंकि पाकिस्तान इस आयोजन का मेजबान बना रहा और श्रीलंका के आयोजन स्थल और सुविधाओं का उपयोग किया गया, इसलिए एसएलसी का बकाया पीसीबी द्वारा चुकाया जाना चाहिए। सूत्र ने कहा कि एसएलसी अध्यक्ष शमी सिल्वा ने एसीसी को चिंता व्यक्त की कि पीसीबी ने अभी भी होटल में ठहरने और चार्टर्ड उड़ानों के बिलों का भुगतान नहीं किया है। शाह ने सिल्वा को सीधे पीसीबी से निपटने की सलाह दी।

## संक्षिप्त समाचार

### कर्नाटक में नहीं चलेगी ओला, ऊबर की मनमानी, सरकार ने तय किया किराया

**बेंगलुरु , एजेंसी।** कर्नाटक में अब ओला, उबर की मनमानी नहीं चलेगी। सिटी टैक्सियों और उबर और ओला जैसे एप-आधारित एग्रीगेटर्स के माध्यम से चलने वाली टैक्सियों को कर्नाटक परिवहन विभाग द्वारा घोषित नई किराया व्यवस्था का पालन करना होगा। इस संबंध में शनिवार को आदेश जारी किया गया। एप-आधारित कैब एग्रीगेटर्स के साथ-साथ सिटी टैक्सियों के लिए किराया एक समान होगा। इससे पहले दोनों श्रेणियों की टैक्सियों के लिए किराया अलग-अलग था। संशोधित किराया पूरे राज्य में लागू हो गया है। कैब को तीन श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है। जिन वाहनों की खरीद लागत 10 लाख रुपये या उससे कम है उनके लिए चार किमी तक न्यूनतम किराया 100 रुपये और इसके बाद प्रत्येक अतिरिक्त किमी के लिए 24 रुपये शुल्क तय किया गया है। 10 लाख रुपये से 15 लाख रुपये के बीच की लागत वाले वाहनों के लिए न्यूनतम किराया 115 रुपये है और प्रत्येक अतिरिक्त किमी के लिए किराया 28 रुपये होगा। 15 लाख से अधिक लागत वाले वाहनों के लिए न्यूनतम किराया 130 रुपये निर्धारित किया गया है। प्रत्येक अतिरिक्त किलोमीटर के लिए 32 रुपये किराया होगा।

### गोवा में संदिग्ध हालात में मृत मिला बुजुर्ग, पीड़ित के शरीर पर मिले चोट के निशान; पुलिस कर रही जांच

**गोवा , एजेंसी।** उत्तरी गोवा के मार्रा में रविवार को एक 77 वर्षीय व्यक्ति की रहस्यमय तरीके से मौत हो गई। व्यक्ति एक विला में किराए में रह रहा था। पुलिस धिकारियों के मुताबिक, रविवार को सीमा सिंह ने ओर्डा कैंडोलिम में रहने वाले एनएस ढिल्लन की पिलेर्न के मार्रा स्थित विला होराइजन अजूरा में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत की सूचना दी। सूचना के बाद पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और पीड़ित का शव उसके कमरे से बरामद किया। शरीर पर चोट के निशान थे।

अधिकारियों ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह लूट और हत्या का मामला लग रहा है। हालांकि इस विला में ढिल्लों अकेले रहते थे, फिर भी वह अक्सर मेहमानों की मेजबानी करते थे, जिसमें उनकी मृत्यु से पहले की रात भी शामिल थी। उन्होंने बताया कि जांच में ढिल्लों के आभूषण, एक मोबाइल फोन और एक किराए की कार गायब होने का पता चला। आगे की जांच से महाराष्ट्र के नवी मुंबई में लापता किराये की कार का पता लगाया गया, जहां अपराध शाखा ने संदेह के आधार पर लोगों के एक समूह को हिरासत में लिया है। एकत्रित तथ्यों एवं परिस्थितियों के आधार पर। गोवा पुलिस की एक टीम संदिग्धों को हिरासत में लेने के लिए मुंबई जा रही है।

### विमान की मरम्मत के दौरान अचानक उछली सीट, भारतीय वायु सेना अधिकारी के सिर पर चोट लगने से मौत

**हैदराबाद , एजेंसी।** तेलंगाना के हकीमपेट वायु सेना स्टेशन पर एक विमान की मरम्मत के दौरान एक दुर्घटना में सिर में चोट लगने से वायु सेना के एक अधिकारी की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी है। पुलिस के मुताबिक घटना शनिवार दोपहर की है। कॉर्पोरल रैंक के अधिकारी हरवीर चौधरी -736 किरण विमान की मरम्मत कर रहे थे, तभी विमान की सीट अचानक उछल गई, जिसकी वजह से उनके सिर में चोट लग गई। घटना की सूचना मिलने पर वायुसेना के अधिकारी मौके पर पहुंचे और बाद में अलवाल पुलिस स्टेशन को सूचित किया।

### केरल के वित्त मंत्री बालगोपाल ने विधानसभा में पेश किया बजट

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी।** केरल के वित्त मंत्री के एन बालगोपाल ने सोमवार को विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए राज्य का बजट पेश किया। अपने बजट भाषण में बालगोपाल ने कहा कि राज्य सरकार की अगले तीन साल में तीन लाख करोड़ रुपये का निवेश लाने की योजना है। उन्होंने कहा कि केरल देश में अग्रणी रहा है और लगातार आगे बढ़ रहा है। मंत्री ने दक्षिणी राज्य की वित्तीय समस्याओं के लिए केंद्र की आर्थिक नीतियों और केरल की कथित उपेक्षा को भी जिम्मेदार ठहराया। केरल के वित्त मंत्री केएन बालगोपाल ने राज्य विधानसभा में बजट पेश करते हुए कहा, केरल एक बड़े कदम के लिए कुछ आउट-ऑफ-द-बॉक्स कार्यक्रम लाने की योजना बना रहा है।

# अरविंद केजरीवाल का बड़ा ऐलान, किराड़ी क्षेत्र में 10 नए स्कूल बनाने की घोषणा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को किराड़ी विधानसभा क्षेत्र में दो नए स्कूलों की नींव रखी। इनमें दो शिफ्टों में पढ़ाई होगी।

यहां 10 हजार बच्चे शिक्षा ग्रहण कर सकेंगे। इस दौरान केजरीवाल ने इस विधानसभा क्षेत्र में 10 पुराने स्कूलों के अलावा 10 नए सरकारी विद्यालय बनवाने की घोषणा की। केजरीवाल ने कहा कि जो शिक्षा उन्होंने अपने बच्चों को दी है, वैसी ही अच्छी शिक्षा देश के हर बच्चे को मिलनी चाहिए। यही वजह है कि वह पिछले नौ साल से शिक्षा और स्वास्थ्य पर कुल बजट का 40 फीसदी खर्च कर रहे हैं। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री आतिशी और रितुराज झा आदि मौजूद रहे।

**पांच वर्ष में कच्ची कॉलोनियों की सूरत बदली :** इस दौरान केजरीवाल ने कच्ची कॉलोनियों पर राजनीति करने वाले विपक्षी दलों पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हर चुनाव के पहले दूसरी पार्टी वाले आकर कहते थे कि हमको वोट दे दो, हम जीत गए तो कच्ची कॉलोनियों के लिए बहुत कुछ कर देंगे पर किसी पार्टी ने कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि कच्ची कॉलोनियों में जो काम पिछले 75 साल में नहीं हुए, वो काम केवल पांच साल में करके दिखा दिए। अब इन कॉलोनियों की सूरत बदल चुकी है।

**ये सुविधाएं मिलेंगी :** हर फ्लोर पर प्रयोगशाला, पुस्तकालय, स्टाफ रूम, एक्टिविटी रूम, टॉयलेट ब्लॉक और एक लिफ्ट होगी। 300 लोगों के बैठने की क्षमता वाला एक वातानुकूलित मल्टीपर्पज हॉल भी बनाया जाएगा।

**असल मुद्दों से ध्यान भटकाया जा रहा:** दिल्ली भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा का कहना है कि दिल्ली की जनता का असल मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी कुछ भी आरोप लगा रही है। मुख्यमंत्री स्वयं ऐसे सपने देख रहे हैं जो जीवन में संभव नहीं हो सकते हैं। दिल्ली सरकार चोरी और भ्रष्टाचार में लिप्त है, जिससे मुख्यमंत्री को डर है कि कथित शराब घोटाले में जांच एजेंसी के सामने बचाव के लिए क्या साक्ष्य दे पाएंगे? अपनी बेगुनाही कैसे साबित कर पाएंगे।

#### 'भाजपा कुछ भी कर लें काम नहीं रुकेंगे'

केजरीवाल ने कहा कि भाजपा ने सारी साजिश रच ली, लेकिन झुका नहीं पाई। मैं बताना चाहता हूं कि कुछ भी कर ले काम नहीं रुकेंगे। हम काम करते रहेंगे। आज ये सारी साजिशों के बाद भी हमारा कुछ नहीं बिगाड़ पा रहे हैं, क्योंकि करोड़ों बच्चे जिन्हें हमने पढ़ाया उनका अर्शीवाद हमारे साथ है।


#### 'आप सरकार आने से शिक्षा में क्रांति आई'

शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा कि जब से दिल्ली में केजरीवाल सरकार आई है, तब से शिक्षा में क्रांति भी आई है। पिछले सात वर्षों से दिल्ली के सरकारी स्कूलों के नतीजे निजी स्कूलों से बेहतर आ रहे हैं। बीते नौ वर्षों में लगभग 3 लाख बच्चों ने निजी स्कूल छोड़कर सरकारी स्कूलों में दाखिला लिया है।

### मॉल-स्पा में चल रहा था सेक्स कारोबार, पुलिस ने मारा छापा; कई लड़के-लड़कियां गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंदिरापुरम क्षेत्र के नीति खंड में मसाज पार्लर की आड़ में चल रहे तीन स्पा सेन्टरों में सेक्स का कारोबार चलता हुआ पाया गया। एसीपी के नेतृत्व में की गई छापामार कार्रवाई के दौरान दो स्पा सेंटर के मैनेजर समेत कुल 17 लोगों को पुलिस ने पकड़ लिया। मौके से पुलिस को आपत्तिजनक सामग्री के अलावा कई मोबाइल फोन और नगदी भी बरामद हुई है। पकड़ी गई लड़कियों ने आरोप लगाया कि स्पा सेंटर के मैनेजर ब्लैकमेल कर उनसे जबरन गंदा काम कर रहे थे। डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटील ने बताया कि रविवार की शाम उन्हें सूचना मिली की नीति खंड चौकी क्षेत्र में कुछ स्थानों पर स्पा सेंटर की आड़ में अनैतिक देह व्यापार का काम चल रहा है। उन्होंने बताया कि मामला संज्ञान में आते ही उन्होंने एसीपी इंदिरापुरम के नेतृत्व में थाना प्रभारी इंदिरापुरम और अन्य पुलिस टीम का गठन किया। पुलिस टीम ने नीति खंड स्थित बिहारी मार्केट के बॉडी साइन डायमंड स्पा सेंटर, डी मॉल में चल रहे दा गोल्ड स्पा और राजहंस प्लाजा में चल रहे स्पा सेंटर पर छापा मारा। इस दौरान बॉडी साइन डायमंड स्पा सेंटर की मैनेजर गुलशन निवासी मेरठ और दा गोल्ड स्पा सेंटर के मैनेजर बुध विहार दिल्ली निवासी दुष्यंत कुमार सिंह के अलावा तीनों स्थानों से 11 युवतियों और चार युवकों को पकड़ लिया गया। जबकि राजहंस प्लाजा के स्पा सेंटर की मैनेजर रजनी मौके से फरार हो गई।

## गाजियाबाद में कुत्ता पालना पड़ेगा 5 गुना महंगा, 7 नियमों का पालन भी होगा जरूरी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली से सटे उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद शहर में एक अप्रैल से कुत्ता पालना महंगा हो जाएगा। नगर निगम रजिस्ट्रेशन फीस 200 रुपये से बढ़ाकर एक हजार रुपये करने जा रहा है। पालतू कुत्तों का रजिस्ट्रेशन नहीं कराने वालों पर पांच हजार रुपये का जुर्माना वसूला जाएगा।

पालतू कुत्तों के लिए निगम में पंजीकरण कराना अनिवार्य है। नगर निगम पंजीकरण शुल्क अभी तक 200 रुपये ले रहा है। शहर में करीब 15 हजार पालतू कुत्ते हैं। इनमें से छह हजार का पंजीकरण है। निगम एक अप्रैल से पंजीकरण शुल्क बढ़ाकर एक हजार रुपये करने जा रहा है। हर साल पंजीकरण का नवीनीकरण भी कराना होगा। इसकी फीस बढ़ाकर 500 रुपये हो जाएगी। पंजीकरण नहीं कराने पर पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। निगम के पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डॉ. अनुज सिंह ने बताया कि एक अप्रैल से यह नियम लागू हो जाएंगे। उन्होंने बताया पालतू कुत्ते के काटने पर पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। लोगों से अपील है कि वह नसबंदी कराकर पालतू कुत्तों का पंजीकरण करा लें। इसके बाद सख्ती शुरू हो जाएगी।

प्रतिबंध के बाद भी इस नस्ल के कुत्ते पाले जा रहे प्रतिबंध के बाद भी लोग पिटबुल, रॉटविलर और डोगो अर्जेंटीनो नस्ल के कुत्तों को पाल रहे हैं। निगम ने एक साल पहले तीनों नस्ल के कुत्तों के पालने पर रोक लगा दी थी। निगम प्रतिबंध नस्ल के कुत्तों पालने वालों पर सख्ती नहीं कर रहा। जबकि इन नस्ल के कुत्ते ज्यादा हमला कर रहे हैं। तीनों नस्ल के कुत्तों को लोग पार्क और सार्वजनिक स्थानों पर घूमाते हैं। इससे लोगों में दहशत का माहौल रहता है।

## सावधान ! दिल्ली एनसीआर में बारिश के साथ घने कोहरे का डबल अटैक, मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट




**नई दिल्ली, एजेंसी।** पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी का असर मैदानी इलाकों में देखा जा रहा है। रविवार को हुई बारिश के बाद दिल्ली एनसीआर में आज मौसम साफ दिखा लेकिन सर्द हवाओं के चलते ठंड महसूस हो रही है। उधर कोहरे से भी दिल्लीवासियों को थोड़ी राहत मिलती नजर आई लेकिन ये राहत ज्यादा समय के लिए नहीं है। मौसम विभाग ने सोमवार रात को घने कोहरा छाए रहने की आशंका जताई है। इस दौरान अधिकतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस बने रह सकता है। मौसम विभाग ने सोमवार सुबह के लिए भी कोहरे को लेकर येलो अलर्ट जारी किया था।

वहीं दिल्ली एनसीआर के कई इलाकों में आज भी बारिश हो सकती है। इस दौरान नोएडा अधिकतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस जबकि न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया जा सकता है। इसके अलावा गुरुग्राम में बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया जा सकता है। इसके अलावा फरीदाबाद में भी कुछ ऐसी ही स्थिति नजर आ सकती है। इस दौरान न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है।

**बुधवार से बढ़ सकती है ठंडः** मौसम विभाग ने बुधवार से ठंड बढ़ने की आशंका जताई है। इस दौरान न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। वहीं मंगलवार को भी लोगों को ठंड का अहसास हो सकता है। इससे पहले रविवार को भी दिल्ली एनसीआर में हल्की बारिश हुई जिसके बाद तापमान में गिरावट देखने को मिली। हालांकि बारिश के बावजूद प्रदूषण में बढ़ोतरी दर्ज की गई। इस दौरान एक्यूआई 274 दर्ज किया गया जो खराब श्रेणी में आता है।

## संसद में राष्ट्रपति मुइज्जू के संबोधन का करेंगे बहिष्कार, भारत विरोधी नीति से खफा विपक्ष का एलान



**माले , एजेंसी।** भारत से तनातनी के बीच मालदीव की राजनीति में खींचतान जारी है। इन सबके बीच मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू आज संसद बैठक में अपना पहला राष्ट्रपति भाषण देने वाले हैं। हालांकि, देश की दो मुख्य विपक्षी पार्टियों ने मोइज्जू के संसद में संबोधन में शामिल न होने का एलान कर दिया है। दरअसल, विपक्षी पार्टियों-मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) और डेमोक्रेट्स पार्टी ने मुइज्जू के संबोधन का बहिष्कार करने का फैसला किया है। दोनों पार्टियों ने मुइज्जू की भारत विरोधी विचारधारा की आलोचना की थी और अब मुइज्जू के भाषण का बॉयकॉट करने का फैसला किया है।


**आखिर बहिष्कार का फैसला क्योंः** मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी ने अभी तक राष्ट्रपति के भाषण का बहिष्कार करने के उद्देश्य का खुलासा नहीं किया है। वहीं डेमोक्रेट्स ने कहा कि वे उन तीन मंत्रियों की फिर से नियुक्ति के कारण बैठक से दूर रहेंगे, जिन्हें संसद ने खारिज कर दिया था। एक रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रपति अपना भाषण सुबह नौ बजे देंगे।

**भारत के साथ इसलिए आई खटास**

बता दें, हाल में भारतीय सैनिकों को माले से बाहर निकालने के मोइज्जू के फैसले के कारण भारत और मालदीव के रिश्तों में खटास आई है। इसी को लेकर विपक्षी पार्टियां मोइज्जू का विरोध कर रही हैं।

**सरकार की विदेश नीति पर सवालः** एमडीपी और डेमोक्रेट्स ने हाल ही में एक संयुक्त बयान जारी किया था, जिसमें उन्होंने वर्तमान सरकार की विदेश नीति पर सवाल खड़े किए थे। दोनों दलों ने कहा था, एमडीपी और डेमोक्रेट दोनों का मानना है कि किसी भी विकास के भागीदार और विशेष रूप से देश के सबसे पुराने सहयोगी को अलग करना देश के दीर्घकालिक विकास के लिए बेहद हानिकारक होगा। देश की सरकार को सभी के विकास के उद्देश्य के साथ काम करनी चाहिए।

## ब्रिटिश प्रधानमंत्री सुनक का इंटरव्यू में छलका दर्द, बचपन में नस्लवाद झेलने का किस्सा किया शेयर



**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन के भारतीय मूल के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने कहा कि है कि उन्हें बचपन में नस्लवाद को महसूस किया और उनके माता-पिता ने उन्हें नाटक की अतिरिक्त कक्षा के लिए भेजा, ताकि वह अन्य बच्चों की तरह 'अच्छी तरह से बोल सकें। वर्ष 2022 में सुनक ने इतिहास रच दिया, जब दिवाली के दिन सत्ताधारी कंजर्वेटिव पार्टी का नया नेता चुने जाने के बाद महाराजा चार्ल्स तृतीय ने उन्हें भारतीय मूल के पहले व्यक्ति के रूप में ब्रिटेन का प्रधानमंत्री नियुक्त किया। हिंदू धर्म के अनुयायी 43 वर्षीय सुनक 210 वर्षों में सबसे कम उम्र के ब्रिटिश प्रधानमंत्री हैं।

वह ब्रिटेन में भारतीय मूल के पहले हिंदू प्रधानमंत्री भी हैं। 'आईटीवी न्यूज से बातचीत में सुनक ने बताया कि उनके माता-पिता इसके प्रति दृढ़ थे कि उन्हें और अन्य बच्चों के अनुरूप ढलना चाहिए और अच्छी तरह बोलना चाहिए। सुनक ने कहा कि इसके लिए उनके माता-पिता ने उन्हें नाटक की अतिरिक्त कक्षा के लिए भेजा। उन्होंने कहा, ''ऐसा न होना कठिन है, ठीक है, और जाहिर तौर पर मैंने एक बच्चे के रूप में नस्लवाद का अनुभव किया है। सुनक ने अपने छोटे भाई-बहनों के लिए अपशब्द सुनने के दर्द को भी याद किया। उन्होंने कहा कि नस्लवाद 'चुभता है और उस तरह से पीड़ा पहुंचाता है, जो अन्य चीजें नहीं पहुंचातीं।

सुनक ने कहा कि उन्हें लगता है कि उन्होंने जो कुछ अनुभव किया वह अब उनके बच्चों के साथ नहीं होगा। अपनी भारतीय विरासत पर चर्चा करते हुए सुनक ने कहा कि उनके माता-पिता चाहते थे कि वह और उनके भाई-बहन (एक भाई और बहन) अन्य लोगों के अनुरूप ढलें। उन्होंने आगे कहा कि उनकी मां इस बात को लेकर विशेष रूप से सचेत थीं कि उनके बच्चे कैसे बोलते हैं। उन्होंने कहा कि उनकी मां जिन चीजों को लेकर बहुत ज्यादा जुनूनी थीं, उनमें से एक यह थी कि वह उच्चारण पर जोर दिये बिना ठीक से बातचीत कर सकें। सुनक ने कहा कि नस्लवाद का कोई भी रूप पूरी तरह से अस्वीकार्य है।

## पाकिस्तान में आतंकी हाफिज के प्यादे भी लड़ रहे आम चुनाव, नई पार्टी बनाकर मैदान में उतरे उम्मीदवार



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान में आठ फरवरी को होने वाले आम चुनाव के लिए मरकजी मुस्लिम लीग नाम से एक नयी पार्टी चुनाव मैदान में उतरी है, जिसके बारे में माना जा रहा है कि यह 2008 के मुंबई हमले के मास्टरमाइंड हाफिज सईद की पार्टी है, जो प्रतिबंधों से बचने के लिए नए चोले में सामने आई है। मीडिया में आई खबरों में यह जानकारी दी गई है। बीबीसी उर्दू की एक खबर के मुताबिक, इस पार्टी द्वारा पाकिस्तान के विभिन्न शहरों से नामांकित कुछ उम्मीदवार ऐसे हैं जो या तो हाफिज सईद के रिश्तेदार हैं या अतीत में प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा, जमात-उद-दावा या मिल्ली मुस्लिम लीग से जुड़े रहे हैं।

लाहौर की एक जेल में बंद सईद को पाकिस्तान की आतंकवाद विरोधी अदालतों ने आतंकवाद के वित्तपोषण के कई मामलों में कुल 31 साल की सजा सुनाई है। उसे 10 दिसंबर 2008 को संयुक्त राष्ट्र ने 'वैश्विक आतंकवादियों की सूची में शामिल किया था। पाकिस्तान ने लश्कर-ए-तैयबा, जमात उद दावा और उसके सहयोगी दलों और संस्थानों को प्रतिबंधित संगठनों की सूची में डाला है। जेयूडी में खैर नास इंटरनेशनल ट्रस्ट, फलाह इंसानियत फाउंडेशन, अल-अनफाल ट्रस्ट, खमताब खालिक इंस्टीट्यूशन, अल-दावत अल-अरशद, अल-हमद ट्रस्ट, अल-मदीना फाउंडेशन और म्यू अज़् बिन जबल एजुकेशनल ट्रस्ट शामिल हैं।

पाकिस्तान में धार्मिक पार्टियों पर नजर रखने वाले विश्लेषकों के हवाले से शनिवार को प्रकाशित खबर में दावा किया गया कि मरकजी मुस्लिम लीग सईद के संगठन जेयूडी का 'नया राजनीतिक चेहरा है। हालांकि, पार्टी के एक प्रवक्ता ने सईद के संगठनों के साथ किसी भी तरह के संबंध से इनकार किया है।

खबर के मुताबिक, सईद का बेटा हाफिज तल्हा सईद मरकजी मुस्लिम लीग पार्टी की ओर से चुनाव लड़ रहा है और उसने नेशनल असेंबली के लिए लाहौर से निर्वाचन क्षेत्र संख्या एनए-122 से नामांकन दाखिल किया है। इसी निर्वाचन क्षेत्र से पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज के नेता और पूर्व संघीय मंत्री ख्वाजा साद रफीक चुनाव लड़ रहे हैं। इसी तरह सईद के दामाद हाफिज नेक गुज्जर मरकजी मुस्लिम लीग के टिकट पर ही प्रांतीय विधानसभा क्षेत्र पीपी-162 से चुनाव लड़ रहा है।

पूर्व में भी जमात-उद-दावा से जुड़े कुछ लोगों ने 'मिल्ली मुस्लिम लीग पार्टी की ओर से 2018 के चुनाव में हिस्सा लेने की कोशिश की थी, लेकिन पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने सरकार के विरोध के बाद संगठन पर प्रतिबंध लगा दिया और पंजीकरण के लिए उसके आवेदन को खारिज कर दिया। आवेदन ख़ारिज होने के बाद पार्टी के उम्मीदवारों ने 'अल्लाहु अकबर तहरीक नामक एक अज्ञात पार्टी से चुनाव लड़ा, लेकिन सभी हार गए। 'मिल्ली मुस्लिम लीग का नाम पाकिस्तान में प्रतिबंधित पार्टियों की सूची में शामिल नहीं था, लेकिन 2018 में अमेरिकी वित्त विभाग ने विदेश विभाग की मंजूरी से इस पार्टी को प्रतिबंधित घोषित कर दिया और इससे जुड़े सात लोगों को 'वैश्विक आतंकवादियों की सूची में डाला गया।

## हमास ने की यमन पर अमेरिकी-ब्रिटिश हवाई हमलों की निंदा

**गाजा, एजेंसी।** हमास ने यमन पर अमेरिकी-ब्रिटिश हवाई हमलों की निंदा की है और इसे क्षेत्र को और अधिक उथल-पुथल में ले जाने वाला कदम बताया। शिन्हुआ समाचार एजेंसी ने रविवार को हमास के हवाले से कहा, हम यमन गणराज्य पर अमेरिकी-ब्रिटिश हवाई हमलों की कड़ी निंदा करते हैं और इसे एक अरब देश की संप्रभुता पर हमला मानते हैं। हमास ने एक प्रेस बयान में कहा कि हवाई हमला क्षेत्र को और अधिक उथल-पुथल और अस्थिरता की ओर धकेल देगा और इसकी जिम्मेदारी वाशिंगटन और इज़राइल की होगी। पेंटागन ने कहा कि अमेरिकी और ब्रिटिश सेना ने यमन में हौथी-नियंत्रित क्षेत्रों में शनिवार को संयुक्त हमले शुरू किए। यमन के हौथी समूह ने रविवार सुबह कहा कि वह राजधानी सना सहित उत्तरी यमन में हौथी के नियंत्रण वाले छह प्रांतों पर हुए अमेरिकी-ब्रिटिश हवाई हमलों के खिलाफ जवाबी हमले करेगा। 7 अक्टूबर, 2023 को इजराइल-हमास संघर्ष शुरू होने के बाद से, हौथी ने लाल सागर और अदन की खाड़ी में वाणिज्यिक जहाजों और अमेरिकी नौसैनिक जहाजों के खिलाफ 40 से अधिक मिसाइल हमले किए हैं। हौथी ने कहा कि उनका उद्देश्य गाजा पर आक्रमण और घेराबंदी को समाप्त करने के लिए इज़राइल पर दबाव डालना है।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129